मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.0 | 25.8 |
| जमशेदपुर | 34.4 | 24.0 |
| डालटनगंज | 31.2 | 22.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in रांची, सोमवार 05 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 118 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## यूपीए ने बढ़ाई थी ताकत, अब एनडीए लगाएगा लगाम

# वक्फ एक्ट में होगा संशोधन!



**मोदी सरकार** ने कैबिनेट में वक्फ एक्ट के 40 संशोधनों को दी मंजूरी इसी हफ्ते संसद में आएगा बिल



**ओवैसी बोले-** यह देश में धर्म की आजादी पर होगा बड़ा प्रहार, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- पहले हितधारकों से बात करे सरकार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार वक्फ अधिनियम में संशोधन करने की तैयार में है. सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को कैबिनेट ने वक्फ एक्ट में कुल 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी. विधेयक में वक्फ अधिनियम की धारा 9 और धारा 14 में संशोधन का भी प्रस्ताव है. बोर्ड की संरचना में परिवर्तन का भी प्रस्ताव है. निकायों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का प्रस्ताव है. इन संशोधनों के पारित होने के बाद वक्फ बोर्ड की शक्तियां सीमित हो जाएंगी. सूत्रों के अनुसार, इन संशोधनों का उद्देश्य किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' के रूप में नामित करने के वक्फ बोर्ड के अधिकार को प्रतिबंधित करना है.

सूत्रों ने कहा, प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किए गए सभी दावों को अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा. वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों के लिए एक अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया प्रस्तावित है. सूत्रों के मुताबिक, इन संशोधनों का बिल अगले हफ्ते संसद में पेश किए जाने की संभावना है. वक्फ बोर्ड लगभग 940,000 एकड़ में फैली लगभग 870,000 संपत्तियों की देखरेख करता है. साल 2013 में, यूपीए सरकार ने मूल वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन के माध्यम से वक्फ बोर्ड के अधिकार को मजबूत किया था.

यह अधिनियम औकाफ को रेगुलेट करने के लिए स्थापित किया गया था. एक वकीफ द्वारा दान की गई और वक्फ के रूप में नामित संपत्ति को औकाफ कहते हैं. वकीफ उस व्यक्ति को कहते हैं, जो मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए संपत्ति समर्पित करता है. प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करके समावेशिता को बढ़ाना है.

बता दें कि वक्फ बोर्ड की पावर को 1995 में नरसिम्हा राव की सरकार में बढ़ाया गया था. उस दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने इस अधिनियम में कई बदलाव किए थे. सबसे पहली बार वक्फ बोर्ड अधिनियम 1954 में संसद से पारित किया गया. इसके बाद 1995 में इसके अंदर बदलाव किए गए. 2013 में इसमें फिर संशोधन किए गए, जिसके बाद वक्फ को असीमित शक्ति और पूर्ण स्वायत्तता मिल गई.



### प्रस्तावित बिल को देखने के बाद बोलेंगे: जदयू

केंद्र सरकार के वक्फ एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव पर राजनीतिक पार्टियों की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है. जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि वक्फ एक्ट में संशोधन के लिए प्रस्तावित बिल का प्रारूप क्या है ये देखना होगा. बिहार में नीतीश कुमार ने वक्फ की संपत्ति के मैनेजमेंट के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं. वक्फ की संपत्ति पर छात्रावास, शॉपिंग मॉल से लेकर यतीमखाना तक बनवाया गया है. हमें उम्मीद है बिहार के वक्फ मॉडल पर केंद्र सरकार काम करेगी. वहीं राजद प्रवक्ता मृतुंजय तिवारी ने कहा कि सरकार की निगाह कहीं और है, निशाना कहीं और. किसी धर्म विशेष को टारगेट करना, विवादित मुद्दों को उठाना, असली मुद्दों पर चर्चा न हो इसलिए केंद्र की मौजूदा सरकार ये तरीके अपनाती है. जदयू और टीडीपी बीजेपी के सहयोगी दल हैं. चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार को बताना चाहिए की ये क्या हो रहा है. देश अपने नियम और कानून से चलेगा, विपक्ष मजबूत है.

### वक्फ संपत्तियों को छीनने की मंशा: ओवैसी

हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, वक्फ एक्ट में ये संशोधन वक्फ संपत्तियों को छीनने के इरादे से किया जा रहा है. यह संविधान में दिए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रहार है. आरएसएस की शुरू से ही वक्फ संपत्तियों को छीनने की मंशा रही है. ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, हमारे पूर्वजों ने अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा दान कर दिया और उन्होंने इसे इस्लामी कानून के तहत वक्फ का बना दिया. इसलिए जहां तक वक्फ कानून का सवाल है, यह जरूरी है कि संपत्ति का उपयोग केवल उन धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए जिनके लिए इसे हमारे पूर्वजों ने दान किया था. उन्होंने कहा, यह कानून है कि एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ बन जाती है, तो उसे न तो बेचा जा सकता है और न ही हस्तांतरित किया जा सकता है. जहां तक संपत्तियों के प्रबंधन का सवाल है, हमारे पास पहले से ही वक्फ अधिनियम 1995 है और फिर 2013 में कुछ संशोधन किए गए थे और वर्तमान में, हमें नहीं लगता कि इस वक्फ अधिनियम में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है. यदि सरकार को लगता है कि संशोधन की कोई जरूरत है, तो पहले हितधारकों से सलाह-मशविरा करना चाहिए और उनकी राय लेनी चाहिए. सभी को यह ध्यान रखना चाहिए कि वक्फ संपत्तियों का लगभग 60% से 70% हिस्सा मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों के रूप में है.

### वक्फ बोर्ड क्या है

वक्फ का मतलब होता है ''अल्लाह के नाम'', यानी ऐसी जमीनें जो किसी व्यक्ति या संस्था के नाम नहीं है. वक्फ बोर्ड का एक सर्वेयर होता है. वही तय करता है कि कौन-सी संपत्ति वक्फ की है, कौन-सी नहीं. इस निर्धारण के तीन आधार होते हैं- अगर किसी ने अपनी संपत्ति वक्फ के नाम कर दी, अगर कोई मुसलमान या मुस्लिम संस्था जमीन की लंबे समय से इस्तेमाल कर रहा है या फिर सर्वे में जमीन का वक्फ की संपत्ति होना साबित हुआ. वक्फ बोर्ड मुस्लिम समाज की जमीनों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया था. जिससे इन जमीनों के बेजा इस्तेमाल को रोकने और गैरकानूनी तरीकों से बेचने पर रोक के लिए बनाया गया था. 1954 में जवाहरलाल नेहरू सरकार ने वक्फ अधिनियम पारित किया था. सरकार ने 1964 में केंद्रीय वक्फ परिषद की स्थापना की. 1995 में, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में वक्फ बोर्ड के गठन की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन किया गया.

### देश में एक सेंट्रल और 32 स्टेट वक्फ बोर्ड हैं

देश में एक सेंट्रल वक्फ बोर्ड और 32 स्टेट बोर्ड हैं. केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सेंट्रल वक्फ बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है. अब तक की सरकारों में वक्फ बोर्ड को अनुदान दिया जाता रहा है. मोदी सरकार में भी वक्फ को लेकर उदारता दिखाई गई. सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नियम बनाया कि अगर वक्फ की जमीन पर स्कूल, अस्पताल आदि बनते हैं, तो पूरा खर्च सरकार का होगा. यह तब हुआ जब मुख्तार अब्बास नकवी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री थे. बिहार जैसे राज्यों में अलग-अलग शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड हैं. वक्फ बोर्ड के पास करीब 8.7 लाख संपत्तियां हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल करीब 9.4 लाख एकड़ है.

## ...10 के साथ खेला भारत ब्रिटेन को हरा कर सेमीफाइनल में

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलिंपिक में रविवार को भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच रोमांचक टक्कर देखने को मिली. भारत ने पुरुष हॉकी के पहले क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है. भारत ने ओलंपिक में लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में एंट्री ली है. फुलटाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद नतीजा पेनल्टी शूटआउट में निकला. भारत ने शूटआउट 4-2 से अपने नाम किया. अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश एक बार फिर दीवार बने. उन्होंने शूटआउट में इंग्लैंड के दो गोल बचाए. कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल किए. वहीं, ब्रिटेन के लिए जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ने गोल दागे.

**दोनों टीमों में कांटे की टक्कर:** पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ. हालांकि, 17वें मिनट में भारत को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब अमित रोहित दास को रेड कार्ड थमाया गया. उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा और भारत को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा. कप्तान हरमनप्रीत ने मुकाबले में भारत का खाता खोला. भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला. यह हरमनप्रीत का पेरिस ओलंपिक में सातवां गोल था. हालांकि, ब्रिगेन ने कुछ देर बाद ही बराबरी हासिल कर ली. ली मॉर्टन ने 27वें मिनट गोल किया और दूसरा कार्टर समाप्त होने तक स्कोर 1-1 रहा. -पेज 10 भी देखें

### भारतीय टीम ने दोहराया ये इतिहास

भारत की पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक के इतिहास को दोहराया है. भारत ने 2021 में टोक्यो में क्वार्टर फाइनल में भी ब्रिटेन को हरा कर सेमीफाइनल में एंट्री की थी. भारत ने तब ब्रिटेन को 3-1 से शिकस्त दी थी, लेकिन सेमीफाइनल में उसे बेल्जियम के हाथों हार झेलनी पड़ी थी. हालांकि, भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में जर्मनी को मात देकर 41 साल के सूखे को समाप्त किया था. भारत अब पेरिस में अपने मेडल का कलर बदलने की कोशिश करेगा.

### यह दिन भारत का था : श्रीजेश

ब्रिटेन के कई गोल बचाने वाले अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश ने जीत के बाद कहा, मेरा का यह रोज का काम है. कई बार अलग हालात होते हैं, लेकिन आज हमारा दिन था. शूटआउट में हमारे सभी निशाने सटीक लगे. हमारे खिलाड़ियों ने गोल किये और मेरा आत्मविश्वास बढा. जब मैं मैदान पर आया, तो मेरे सामने दो ही विकल्प थे. यह मेरा आखिरी मैच होता या मुझे दो मैच और खेलने का मौका मिलता. आखिरकार अब मुझे दो मैच और मिलेंगे. सेमीफाइनल में सामने कोई भी हो, हम अपना स्वाभाविक खेल दिखाएंगे. यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आज एक खिलाड़ी के बिना खेले.

## सरयू राय जदयू में शामिल

**कहा-**नीतीश जी के साथ उनका कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है

**विशेष संवाददाता। रांची**




**मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी:** दिल्ली में थामा जदयू का दामन.

पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में मंत्री रहे जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय जनता दल (यू) में शामिल हो गए हैं. रविवार को दिल्ली में एक संक्षिप्त मिलन समारोह में उन्होंने पार्टी का दामन थामा. जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें अपने दिल्ली स्थित आवास पर सदस्यता दिलाई. इसकी जानकारी खुद सरयू राय ने अपने एक्स हैंडल के जरिए दी है.

उन्होंने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है. इधर जदयू ने कहा है कि मुझे विश्वास है सरयू राय जी के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी. इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विधान पार्षद संजय गांधी, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार आदि मौजूद थे. इधर पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राय को प्रदेश जदयू की कमान मिल सकती है. फिलहाल राज्यसभा सांसद खीरू महतो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं.

बता दें कुछ दिनों पहले ही शुभम संदेश ने खबर छाप संभावना व्यक्त की थी कि सरयू राय जल्द ही जदयू में शामिल होंगे. शुभम संदेश की खबर सही निकली. उस दौरान सरयू राय ने भी में सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि पटना मुख्यमंत्री निवास में नीतीश कुमार के साथ भेंट हुई. झारखंड विधानसभा के आगामी चुनाव में हमारी संभावित भूमिका के बारे में संक्षिप्त परंतु फलदायक चर्चा हुई. -शेष पेज 07 पर

### सर्राफा


| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,900 |
| चांदी (किलो) | 87,000 |

### ब्रीफ खबरें

**एमपी में दीवार ढही नौ बच्चों की मौत**

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के एक गांव में रविवार सुबह एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से पास में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. -पेज 12 भी देखें

**शशि थरूर ने बताई 'यादगार' की परिभाषा**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने उन लोगों पर पलटवार करने के लिए ''यादगार'' (मेमोरेबल) शब्द की परिभाषा सामने रखी है, जिन्होंने वायनाड भूस्खलन राहत कार्यों में भाग लेने के बारे में उनकी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए उनकी आलोचना की थी.

**रेपो रेट 6.5% यथावत रखेगा रिजर्व बैंक**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है. विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि देश का केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है.

## ममता ने की हेमंत से बात, किया आग्रह

**कहा-**अचानक तेनुघाट से ज्यादा पानी छोड़े जाने से बंगाल में बने बाढ़ के हालात

**विशेष संवाददाता। रांची**



बंगाल में आई बाढ़ को लेकर राजनीति शुरू हो गयी है. इस मामले को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फोन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि अभी मैंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की. मैंने उनसे तेनुघाट से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मामले पर चर्चा की. जिससे बंगाल में बाढ़ आ गई है. मैंने उनसे कहा कि झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा है और यह मानव निर्मित है. मैंने उनसे अनुरोध किया कि कृपया इसका ध्यान रखें. ममता बनर्जी ने कहा कि स्थिति पर नज़र रख रही हूं और मैंने दक्षिण बंगाल के साथ-साथ उत्तर बंगाल के सभी संबंधित डीएम से बात की है. मैंने डीएम से अगले 3-4 दिनों में विशेष रूप से सतर्क रहने और आपदा की स्थिति का उचित ध्यान रखने को कहा है. मैंने उनसे सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो. -शेष पेज 7 पर

### डीवीसी ने कहा : अभी तक बाढ़ का खतरा नहीं



झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जलविद्युत परियोजनाओं का संचालन करने वाली डीवीसी ने कहा कि बारिश कम होने के कारण जल-प्रवाह में कमी आने की उम्मीद है. डीवीसी ने यह भी कहा कि उसे अभी तक बाढ़ का कोई बड़ा खतरा नहीं दिख रहा है.

## बांग्लादेश: भड़की हिंसा, खूनी झड़प में 75 मरे

राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का ऐलान, हसीना समर्थकों और विरोधियों की भिड़ंत में सैकड़ों घायल

**एजेंसी। ढाका**



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक बार फिर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं. प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों और सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच रविवार को खूनी झड़प में कम सेकम 75 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं.

बताया जा रहा है कि पीएम शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को ले प्रदर्शनकारी असहयोग आंदोलन में भाग लेने पहुंचेथे, जहां अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया और फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई. कुछ ही देर में बवाल इतना बढ़ गया कि आक्रोशित लोगों ने सड़क पर वाहनों में आग लगा दी.

सरकार ने एक बार फिर राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का ऐलान किया है. उधर, भारत ने बांग्लादेश में रह रहे अपने नागरिकों को अलर्ट पर रहने को कहा है. एडवाइजरी के साथ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है. महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहा बांग्लादेश अभी तक उबरा नहीं है. देश के प्रमुख बंगाली भाषा के दैनिक प्रोथोम अलो ने कहा कि रविवार की हिंसा में कम से कम 49 लोग मारे गए हैं. वहीं, चैनल 24 ने कम से कम 50 मौतों की सूचना दी है. रिपोर्ट में हालांकि, मृतकों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है. प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा, बांग्लादेश के 13 जिलों में झड़पें हुई है. -शेष पेज 07 पर

**यूएन की रिपोर्ट** दुनिया के हर चौथे स्कूल ने स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

## कागज की जगह स्क्रीन ने ली, पेन की जगह कीबोर्ड

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा शिक्षा में प्रौद्योगिकी पर रिपोर्ट प्रकाशित की गई है. इस रिपोर्ट में बताया गया कि मूल्यांकन डाटा से यह जानकारी मिली कि जिन छात्रों के पास मोबाइल डिवाइस हैं, उनकी सीखने की क्षमता, उनके ध्यान लगाने की शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है. संयुक्त राष्ट्र की शिक्षा टीम के विशेषज्ञ ने दावा किया कि शिक्षा में प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान देने से बहुत अधिक लागत आती है. उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि स्मार्टफोन सहित प्रौद्योगिकी का उपयोग कक्षाओं में केवल तभी होना चाहिए, जब इससे कुछ सीखा जाए. मोबाइल फोन इस्तेमाल के वैसे तो कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं. कई मीडिया रिपोर्ट्स से लेकर कई सारे शोध इस पर किए जा चुके हैं. बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इससे नकारात्मक प्रभाव से खुद को नहीं बचा पा रहे हैं. हालांकि मोबाइल फोन इस्तेमाल के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं. हाल ही में एक संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट जारी की है. इसके अनुसार नकारात्मक प्रभाव के कारण विश्व के 4 में से 1 स्कूल ने मोबाइल फोन को प्रतिबंधित कर दिया है. उनका कहना है कि कुछ शोध से यह बात सामने आई है कि जिन छात्रों के पास मोबाइल फोन थे, इनके सीखने और ध्यान लगाने की क्षमता कमजोर थी.

### कोरोना काल में शुरू हुई ऑनलाइन पढ़ाई

**संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में** दावा किया गया कोराना काल में स्मार्ट फोन का इस्तेमाल काफी बढ़ा था. कोविड-19 को एक प्राकृतिक प्रयोग के रूप में देखा जा सकता है, जहां रातों-रात पूरी शिक्षा प्रणाली में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई. कई कक्षाओं में, कागज की जगह स्क्रीन ने ले ली है और पेन की जगह कीबोर्ड ने. रिपोर्ट में बताया गया कि डिजिटल तकनीक को अपनाने से शिक्षा और सीखने में कई बदलाव हुए हैं. कम से कम अमीर देशों में, स्कूल में युवाओं से जो बुनियादी कौशल सीखने की अपेक्षा की जाती है, उसका विस्तार हुआ है और डिजिटल दुनिया में



- संयुक्त राष्ट्र ने सभी स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगाने का किया आग्रह

नेविगेट करने के लिए कई नए कौशल शामिल किए गए हैं. अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन डेटा, जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीआईएसए) ने बताया कि अत्यधिक आईसीटी (सूचना संचार प्रौद्योगिकी) के उपयोग से छात्र के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है. 14 देशों में मोबाइल डिवाइस के पास होने से छात्रों का ध्यान भटकता है और सीखने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, फिर भी चार में से एक देश ने स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है. यूनेस्को ने बताया है कि छात्रों के मध्यम सीमा से अधिक डिवाइस का उपयोग अकादमिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. स्मार्टफोन और कंप्यूटर का उपयोग कक्षा और घर पर सीखने की गतिविधि को बाधित करता है. -शेष पेज 07 पर

## कोटे में कोटा के फैसले का विरोध करेगी बसपा: मायावती

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

- **क्या कहा-**केंद्र संसद में बदल दे कोर्ट का फैसला
- आरक्षण में वर्गीकरण का मतलब आरक्षण की समाप्ति

सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा, इससे से हमारी पार्टी सहमत नहीं. इस फैसले से राज्य-केंद्र में मतभेद होगा. बसपा सुप्रीमो ने कहा, एससी/एसटी में वर्गीकरण नहीं किया जा सकता. आरक्षण में किसी प्रकार का वर्गीकरण उचित नहीं है. आरक्षण में वर्गीकरण का मतलब आरक्षण को समाप्त करके उसे सामान्य वर्ग को देने जैसा होगा. बसपा शीर्ष कोर्ट के फैसले से सहमत नहीं है और हम आरक्षण में किसी तरह के वर्गीकरण के खिलाफ हैं.

उन्होंने कहा, एससी/एसटी कोटा सामान्य वर्ग को जा सकता है, केंद्र-राज्य में मतभेद बढ़ेंगे. कोर्ट ने 2004 के अपने ही फैसले को पलट दिया है, सरकारें मनचाही जातियों को आरक्षण देने का काम करेंगी, इससे असंतोष की भावना उत्पन्न होगी. उन्होंने कहा, कोर्ट ने जो निर्णय दिया है, उसको केंद्र सरकार को संसद से बदल देना चाहिए. अगर नहीं बदलते, तो हमें यह मानना चाहिए की भाजपा और कांग्रेस एक ही जैसी पार्टियां हैं.

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले एसटी-एससी आरक्षण के बंटवारे को लेकर फैसला सुनाया है. कोर्ट ने माना कि एससी/एसटी कोटे के अंदर किसी एक या कुछ जातियों को अलग से आरक्षण दिया जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 6:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है.

# ट्राइबल मुख्यमंत्री रहते हुए भी आदिवासी सुरक्षित नहीं : अमित मुंडा


राजधानी में एकजुटता का प्रदर्शन करते आदिवासी सगठनों के लोग.

संवाददाता। रांची

झारखंड के कुछ हिस्सों को तोड़कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने का बयान देने के विरोध में आदिवासी युवाओं ने पांच अगस्त को अल्बर्ट एक्का के सामने सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है. रविवार को मोरहाबादी के ट्राइका रेस्टोरेंट में विभिन्न आदिवासी संगठन के युवा एकजुट हुए. नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा. इस अवसर पर हजारों बाइक रैली भी निकाली जाएगी. इसकी तैयारी को लेकर

### ▪ आदिवासी युवाओं में आक्रोश, सांसद का पुतला दहन आज

आदिवासी युवाओं ने रविवार को मीडिया को संबोधित किया. इस अवसर पर आदिवासी युवाओं ने कहा कि झारखंड को तोड़ने वाले का विरोध होगा. अब आदिवासी युवा पढ़-लिख रहा है. अपना हक अधिकार लड़कर लेना सीख गया है. हर क्षेत्र में आदिवासी समाज नेतृत्व कर रहा है. आदिवासी युवा शशि पन्ना ने कहा कि झारखंड वीर शहीदों के खून बलिदान से बना है. यहां हजारों आदिवासी झारखंड आंदोलन के लिए अपना बलिदान दिये हैं. झारखंड में डेमोक्रेसी का मामला बढ़ा है. सीएम भी आदिवासी हैं. इसके बावजूद आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है. शासन प्रशासन आदिवासियों का हक अधिकार की बात नहीं सुन रहे हैं. वीर स्मारक बिरसा मुंडा समिति के अध्यक्ष अमित मुंडा ने कहा कि सीएम आदिवासियों की बात को सुनें. आज इनपर चौतरफा हमला हो रहा है. इनकी पहचान खतरे में है. आदिवासी सीएम रहते आदिवासी सुरक्षित नही हैं.

### ▪ नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा

बिरसा विकास जन कल्याण समिति अनिल उरांव ने कहा कि झारखंड में आदिवासी सुरक्षित नही हैं. दिनदहाड़े आदिवासी अफसरऔर नेताओ को गोली से मारा जा रहा है.यहां का शासन प्रशासन सुस्त हो गया है.राज्य मे अपराधियो का राज्य चल रहा है. जमीन कारोबारियों का मनोबल बढ़ गया है. जिला परिषद सद्स्य विपिन टोप्पो ने कहा कि नौ अगस्त को पिछले साल की भांति इस साल भी बाइक रैली बड़े स्तर पर निकाली जाएगी. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. लोगों को बाइक रैली मे शामिल होने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है. रैली जिस रूट पर जाएगी, जहां भी वीर शहीदों की प्रतिमा स्थापित रहेगी. वहां माल्यार्पण करते हुए रैली आगे बढ़ती जाएगी. मौके पर रवि कुमार, योगेश भगत, अनिल उरांव, बिनोद कच्छप, आकाश बाड़ा, संदीप उरांव, गोविंद टोप्पो, विक्की करमाली, अमरनाथ लकड़ा, अजित लकड़ा, प्रतीक कच्छप समेत अन्य शामिल थे.

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में लिया गया निर्णय

# एससी हॉस्टल के छात्रों को भाजपा से जोड़ने का काम करें : भोला सिंह

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्य योजना झारखंड के सभी अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर छात्रों से मुलाकात कर उनकी सूची बनाने, प्रदेश के सभी सामान्य छात्रावास में भी एससी छात्रावास में जाकर सभी विधानसभा क्षेत्र के छात्रों से जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए भाजपा के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही प्रदेश के सभी बस्ती में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों से उनकी बातें सुनकर व उनकी समस्याओं से रूबरू होने के का निर्देश दिया गया है. सिंह रविवार को भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में बोल रहे थे.

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने, मां के नाम से पेड़ लगाना, प्रदेश के सभी छात्रावास व कॉलेज में जाकर वृक्षारोपण करना, सभी प्रदेश पदाधिकारी को जिले में जाकर कर टोली बनाने को कहा. उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करना और लोगों से मुलाकात करें. इसके अलावा 15 अगस्त को


भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में शामिल प्रतिनिधिगण.

### हिंदु के बहुसंख्यक रहने पर ही बचेगा संविधान : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने कहा कि प्रदेश के वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की नाकामयाबियों को उजागर करना है और उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दलितों के बारे में कोई सोच नहीं रखती है. उन्होंने कहा कि बाबा साहब का आरक्षण और संविधान तभी बचेगा जब हिंदू बहुसंख्यक रहेंगे. उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने जो वायदे किए थे. उसमें से एक भी वादा हेमंत सोरेन सरकार ने पूरा नहीं किया है. उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति का एक बड़ा आंदोलन मुद्दे के आधार पर तैयार करना है ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के साथ-साथ सभी समाज और वर्ग के लोग मिलकर इस नाकामयाब हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे.

### सभी मंडलों और बूथों तक पार्टी का नीति-सिद्धांत पहुंचाए : किशुन दास

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी प्रदेश के पदाधिकारियों को सभी जिलों में जाकर जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों से मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में संगठन को सशक्त और मजबूत बनाया जा सकेगा.

आयोजित कार्यक्रम में सभी स्कूलों एवं कॉलेज में प्रदेश पदाधिकारी की सहभागिता का भी निर्देश दिया गया. उन्होंने प्रदेश पदाधिकारी से कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों को तैयार करना है और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी और संगठन को सशक्त बनाना है.

# भाजपा की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

विशेष संवाददाता। रांची


रांची में रविवार को विभिन्न संगठनों ने भाजपा की नीतियों के विरुद्ध पैदल मार्च किया.

विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा के हाल के सांप्रदायिक व विभाजनकारी राजनीति के विरुद्ध विरोध जताया. डंगराटोली से अल्बर्ट एक्का तक पैदल चले और इस दौरान डंगराटोली चौक, मिशन चौक और अल्बर्ट एक्का चौक पर शांतिपूर्ण प्रदार्शन किया. सभी ने एक स्वर में बोला कि झारखंडी समाज भाजपा के विभाजनकारी और सांप्रदायिक राजनीति के विरुद्ध है.

**हाल के दिनों में भाजपा नेताओं के बयान नफरत फैलाने वाला :** इस दौरान कहा गया कि हाल में भाजपा व उसके प्रमुख नेता लगातार बयान दे रहे हैं कि झारखंड में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठी आ रहे हैं. आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है. आदिवासी लड़कियों से शादी कर रहे हैं, ज़मीन हथिया रहे हैं, लव जिहाद, लैंड जिहाद कर रहे हैं आदि. ऐसे भाषण देकर वे लगातार आदिवासियों व अन्य समुदायों में मुसलमानों के विरुद्ध नफ़रत फ़ैलाने और विधान सभा चुनाव से पहले धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं. भाजपा नेताओं द्वारा गलत आंकड़ों व झूठ के आधार पर सांप्रदायिक राजनीति की जा रही है. उनके द्वारा कहा जा रहा है कि 2000 के बाद संथाल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या 10-16 प्रतिशत कम हुई है क्योंकि बांग्लादेशी घुसपैठियों (मुसलमानों) की आबादी बढ़ी है. यह तथ्य से परे है.

**गैर आदिवासियों के जमीन लूटने के कारण घट रही आदिवासियों की संख्या :** भाजपा के नेता द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठी (मुसलमान) आदिवासियों की ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं. तथ्य यह है कि कई दशकों से आसपास के राज्यों के विभिन्न धर्मों के गैर-आदिवासी झारखंड के आदिवासी ज़मीन पर, खास करके शहरों में, बसे हैं. सीएनटी-एसपीटी कानूनों का खुला उल्लंघन कर आदिवासियों के ज़मीन को लूटा गया है. प्रदर्शन में लोकतंत्र बचाओ अभियान, भारत जोड़ो अभिया-राजमहल, साझा कदम, यूनाइटेड मिली फोरम समेत कई संगठन भाग लिए. प्रदर्शन में अफ़ज़ल एनीस, अंकिता अग्रवाल, एलिना होरो, ज़ाहिद, मंथन, मोहम्मद तलहा नदवी, नंदिता, प्रियशीला, पंकज पुष्कर झा, प्रवीर पीटर, रोज़ कच्छप, स्मृति नाग, शाहिद कमल, सिराज दत्ता, तनवीर, टॉम काव आदि शामिल हुए.

### मोदी सरकार के पास घुसपैठिया से संबंधित कोई आंकड़ा नहीं

कहा गया कि एक तरफ़ भाजपा के नेता बांग्लादेशी घुसपैठियों का राग जाप रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार लगातार संसद में बयान देते आ रही है कि उनके पास बांग्लादेशी घुसपैठिये की संख्या संबंधित कोई आंकड़े नहीं हैं. साथ ही, मोदी व रघुवर दास सरकार ने अडानी पावरप्लांट परियोजना के लिए आदिवासियों की ज़मीन का जबरन अधिग्रहण किया था . झारखंड को घाटे में रखकर अडानी को फाएदा पहुचानेके लिए राज्य की ऊर्जा नीति को बदला और संथाल परगना को अंधेरे में रखकर बांग्लादेश को बिजली भेजी.

# यादद्दाश्त ठीक करें गिरिनाथ सिंह : झामुमो

संवाददाता। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय और रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झामुमो को जाता है. तत्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोड़ा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी. नेताओं ने पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को याददाश्त ठीक करने की सलाह दी है. उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि चार अक्टूबर, 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन द्वारा कर कमलों से रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है. उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है. कहा, इस तरह के बयानों से अनुभवी नेताओं को बचना चाहिए. आदिम समाज बहुल्य भंडरिया, चिनियां, रमकंडा, बरगड के लोगों की सुविधा के लिए झामुमो ने 1998 से इसकी मांग शुरू कर दी है. अनुमंडल की मांग काफी पुरानी थी. इसकी मांग झामुमो नेता सुबोध कुमार और मो जुबैर ने गुरुजी शिबू सोरेन के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी. बिहार मुख्यमंत्री सचिवालय में वो पत्र आज भी सुरक्षित है. ऐसे में एक विधायक रहे नेता का यह कहना कि रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड हमने बनाया, यह कहना उचित नहीं है.

### रांची पुलिस लाइन में वर्कशॉप का आयोजन

# त्वरित कार्रवाई और वर्दी पहनने की दी जानकारी


वर्कशॉप में शामिल पुलिसकर्मी.

संवाददाता। रांची

रांची पुलिस लाइन में रविवार को पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया. इस वर्कशॉप में पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों को किसी घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने और सही तरीके से वर्दी पहनने को लेकर जानकारी दी गयी. इसके अलावा पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग के पदाधिकारी, सिपाही और चालक को 112 के कॉल में रिस्पॉन्स टाइम को कम करने, टैब को सही तरीके से चलाने और पेट्रोलिंग करने को लेकर ब्रिंफिंग किया गया. इस दौरान सभी पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

### केंद्रीय कोयला मंत्रालय के निर्देश पर गठित हुए हैं अंशकालिक न्यायाधिकरण

# 'झारखंड में शीघ्र क्रियाशील होंगे सात अंशकालिक न्यायाधिकरण'

विशेष संवाददाता। रांची



गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि झारखंड में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी ) बहुत जल्द ही कार्यशील होंगे. उन्होंने कहा कि इसको लेकर हम झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से लगातार संपर्क कर रहे हैं और शीघ्र कार्यवाही को लेकर गत 19 जून 2024 को एक अनुस्मारक भी भेजा गया है. साथ ही कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव के द्वारा भी एक अर्द्धशासकीय पत्र 25 जुलाई 2024 को झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को भेजा गया है. उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय द्वारा झारखंड राज्य में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी) का गठन किया गया है. झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार के द्वारा 15 मार्च 2024 को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को इन अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी) में पदेन पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया है. गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी) बहुत जल्द कार्यशील हो.

### प्रक्रिया | आठ करोड़ की लागत से 20 जिलों में कोल्ड स्टोर का निर्माण कराया गया था

# सात कोल्ड स्टोरेज के लिए निकलेगा टेंडर

ब्यूरो। रांची

करोड़ की लागत से तैयार किए गए कोल्ड स्टोरेज का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है. झारखंड में पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले राज्य के 20 जिलों में आठ-आठ करोड़ की लागत से कोल्ड स्टोर का निर्माण किया गया था. इनमें छह जिलों के सात कोल्ड स्टोरेज का संचालन के लिए कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग निविदा जारी करेगा. वहीं अन्य पांच जिला में कोल्ड स्टोरेज संचालन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है, लेकिन उसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है. जिन जिलों में संचालन के लिए हजारीबाग, पाकुड़, रांची, कोडरमा और गिरिडीह और चतरा जिले के एक-एक कोल्ड स्टोर शामिल हैं.


**जहां एजेंसी चुन ली गयी, वहां भी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ :** कोल्ड स्टोर के संचालन के लिए सहकारिता विभाग जहां एजेंसी का चयन कर चुका है, उनमें हजारीबाग, पाकुड, रांची, कोडरमा, गिरिडीह और चतरा जिले शामिल हैं. संचालन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया है, लेकिन इसको बनाने वाले ठेकेदार काम पूरा कर हैंडओवर नहीं किया गया है. या फिर यह कह सकते हैं कि इन कोल्ड स्टोरेज निर्माण का कार्य पूरा नहीं होना है. कहीं बिजली की व्यवस्था नहीं की गयी है, कहीं जले हुए ट्रांसफॉर्मर लगा दिये गये हैं. इन परेशानियों के कारण करोड़ों की लागत से बन कर तैयार कोल्ड स्टोरेज का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है. एक कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए करीब 8 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. तत्कालीन कृषि मंत्री बादल के कार्यकाल में 20 जिलों में सरकारी कोल्ड स्टोरेज के चालू करने की पहल की गयी थी. तीन जिलों में निविदा की प्रकिया पूरी कर ली गई है. 11 जिलों के लिए टेंडर आमंत्रित किया गया था. वहीं 2023 में चार जिले में कोल्ड स्टोरेज निर्माण शुरू किया गया था.


### फिर से निकलेगी निविदा

दुमका में दो, पलामू, लातेहार, पश्चिम सिंहभूम और रामगढ़ में बने एक-एक कोल्ड स्टोर का संचालन के लिए एजेंसी का चयन किया जाना है. इसके लिए सहकारिता विभाग अगले कुछ दिनों में टेंडर जारी करने वाली है. इन सात कोल्ड स्टोरेज को संचालन के लिए विभाग ने चार से पांच बार टेंडर जारी कर चुका है, लेकिन किसी एजेंसी ने इसमें रुचि नहीं ली. इसके कारण आठ-आठ करोड़ के लागत से बनकर तैयार कोल्ड स्टोर बेकार पड़े हैं. इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है.

## क्लासिफाइड

























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, सोमवार 05 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 118 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबर

### डिमना लेक से अज्ञात युवक का शव बरामद

**जमशेदपुर।** बोड़ाम थाना की पुलिस ने रविवार दोपहर स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर भादुडीह चेक नाका के पास स्थित डिमना लेक से लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है. शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है. किसी ने भी शव को पहचानने से इनकार कर दिया. थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि पुलिस आसपास के थाना से गुमशुदगी के बारे में भी पता लगा रही है.

### स्व. दिनेश चौधरी की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व उपाध्यक्ष (वित्त एवं कराधान) स्व. दिनेश चौधरी की चौथी पुण्यतिथि पर 5 अगस्त को चैम्बर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर का उद्घाटन धालभूम एसडीओ पारूल सिंह एवं टाटानगर रेलवे स्टेशन के एआरएम अभिषेक सिंघल संयुक्त रूप से करेंगे. स्व. दिनेश चौधरी के परिवार के सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगे.

### चुनाव के बाद संदीप बने मुखी समाज के मुखिया

**जमशेदपुर।** 10 नंबर हरिजन बस्ती टिनप्लेट में मुखी समाज के मुखिया का चुनाव रविवार को कराया गया. कुल पांच प्रत्याशी खड़े हुए थे. जिसमें सर्वाधिक 235 वोट पाकर संदीप मुखी मुखिया निर्वाचित हुए. जोलेश मुखी को 194 मत, त्रिनाद मुखी 170 वोट, गणेश मुखी 67 वोट तथा पूर्व मुखिया नारायण मुखी को मात्र 14 वोट ही मिला. जीतने के बाद संदीप मुखी ने विजय जुलूस निकाला.

### प्रजापति समाज ने विधायक मंगल का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** कुम्हार समाज के उत्थान एवं अन्य स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रजापति विकास संघ की एक सभा सोपोडेरा में आयोजित की गई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए. इस दौरान समाज के लोगों ने उनके समक्ष समाज का भवन समेत अन्य मांगों को रखा. विधायक ने हर संभव सहयोग का वादा किया तथा संघ के समाजिक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की.

### यंग इंडियंस की ओर से नशे पर परिचर्चा कल

**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस (वाईआई) जमशेदपुर, मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के सहयोग से तंबाकू, शराब और नशीली दवाओं के खतरनाक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एडिक्शनः ए डायलॉग विद युवा नामक एक पैनल चर्चा का आयोजन कर रहा है. यह परिचर्चा 6 अगस्त को कुडी महंती सभागार कदमा में शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच होगा.

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का विस्तार

**जादूगोड़ा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी का विस्तार किया गया. नई कमिटी में अध्यक्ष किशोरी हांसदा और उपाध्यक्ष विमल महतो (जादूगोड़ा) बनाए गए हैं. इसके अलावे वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, महासचिव दिनेश महतो, सचिव शंकर भकत बनाए गए हैं. विमल महतो ने कहा कि सहमति के बाद रविवार को केंद्रीय चयन समिति ने नामों की घोषणा कर दी.

### योजना की धीमी गति पर भाजपा नेता ने जताई चिंता

**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड में केंद्र सरकार की हर घर नल जल योजना की धीमी गति पर भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार व होपना महाली ने नाराजगी जताई है . उन्होंने इससे सांसद विद्युत महतो को अवगत करते हुए संवेदक से कार्य में गति लाने की मांग की है. निरीक्षण के दौरान कई जगह उक्त योजना कार्य बंद पड़ा हुआ पाया गया. योजना वर्ष 2019 में स्वीकृत हुई थी. पांच वर्ष हो गए लेकिन शुद्ध पेयजल आपूर्ति का सपना पूरा होते नहीं दिख रहा है.

# लौहांचल में लूटपाट कर आतंक मचाने वाले तीन अंतरराज्यीय लुटेरे गिरफ्तार

## झारखंड व ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मोटरसाइकिल, स्कूटी व मोबाइल बरामद

संवाददाता । किरीबुरु

झारखंड पुलिस की विशेष टीम ने ओडिशा पुलिस के सहयोग से अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. इस टीम का गठन चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निर्देश पर किया गया था और किरीबुरु एसडीपीओ अजय केरकेट्टा इसका मार्गदर्शन कर रहे थे. लुटेरों के पास से मोटरसाइकिल, स्कूटी मोबाइल व अन्य समान बरामद किये गये हैं. इन लुटेरों के आतंक से इस क्षेत्र के लोग त्रस्त थे. बड़ाजामदा ओपी में रविवार को किरीबुरु के एसडीपीओ अजय केरकेट्टा ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी. इन लुटेरों ने जुलाई के अंतिम दिनों में तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था. इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किरीबुरु अजय केरकेट्टा, इन्स्पेक्टर बमबम कुमार, किरीबुरु थाना प्रभारी मुनाजीर हसन, नोवामुंडी थाना प्रभारी सिद्धान्त कुमार, पुअनि दिलीप मांझी, पूर्णिमा कुमारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे.

एसडीपीओ ने बताया कि लूट की घटनाओं के त्वरित उद्भेदन के लिये पुलिस अधीक्षक चाईबासा के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. ओडिशा पुलिस के साथ संयुक्त छापामारी कर लूटे गये वाहनों को बरामद किया गया. छापामारी के दौरान मोहम्मद शैफुला उर्फ मो० सैफ (22 वर्ष) पिता मो० सईद इरफान, ग्राम अलीनगर, टिकारी रोड, थाना मुफ्फसिल, जिला औरंगाबाद (बिहार), वर्तमान पता ओडिशा के कोयड़ा, राजेश मिस्त्री गैरेज, थाना कोयडा, जिला सुंदरगढ़ तथा अभिमन्यु प्रधान (25 वर्ष) पिता कमल कृष्णा प्रधान, भुंजो कॉलोनी, वार्ड 08, बड़बिल, जिला क्योंझर को गिरफ्तार किया गया. जबकि इनके पास से बरामद लूट के समानों में एक वन प्लस का मोबाइल फोन, एक ओप्पो का मोबाइल फोन, होंडा मोटरसाइकिल नं जेएच06एल-5693, स्कूटी नं जेएच06एम7918 शामिल है. इन दोनों लुटेरों के अलावे एक अन्य लुटेरा को ओडिशा की बोलानी पुलिस गिरफ्तार कर अपने स्तर से कार्यवाही कर रही है. तीनों लुटेरा झारखंड के नोवामुंडी, किरीबुरु, ओडिशा के बोलानी, बड़बिल, जोड़ा, बम्बारी, बोलानी आदि थाना क्षेत्रों में निरंतर लूट की घटना को अंजाम देकर भय का माहौल बनाये हुये थे. इनके खिलाफ ओडिशा के जोड़ा थाना कांड संख्या 218/24, धारा-309(4) बीएनएस, बम्बारी थाना कांड संख्या 193/24, धारा-309 (6) बीएनएस. दर्ज है.


गिरफ्तार लुटेरों के साथ एसडीपीओ अजय केरकेट्टा व अन्य पुलिस पदाधिकारी.


बरामद मोटरसाइकिल व स्कूटी

**केस - 1**

28 जुलाई को इन लुटेरों ने गुरु गोप (30 वर्ष) पिता रासीका गोप, ग्राम मालुका, कुदरसाई, थाना जगन्नाथपुर से लूटपाट की थी. वह टाटा स्टील नोवामुंडी से काम करके अपने घर जा रहा था. नोवामुंडी थाना अंतर्गत ग्राम लोकेसाई, कुटीबुरु के पास रात करीब 07.30 बजे एक सफेद रंग के अपाची बाइक में सवार इन तीन लुटेरों ने गुरु गोप को ओवरटेक कर चाकू का भय दिखाया और स्कूटी एवं मोबाइल लूट कर भाग निकले.

**केस - 2**

29 जुलाई को नोवामुंडी थाना क्षेत्र निवासी कैराय, पिता स्व0 मंगल सिंह कैराय, ग्राम उइसिया अहले सुबह लगभग साढे.चार बजे काम करके अपने भाई की स्कूटी से घर आ रह थे. माने सिंह के पेट्रोल पम्प से आगे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लुटेरों ने भुजाली से माथे पर वार कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया और नौ हजार रुपये छीन लिये. हालांकि वे स्कूटी लूटने में विफल रहे लेकिन उसकी चाबी छीनकर भाग गये.

**केस - 3**

30 जुलाई की रात किरीबुरु थाना अन्तर्गत टाटीबा गांव निवासी कांडे हेम्ब्रम पिता सोंगा हेम्ब्रम के साथ घटी. कांडे शाम 6.30 बजे शाम को बोलानी से जरूरी काम करके मोटर साइकिल से अपने घर वापस आ रहे थे. टाटीबा गांल के समीप बल्काबुरु जंगल, पटासरजोम्हा चौक के पास तीन लुटेरों ने उसकी पीठ पर टंगा बैग को खींच कर गिरा दिया और उसे दऊली से बुरी तरह से जख्मी कर मोटरसाइकिल, 2350 रुपया एवं मोबाइल लूट लिया.

**झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

# दूसरे दिन भी सर्वर डाउन कई केंद्रों पर हुआ हंगामा


सरजामदा सेंटर पर हंगामा करती महिलाओं को संमझाते विधायक व अन्य

- दूसरे दिन 1077 आवेदनों की हुई ऑनलाइन इंट्री
- खेतीबाड़ी छोड़ केंद्र पर दिन भर डटी रहीं महिलाएं

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने तथा जमा करने के लिए रविवार को भी जिले 255 जगहों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया. कई कैंप में सर्वर डाउन रहने के कारण अफरा-तफरी रही. बिना खाये-पीये महिलाएं घंटों सेंटर पर जमी रहीं. अभी धानरोपनी का समय है. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं धानरोपनी छोड़कर दिन भर पंचायत भवन में बिता रही हैं. इस दौरान कई जगहों पर हंगामा जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. सरजामदा में विधायक मंगल कालिंदी व जिप उपाध्यक्ष पंकज सिंहा ने महिलाओं से धैर्य बनाए रखने की अफील की. रविवार को दूसरे दिन 1077 आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की गई. जिले के सभी 231 पंचायत के अलावा नगर निकायों में 24 स्थान पर कैंप लगाया जा रहा है. 10 अगस्त तक कैंप लगेगा. हालांकि उसके बाद भी नज़दीकी प्रज्ञा केंद्र में के माध्यम से लाभुक आवेदन कर सकते हैं.

**बहरागोड़ा** प्रखंड क्षेत्र मानषुमुड़िया पंचायत परिसर में आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत नहीं होने से महिलाओं ने नाराज होकर आंदोलन किया. महिलाओं ने कहा कि ऑफलाइन प्रक्रिया भी चालू करना चाहिए जिससे कि दूर दराज से आए ग्रामीणों महिलाओं को अपने काम काज छोड़कर प्रतिदिन पंचायत का चक्कर ना लगाना पड़े.

**आदित्यपुर** नगर निगम क्षेत्र में दूसरे दिन भी सर्वर डाउन रहा. सभी केंद्रों पर लाभुक महिलाएं फॉर्म लेकर पहुंच रही हैं लेकिन वो निराश होकर लौट रही हैं. नगर निगम क्षेत्र में 21 जगहों पर शिविर लगाया गया है, लेकिन जिस तरह से सर्वर दो दिन से ट्रैफिक जाम बता रहा है इससे तो प्रतीत होता है कि एक सप्ताह में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं हो पाएगा.

# चांडिल डैम के चार फाटक खोले गये, नदियों का जलस्तर बढ़ा

## तटीय क्षेत्र में प्रशासन की ओर से लोगों को किया गया सतर्क

संवाददाता । जमशेदपुर/चांडिल

जमशेदपुर सहित कोल्हान के तीनों जिलों में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश रविवार को भी जारी रही. हालांकि कहीं-कहीं ही वर्षा हुई. जिसके कारण आम लोगों को दिनभर की वर्षा से राहत मिली. दूसरी ओर चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण रविवार को बहां के चार फाटक खोले गए. वहां से करीब 3500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है. जिससे शहर के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है. हालांकि अभी नदी के पानी में मामूली बढ़ोतरी हुई है. जो खतरे के निशान से काफी नीचे हैं. फिर भी जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का निर्देश दिया है.

स्वर्णरखा नदी का डेंजर लेवल 121.50 मीटर है. यह खतरे के निशान से करीब 4 मीटर नीचे है. इधर खरकई का डेंजर लेवल 129 मीटर है. फिलहाल यह नदी खतरे के निशान से करीब दो मीटर नीचे है. इधर जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है.

दूसरी ओर नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद मछलियों के आने की संभावना को देखते हुए मछुआरे सक्रिय हो गए हैं. रविवार को स्वर्णरेखा नदी में कई मछुआरे मछली पकड़ते देखे गए.


रविवार को चांडिल डैम का चार रेडियल गेट खोले गए.

# सुरों की महफिल सजा कर किशोर कुमार को किया याद



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर की साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था परिमल द्वारा रविवार को सुर सम्राट स्वर्गीय किशोर कुमार की जयंती के अवसर पर सुरों की महफिल सजाकर किशोर दा को याद किया गया. कुणाल मेडिकल हॉल में आयोजित सुरों की महफिल कार्यक्रम में शहर के नामचीन कलाकारों ने किशोर कुमार की याद में उनके गाए यादगार गीत को गाकर आयोजन में चार चांद लगा दिया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुख्य रूप से समाजसेवी विजय शंकर मिश्रा, कांग्रेस नेता अंबुज कुमार, शारदा देवी, मनोज कुमार सिंह, गोपाल झा, दशरथ उपाध्याय, निरंजन कुमार उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश धारी, अशोक कुमार, सुबोध शरण, दिवाकर झा, लक्ष्मण प्रसाद का योगदान सराहनीय रहा. मौके पर अनिल वर्मा, सिद्धेश्वर उपाध्याय, मुकेश वर्मा, आरती वर्मा, खिरोद सरदार, नीतू शर्मा, कुणाल श्रीवास्तव, गौतम गोराई, संजीव सिंह, प्रमोद कुमार, स्वेता श्याम, रजत शरण, ओमप्रकाश चौरसिया, प्रबीर, संट, एस स्वर्णकार, गौतम पीयूष, श्याम थापा आदि कलाकारों ने अपनी उपस्थिति एवं गीतों से आयोजन को यादगार बना दिया.

# दलमा इको सेंसेटिव जोन के 250 मकानों व प्रतिष्ठानों को नोटिस

## 7 से 17 अगस्त के बीच वन विभाग कार्यालय में होगी सुनवाई

- जोनल मास्टर प्लान का एमओयू के बाद हरकत में आया वन विभाग

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

दलमा इको सेंसेटिव जोन के लिए मास्टर प्लान बनाने की दिशा में कार्रवाई तेज हो गई है. जोन के अंतर्गत आने वाले मकानों एवं प्रतिष्ठानों को झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने नोटिस भेजा है. करीब 250 से अधिक मकानों व प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा गया है. साथ ही सभी लोगों को 7 अगस्त से 17 अगस्त के बीच वन विभाग के कार्यालय आकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है.

जमशेदपुर वन प्रमंडल सह उप वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक सबा आलम अंसारी ने बताया कि दलमा इको सेसेंटिव जोन में 250 से अधिक मकानों व प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत नोटिस की सुनवाई अगस्त के पहले सप्ताह में शुरू होगी. नोटिस में कहा गया है कि दलमा इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम सुनवाई होगी. वन विभाग के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा. अन्यथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 एवं अन्य वन्य अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी.

यह नोटिस झारखंड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर सह-संयोजक, निगरानी समिति, दलमा इको सेंसेटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी द्वारा जारी किया गया है. जिसमें कहा गया है कि जिनके भी मकान, प्रतिष्ठान इको सेंसेटिव जोन में आ रहे हैं. वे निर्धारित तिथि को अपना पक्ष रखें. इनमें डिमना, बालीगुमा, कांदरबेड़ा, मिर्जाडीह और पारडीह के मकान व प्रतिष्ठान शामिल हैं. वहीं दूसरी लिस्ट में 91 मकान एवं प्रतिष्ठानों को शामिल किया गया है. इनमें आसनबनी और शहरबेड़ा के लोग शामिल हैं. इनके लिए 16 अगस्त और 17 अगस्त रखा गया है.

इको संसेटिव जोन के अंदर वाणिज्यिक खनन नहीं होगा, मिल, उद्योग स्थापित नहीं किया जाएगा. हालांकि कच्चे मकान बनाया या ऑर्गेनिक फार्मिंग, वगैरह की जा सकती है. ज्ञात हो कि दो दिन पहले दलमा इको संसेटिव जोन में मास्टर प्लान बनाने को लेकर विभाग एवं एक्सएलआरआई के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था.

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने 230 छात्रों को बांटी साइकिल



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल के 230 बच्चों के बीच साइकिल वितरित की. इसके लिए कदमा स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौके पर उपस्थित बच्चों के अभिभावकों से कहा कि झारखंड सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है. युवा, महिला छात्रों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है. बच्चों को साइकिल प्रदान करना भी उसी का हिस्सा है. साइकिल मिलने से अब छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी. बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है. इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा. ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे. उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर आईटीडीए के परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, बीडीओ सुधा वर्मा, सीओ मनोज कुमार, बीईईओ व अन्य उपस्थित थे.

**परेशानी** नौ वर्ष से अधूरी है बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना, डेडलाइन जुलाई में हुई फेल

# निर्णय लिया - पानी नहीं तो विधानसभा चुनाव में वोट नहीं

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

ग्राम विकास समिति के आह्वान पर रविवार को बागबेड़ा लाल बिल्डिंग दुर्गा मंडप के समक्ष जन-महाजुटान का आयोजन किया गया. इसमें लोगों ने बागबेड़ा जलापूर्ति योजना से अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं होने पर अपने-अपने विचार रखे. चर्चा के बाद सभी ने एक स्वर में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले अगर डेढ़ लाख की आबादी को पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो इस बार वोट का बहिष्कार किया जाएगा.

लोगों ने कहा कि जलापूर्ति योजना का शिलान्यास के नौ वर्ष बाद भी लोगों को पानी नहीं मिला. इसके कारण अब लोगों के सब्र का बांध टूट चुका है. पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा जलापूर्ति शुरू करने के लिए दर्जनों बार समय सीमा निर्धारित की गई. लेकिन हर बार विभाग आश्वासन पूरा करने में फेल रहा. लोगों ने कहा कि पहले विभाग ने फरवरी 2024 तक जलापूर्ति शुरू करने के लिए कहा था. उसके बाद जुलाई 2024 में हर हाल में जलापूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया. जुलाई बीतने के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हुई. जिसके कारण लोगों ने सरकार एवं विभाग को संदेश देने के लिए बैठक बुलायी तथा वोट बहिष्कार का निर्णय लिया. ज्ञात हो कि वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया था. उस समय घोषणा की गई कि 3 वर्षों में योजना को पूर्ण कर नल से जलापूर्ति शुरु कर दी जाएगी. परंतु नौ वर्ष बीतने के बाद भी योजना अधूरा है.

इस योजना में कई तरह की अडचने आयी. पेयजल स्वच्छता विभाग एवं कार्यपालक एजेंसी के लापरवाही के कारण यह योजना अभी तक अधूरी है. बागबेडा घाघीडीह, किताडीह, करणडीह के लगभग 1.5 लाख लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं. भूमिगत जल स्तर 700 से 800 फीट नीचे चला गया है. घाघीडीह क्षेत्र में पानी के लिए लोग गैलन लेकर सुबह 4:00 बजे से लंबी कतार में खड़े रहते हैं. बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के लिए क्षेत्र के लोग लंबी संघर्ष किए हैं.

इस योजना को पूर्ण कराने के लिए क्षेत्र के लोगों ने सैकड़ो बार धरना, प्रदर्शन, अनशन, उपवास, मानव श्रृंखला, जल सत्याग्रह, पदयात्रा एवं बागबेड़ा से रांची तक पदयात्रा भी किया. जिला के उपायुक्त पेयजल स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी, विभागीय मंत्री से मिलकर कई बार मांग पत्र सौंप चुके हैं.

जन महाजुटान में मुख्य रूप से जेपी गोस्वामी, श्याम किशोर, परमेश्वर प्रसाद, राम प्रसाद कुशवाहा, किशोर यादव, नीरज सिंह, शिवाजी सिंह, धर्मेंद्र चौहान, चतुर्भुज सिंह, गुरमेल सिंह, इमाम साहब, शेख सलाऊदीन, भोला प्रसाद भगत, रामवृक्ष शर्मा, अशोक सिंह, ओम प्रकाश यादव, मनोज गुप्ता, मनोज यादव, भोला यादव, जमुना यादव सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए.



बागबेड़ा में ग्राम विकास समिति के आह्वान पर जुटे लोग.

# रघुवर सरकार का निर्णय 86 बस्ती के मालिकाना हक में बाधकः सरयू

## सरकार से उक्त संकल्प को विलोपित करने की मांग

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर



जमशेदपुर की 86 बस्ती के मालिकाना हक का मामला एक बार फिर विधानसभा में उठा. विधायक सरयू राय ने मामला उठाते हुए सरकार से इस संबंध में निर्णय लेने का आग्रह किया. मालिकाना हक देने में हेमंत सरकार इंकार भी नहीं कर रही है तथा इसे स्वीकार भी नहीं कर रही है. क्योंकि इस मामले में निर्णय लेने में वर्ष 2018 में रघुवर सरकार की ओर से लिया गया एक संकल्प बाधक बन रहा है. रघुवर दास ने 86 बस्ती समेत पूरे राज्य में अतिक्रमित जमीन पर बसे लोगों को 10 डिसमिल जमीन बंदोबस्त करने का निर्णय लिया था. इसके लिए 22 फरवरी 2018 को संकल्प (संख्या 817/रा.) जारी किया गया. उक्त आदेश के विलोपित हुए बिना सरकार दूसरा आदेश जारी नहीं कर सकती है. विधायक सरयू राय सरकार से उक्त संकल्प को विलोपित करने की मांग की. इस पर सरकार ने उत्तर दिया कि झारखंड सरकार के राजस्व विभाग के संकल्प संख्या 817/रा. को रद्द करने का निर्णय विचाराधीन नहीं है.

इस मामले में विभागीय मंत्री का जवाब पूरा नहीं हो पाया. क्योंकि भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण सदन ठीक से नहीं चल पाया. विधायक सरयू राय ने कहा कि वर्ष 2018 में तत्कालीन सरकार द्वारा जारी किया गया यह आदेश जमशेदपुर वासियों को मालिकाना हक दिलाने में सबसे बड़ा बाधा बना हुआ है. लेकिन विधायक सरयू राय ने कहा कि सरकार इस मामले में जो भी निर्णय ले वह वह बस्तीवासियों को मालिकाना हक दिलाने का विषय वह भविष्य में फिर से उठाएंगे, क्योंकि उनकी यह लड़ाई अभी अधूरी है.

## ब्रीफ खबरें

### सरयू राय ने विद्युत सब स्टेशन का लिया जायजा

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार को बागुनहातु के विभिन्न इलाकों का दौरा कर वहां की स्थानीय जनसमस्याओं का अवलोकन किया. इस दौरान राय ने बागुनहातु में टीएसयूआईएसएल द्वारा बनाए जा रहे विद्युत सबस्टेशन का निरीक्षण किया. श्री राय ने अधिकारियों से बात कर कार्य में तेजी लाने के लिए कहा. सब स्टेशन निर्माण हो जाने से बागुनहातु अंतर्गत सभी इलाकों में घर-घर जुस्को की बिजली की सीधे आपूर्ति होगी. इसी योजना के तहत प्रत्येक घरों तक बिजली के पोल और तारों के बिछाने का कार्य जारी है.

### मुस्लिम तीर्थ यात्रियों को अजमेरशरीफ रवाना किया

**जमशेदपुर ।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के 65 सदस्यीय मुस्लिम धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को अजमेर शरीफ-फतेहपुर सिकरी-आगरा तीर्थ यात्रा हेतु रवाना किया गया. इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी-सह-पर्यटन नोडल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी एवं प्रियंका तिरु, प्रबंधक, पर्यटन सूचना केंद्र, जमशेदपुर ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए बस को रवाना किया.

### पोटका विधायक ने पर्यटन स्थल के लिए सौंपा ज्ञापन

**डुमरिया ।** पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपकर डुमरिया की एक और पोटका प्रखंड की तीन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है. विधायक ने बताया कि हेसलआमदा पंचायत के बड़ातिलाईझार ग्राम स्थित स्थल, हरिना पंचायत के रोटेदा ग्राम स्थित स्थल, हेसड़ा पंचायत के बानाकाटी ग्राम स्थित काली मंदिर और डुमरिया प्रखंड के लखाईडीह ग्राम स्थित स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पार्क के निर्माण के लिए मांग रखी गई है. चारों स्थल प्राचीन स्थल हैं.

### जुगसलाई शनिदेव मंदिर में शिव चर्चा का आयोजन

**जमशेदपुर ।** सावन माह के अमावस्या पर रविवार को जुगसलाई दुखु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे स्थित शनिदेव मन्दिर में शिव चर्चा का आयोजन किया गया. इस दौरान जुगसलाई नया बाजार निवासी सुमन गुरु बहन के नेतृत्व में 21 महिला श्रद्धालुओं द्वारा भोलेनाथ के गीत के माध्यम से शिव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि शिव हमारे गुरु हैं. महिलाओं की टीम ने सुबह-सुबह ले शिव का नाम, शिव आएंगे तेरे काम.... जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया. इस अवसर पर दामोदर शनि बाबा ने शिव के गुरु स्वरूप पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि शिव भक्ति और चर्चा करने से जीवन के सभी दुःख व कष्ट दूर हो जाते हैं.

### महिलाओं ने मनाया राष्ट्रीय मित्रता दिवस

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 की महिलाओं ने रविवार को राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया. इस मौके पर महिलाओं ने केक काटा और एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांध शपथ दिलाई. इस कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व पार्षद नीतू शर्मा, कनकलता, अमृता, समपा दास रेणुका गोप ,नीतू ,मिश्रा नीतू देवी, मीनाक्षी त्यागी,बबली, त्यागी रूपम सुमन सिंह, सविता किरतोनिया, अवधेश देवी, मधुलिका वर्मा का अहम योगदान रहा.

### नागरिक समन्वय समिति ने किया पौधरोपण

**आदित्यपुर ।** नागरिक समन्वय समिति ने आदित्यपुर-1 के मार्ग संख्या-10 स्थित मैदान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया. यहां फलदार और छायादार पौधे लगाये गये. राज्य के जल संसाधन मंत्री चम्पाई सोरेन के ओएसडी सह खरकई नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता कुमार अरविन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आदित्यपुर में जल संकट को दूर करने हेतु जयप्रकाश उद्यान से लेकर खरकई नदी के बीच चेक डैम का निर्माण कराने की मांग की गई थी, जिसे विभागीय मंत्री चम्पाई सोरेन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है.

## प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्थान के मेगा रक्तदान शिविर में 820 यूनिट रक्त संग्रह

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे, रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह

- 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की सांसद ने की अपील
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है : सेठ

**संवाददाता । आदित्यपुर**



प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्थान के मेगा रक्तदान शिविर में रक्तदाता का हौसला बढ़ाते संजय सेठ व अन्य.

प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्थान का मेगा रक्तदान शिविर रविवार को आयोजन किया गया है. शिविर में शहर के अलावा आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, कुल 820 यूनिट रक्त संग्रह किया गया.

बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ उपस्थित थे. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि गोदान और कन्यादान के समकक्ष रक्तदान को माना गया है. मुझे खुशी हो रही है कि देश में जमशेदपुर रक्तदान में नंबर 1 है. मैंने भी 32 बार रक्तदान किया है. मेरे ऊपर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने जो विश्वास जताया है मैं उसपर जरूर खरा उतरूंगा. जहां तक बन पड़ेगा आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए काम करूंगा. अपने कृत्य से झारखंड का सिर कभी झुकने नहीं दूंगा. सनातनी धर्म की रक्षा करने में शिवाजी महाराज के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिया जाएगा. आज उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और देश की सेना भी हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुकी है. दुनिया के किसी भी देश की सेना से हमारी सेना कम नहीं है. 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा फहराने का अभियान देश में चलाया जाएगा.

मंच का संचालन उदय चंद्रवंशी ने किया. सभी अतिथियों को संस्थान के संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष अपने अनुज स्वर्गीय प्रवीण सिंह की स्मृति में मित्रता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं. इसलिए हर वर्ष मित्रता दिवस पर उनकी याद में रक्तदान शिविर आयोजित होता है. उनकी मृत्यु कोरोना काल में हुई थी.

मौके पर स्वर्गीय प्रवीण सिंह के पुत्र ने मंत्री संजय सेठ को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मंत्री ने मौके पर चिकित्सकों को चिकित्सा उपकरण भेंट कर उनका सम्मान किया. अर्का जैन यूनिवर्सिटी के निदेशक अंगद तिवारी ने कहा कि संसार में सबसे बड़ी सेवा रक्तदान है. एके श्रीवास्तव ने कहा कि आज रक्तदान का पावन दिन है. उन्होंने रक्षा राज्य मंत्री से आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में रक्षा उपकरणों के निर्माण में सरकार की ओर से महती योगदान देने का अनुरोध किया. टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय प्रवीण सिंह की याद में रक्तदान करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है. धन्यवाद ज्ञापन उदय सिंहदेव ने किया.

मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, सरायकेला जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, एनआईटी के डीन एसबी प्रासाद, आईडीटीआर के जीएम आनंद दयाल, आरवीएस के भरत सिंह, सोना देवी यूनिवर्सिटी के प्रभाकर सिंह, गायत्री शिक्षा निकेतन के सचिव सत्य प्रकाश सुधांशु, कुलबंत सिंह बंटी, जटा शंकर पांडेय, एसिया के ट्रस्टी दशरथ उपाध्याय, डॉ अशोक कुमार आदि मौजूद थे.

## ऑपरेशन प्रहरी के तहत आदित्यपुर पुलिस का स्पेशल ड्राइव

# कुख्यात कादिम खान के बेटा समेत छह आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता । आदित्यपुर**



आरोपियों को जेल भेजने के पूर्व मीडिया को जानकारी देते आदित्यपुर के थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह.

आदित्यपुर पुलिस ने रविवार को अलग-अलग मामलों के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है. इनमें चार फरार वारंटी शामिल है. इस संबंध में थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि बीते 18 अप्रैल से आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहे मुस्लिम बस्ती निवासी अमन खान उर्फ लड्डू गिरफ्तार किया गया है. वह कुख्यात कादिम खान का बेटा है.

इसके साथ ही फरार वारंटी रवि गोप उर्फ लुकरू, बागुन तिउ और गोपाल दास उर्फ चौड़ा को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. उन्होंने बताया कि एसपी मुकेश लुणायत द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहरी" योजना के तहत स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है. यह गिरफ्तारियां उसी कड़ी का एक हिस्सा है.थाना प्रभारी ने बताया कि इसके अलावा गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर से शनिवार की सरिया चोरी मामले में दो युवकों समीर गोराइ और विलियम कुमार को भी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है. इस मामले में सरिया और चोरी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है. सभी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. बता दें कि बीते एक हफ्ते में आदित्यपुर पुलिस ने एक दर्जन से भी ज्यादा वारंटियों और अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है.

### दुर्घटना में गम्हरिया सीडीपीओ का हाथ टूटा

**आदित्यपुर ।** टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग पर टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के समीप रविवार को ऑटो और बाइक सवार के बीच हुए टक्कर में गम्हरिया प्रखंड की सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद, सुपरवाइजर राधा व एक अन्य महिला घायल हुई हैं. इस घटना में बाइक सवार भी घायल हुआ है. सभी घायलों को पहले सीएचसी गम्हरिया ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर किया गया है. उक्त घटना में सीडीपीओ के दोनों हाथ टूट गए हैं. सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद, सुपरवाइजर राधा व अन्य एक ऑटो में सवार होकर गम्हरिया की ओर जा रही थी. टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के समीप ऑटो की बाइक सवार के साथ टक्कर हो गयी. जिससे ऑटो पलट गया. मौके से गुजर रहे पूर्व पार्षद सचिन कुमार ने रेस्क्यू कर सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया. अदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. बीडीओ ने भी गाड़ी भिजवाई मगर उससे पहले सीडीपीओ को टीएमएच ले जाया जा चुका था.

## बिल्डर पर वादाखिलाफी का आरोप सोसायटी वासियों ने किया प्रदर्शन

**बिल्डर ने कहा- अभी बिल्डिंग हैंड ओवर नहीं, चल रहा है काम**



बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करते साईं आंचल सोसायटी के निवासी.

**संवाददाता । आदित्यपुर**

टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग से सटे साईं आंचल सोसायटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया. सोसायटी वासियों ने बिल्डर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है. सोसायटी के लोगों ने बताया कि बिल्डर दीपक मंगलम द्वारा जो वायदे किये गए थे वो सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं. जिससे सोसायटी के 216 परिवार प्रभावित हैं. सात साल बीतने के बाद भी न तो सोसायटी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाया गया, न जुस्को की बिजली मुहैया कराई गई है. वहीं लिफ्ट भी अबतक शुरू नहीं किया गया है. जब भी बिल्डर से इन सुविधायों की मांग करते हैं उन्हें टाल दिया जाता है.

इस दौरान सोसायटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. साथ ही कानून की शरण में जाने की बात कही.

इधर इस मामले को लेकर बिल्डर दीपक मंगलम ने बताया कि अभी फ्लैट हैंडओवर नहीं किया गया है. कुछ काम बाकी है. जल्द ही उसे पूरा कर दिया जाएगा.

# मानुषमुड़िया वन विश्रामागार में 9.5 करोड़ के उद्यान का शिलान्यास

**संवाददाता । बहरागोड़ा**



बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत रविवार को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मानुषमुड़िया वन विश्रामागार में एक विशाल उद्यान का शिलान्यास किया गया. इस शिलान्यास मुख्य अतिथि बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती,सांसद प्रतिनिधि गौरब पुष्टि, जिला परिषद सदस्य फूलमणि मुर्मु, रेंजर दिग्विजय सिंह व मुखिया राम मुर्मु ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसी पार्क स्थल में ही जाहेरगाड़ की घेराबंदी का शिलान्यास भी किया गया.

विधायक समीर मोहंती ने इस अवसर पर कहा कि यह उद्यान लगभग 9.5 करोड़ रुपये की लागत से सजाया और संवारा जाएगा. यह उद्यान इस क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होगा. वहीं गौरब पुष्टि ने कहा कि सरकार क्षेत्र में लोगों पर बढ़ रहे जंगली हाथियों के हमले का समाधान निकाले जिसके कारण जनमानस को परेशान ना होना पड़े. साथ ही बिना जरूरत के पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिये.

रेंजर दिग्विजय सिंह ने बताया की बनाए जा रहे इस उद्यान में जिम, फाउंटेन, छोटे बच्चों के लिए शिशु उद्यान और विभिन्न प्रकार के खिलौनों व झूले की व्यवस्था रहेगी.

जंगली हाथी के बारे में उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर से गांव-गांव में सोलर लाइट , साइन बोर्ड एवं जंगल में ही हाथियों का भोजन उपलब्ध कराने के लिए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है. उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि पेड़ तथा जंगल में निवास करने वाले जीव जंतुओं की रक्षा करने में वन विभाग का साथ निभाएं जिससे कि आने वाले पीढ़ी लाभदायक हो.

इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, उप प्रमुख मुना होता, मुखिया विधान मांडी, पंचायत समिति सदस्य सुभ्रा महापात्रा, उप मुखिया भवानी भोल, पूर्व जिला परिषद अर्जुन पूर्ति,सरना समिति के अध्यक्ष कृष्ण मुंडा,पोफेसर शाम मुर्मु, सुरेंद्र हंसदा,सोमाय मुर्मु,नंद लाल सिंह, चंदन सीट, चिन्मय नायक, राशू भुइयां, सुपर्णा दास आदि उपस्थित थे.

**कार्यक्रम** कदमा में झामुमो जिला समिति की बैठक, आयोजन की तैयारी पर हुई चर्चा

# शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस 8 को, मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**



झामुमो जिला समिति की बैठक को संबोधित करते विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन.

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शहीद निर्मल महतो की पुण्य तिथि 8 अगस्त को शहादत दिवस के रूप में मनायी जाएगी. उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के कई मंत्री, सांसद, विधायक, समेत दूसरे दलों के नेता शामिल होंगे. आयोजन को सफल बनाने के लिए रविवार को झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो भवन में हुई.

बैठक में मौजूद विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है. इस वर्ष भी पूरे राज्य से लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आएंगे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा झारखंड सरकार के कई मंत्री एवं विधायक शामिल होंगे. उन्होंने सभी प्रखंड के अध्यक्ष और सचिव तथा नगर समितियां एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 8 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उलियान पहुंचकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करें.

बैठक के दौरान उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिए उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को योजना से ज्यादा संख्या में महिलाओं को जोड़ने के लिए प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारी महिलाओं का सहयोग करने का निर्देश दिया. ताकि पूर्वी सिंहभूम की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके.

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ईचागढ़ की विधायका सविता महतो, शेख बदरुद्दीन, सुनील महतो, चंद्रावती महतो, वीर सिंह सुरीन, बी मार्डी, पिंटू दत्ता, सुधीर सोरेन, मिर्जा सोरेन, अर्जुन हांसदा, वकील हेंब्रम, फैयाज खान, राजा सिंह, रानू मंडल, अवतार सिंह सिंधु, अजय रजक, सम्मेद अंसारी, सतनाम सिंह सत्ते, राजेश्वर सिंह, गुरप्रीत सिंह, आनंद यादव, धीरज सिंह, कमलजीत कौर गिल, सविता सिंह, रजनी दास, अश्वनी दास, प्रीतम हेंब्रम, फतेह चंद्र टुडू, विद्यासागर दास, महेंद्र सिंह, हरदीप सिंह, गौरव राय, शौकत सिंह, गुरमीत सिंह गिल समेत अन्य उपस्थित थे.

### शंभू जेना क्रीड़ा, पार्वती सिंह महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष मनोनीत

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने पर क्रीडा प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष शंभू जेना, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पद पर पार्वती सिंह तथा सह सचिव पद पर वनवासी सोरेन को मनोनीत किया.

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस के शिविर में 126 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**जमशेदपुर ।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से रविवार को बारीडीह विद्यापति नगर, हरि मंदिर सामुदायिक भवन में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया. उक्त शिविर में बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी भी शामिल हुए. कार्यक्रम में पहले से जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जरूरतमंदों की मदद के लिए कहीं न कहीं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा. इसी क्रम में रविवार को यह शिविर आयोजित किया गया. जिसमें जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है. शिविर में 112 लोगों का फॉर्म भरा गया और 126 लोगों के स्वास्थ्य की जांच हुई.

### सड़क पर बह रहा नाले का पानी, ग्रामीण परेशान



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी मोड़ से गीता विद्या मंदिर होते हुए बाजार जाने वाली सड़क पर नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. जिससे नमाज अदा करने के लिए मस्जिद आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बाजार तथा स्कूल कॉलेज जाने के लिए स्थानीय निवासी इसी सड़क का इस्तेमाल करते है. ग्रामीणों को कहना है कि बरसात के पूर्व नाले की सफाई नहीं करने से बरसात के समय सड़क की स्थिति और भयावह हो गई है. नाले की सफाई होने पर भी कुछ ही दिन में लोग घरों का कूड़ा नाले में डालने देते हैं. इससे नाले का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है और गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है. ग्रामीण इस समस्या के उचित निदान की मांग कर रहे हैं.

### पटमदा की लावा पंचायत में ज्ञान केंद्र खुला



**पटमदा ।** पटमदा प्रखंड के लावा पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र खोला गया है. केंद्र का उद्घाटन रविवार को विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने किया. समारोह में विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि पंचायतों में ज्ञान केंद्र खोला जाना एक अच्छी पहल है. इससे विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है. पटमदा दक्षिणी के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि इस ज्ञान केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों के अलावा अखबार और मैगजीन भी नियमित रूप से छात्र-छात्राओं को मिले, ताकि उससे भी ज्ञान अर्जित कर सकें. इससे पूर्व मुखिया कानुराम बेसरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस ज्ञान केंद्र से क्षेत्र के विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा. पंसस बृंदावन दास ने कहा कि इसके सफल संचालन हेतु निगरानी की जरूरत है.

### मूसलाधार वर्षा से जलमग्न हुआ करनडीह




**जमशेदपुर ।** रविवार की दोपहर करनडीह सुन्दरनगर क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा हुई. आधा घंटा की वर्षा में ही मुख्य सड़क से लेकर गली-मुहल्ले की सड़कें जलमग्न हो गई. मजबूरी में लोगों को पानी में भींगकर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा. वहीं तेज वर्षा के कारण कई वाहन चालक टाटा-हाता मुख्य सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे में अनियंत्रित होकर गिरे. हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं पहुंची. दूसरी ओर वर्षा होने से स्थानीय किसानों में खुशी है. धान का बिचड़ा पूरी तरह तैयार है. साथ ही कहीं-कहीं धान की रोपनी भी शुरू हो गई है.

### इस्ट प्लांट बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**जमशेदपुर ।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार की ओर से रविवार को इस्ट प्लांट बस्ती के अटल सामुदायिक भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं पेंशन शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में लगभग 256 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया. वहीं इस शिविर में राशन कार्ड के 56, वृद्धा पेंशन के 87 एवं विधवा पेंशन के 34 सहित अन्य योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन फार्म भरा गया. मौके पर उपस्थित पूर्व डॉ अजय कुमार ने 50 लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया. लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपया देने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की है. डॉ. अजय ने शिविर में उपस्थित महिलाओं से मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन फार्म भरने का आग्रह किया.

### जलमीनार खराब, डींगासाई गांव में पेयजल संकट



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की पाथरी पंचायत अंतर्गत डींगासाई गांव का जल मीनार लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव में लगभग 35 से 40 परिवार निवास करते हैं. गांव में अवस्थित जल मीनार कई महीनों से खराब है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. फिलहाल ग्रामीण दूसरे टोले में निर्मित जल मीनार एवं कुएं के पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है. ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में भी शुद्ध पेयजल मिलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि वे कई बार संबंधित विभाग को सूचना दे चुके हैं. लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है. जिससे विभाग के प्रति ग्रामीण काफी नाराज हैं.

### नेशनल वास्कुलर डे पर वॉकथॉन का आयोजन



**जमशेदपुर ।** वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने टाटा स्टील के सहयोग से रविवार को जमशेदपुर में नेशनल वास्कुलर डे के अवसर पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया. जमशेदपुर में पहली बार आयोजित हुए इस वॉकथॉन की शुरुआत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मेन गेट से ढाई किलोमीटर की दूरी तय की गई. इस दौड़ को टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिसमे लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया. इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वास्कुलर रोग शरीर की रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करते हैं. यह भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है. इस मौके पर वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. सुधीर राय, टीएमएच के वास्कुलर सर्जन और वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. प्रशांत रमन,सहित टाटा स्टील एवं अस्पताल के अधिकारी मौजूद थे.

## चांडिल : आर्म्स एक्ट व अन्य मामले में तीन गिरफ्तार, गए जेल



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी.

**चांडिल ।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में शनिवार की रात पुराने मामलों के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान में कपाली ओपी क्षेत्र से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. इसकी जानकारी देते हुए कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि पुराने वारंटी व अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में हंसाडुंगरी, कपाली निवासी 21 वर्षीय मो अख्तर, टीओपी चौक के रहने वाले 32 वर्षीय बाबू कच्छप और तामोलिया के रहने वाले 40 वर्षीय जाहिद अंसारी उर्फ गोल्डेन शामिल हैं. 21 वर्षीय मो अख्तर को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है. वहीं बाबू कच्छप को चोरी के एक पुराने मामले और जाहिद अंसारी उर्फ गोल्डेन को मारपीट के पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस तीनों की तलाश काफी दिनों से कर रही थी.

## श्रीराम सनातन समिति ने लगाया सेवा शिविर



**चांडिल ।** सावन के पवित्र माह में श्रीराम सनातन समिति चांडिल अनुमंडल के द्वारा एनएच 32 पर लुपुंगडीह टोल प्लाजा के समीप कांवरियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया. सेवा शिविर में कांवरियों के लिए नहाने की व्यवस्था, पीने का पानी, शरबत, चाय, दूध, बिस्कुट, केला आदि की व्यवस्था की गई है. सेवा कार्य रविवार संध्या से प्रारंभ होकर सोमवार सुबह तक चलेगी. रविवार को सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ समिति के अध्यक्ष आकाश महतो ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर समिति के सूरज मिश्रा, नवीन महंती, प्रशांत गोप, अरुण गोप, छोटू प्रामाणिक, सनातन गोराई, विद्याधर गोप, जयसूर्या, शशि मिश्रा, उदित गुप्ता, पूजा महापात्र, निर्मल समेत कई सदस्य मौजूद थे.

**सरकार नहीं करती है व्यवस्था :** सावन महीने के तीसरे सोमवार के पूर्व संध्या पर सेवा शिविर का शुभारंभ करने के बाद आकाश महतो ने कहा कि जिस प्रकार बिहार के सुल्तानगंज से जल उठाकर शिव भक्त कांवड़िया झारखंड के देवघर में भोले बाबा पर जलाभिषेक करते हैं, उसी प्रकार झारखंड के चांडिल स्थित प्राचीन जयदा मंदिर से पवित्र जल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़ियों की टोली पश्चिम बंगाल के बेड़ादा स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करती है. इस रास्ते पर होकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए सरकार की ओर से किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है.

### ब्रीफ खबरें

## जयराम महतो की सभा को लेकर हुई तैयारी बैठक

**चांडिल ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति) का 9 अगस्त को होने वाले ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय बदलाव संकल्प महासभा की तैयारी को लेकर रविवार को चौका में बैठक हुई. विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महासभा का आयोजन चांडिल प्रखंड के चावलीबासा, बड़ामाटांड स्थित फुटबॉल मैदान में दोपहर दो बजे से किया जाएगा. महासभा के मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो शामिल होकर महासभा को संबोधित करेंगे.

## श्राद्धकर्म के लिए सुखराम हेम्ब्रम ने की आर्थिक मदद

**चांडिल ।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम रविवार को चौका थाना अंतर्गत मातमकडीह पंचायत के रेयाड़दा गांव पहुंचे. रेयाड़दा गांव में शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण मकान ढहने से मलबे में दबकर बुजुर्ग दंपती दुमपा मुंडा व उनकी पत्नी लोबदा मुंडा की मृत्यु हो गई थी. सुखराम ने मृतक दंपती के बेटे सोमा मुंडा व पुत्रवधू से मिलकर घटना की जानकारी ली. उस वक्त दोनों ध्वस्त हुए मकान में मिट्टी से दबे धान व चावल को चुनकर इक्कठा कर रहे थे. उसी वक्त सुखराम ने मृतक के पुत्र सोमा मुंडा को श्राद्धकर्म के लिए दो बोरा चावल व रुपए दिए. उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की.

### मांगों को लेकर परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से मिला अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ

# पांच अगस्त से राजभवन के सामने अनशन पर बैठेंगे शिक्षक

- सीएम ने भी मांग पूरी करने की सिर्फ आश्वासन दिया

**संवाददाता । चाईबासा**

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पश्चिमी सिंहभूम का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से चाईबासा स्थित उनके आवास पर मिला. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह एवं महासचिव असीम कुमार सिंह कर रहे थे. महासचिव ने मंत्री को बताया कि शिक्षकों के लिए अन्य राज्यकर्मियों की भांति सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) को लागू करवाने तथा छठे पुनरीक्षित वेतनमान के वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगति के निराकरण हेतु अनेकों बार विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र दिया गया.

इसके वावजूद सिर्फ आश्वासन मिला. संघ के प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल 26 जुलाई को मुख्यमंत्री से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर मांगों से अवगत कराया था. मुख्यमंत्री ने वरीय पदाधिकारियों से इस संदर्भ में विमर्श कर अपनी अध्यक्षता में संगठन एवं उच्चाधिकारियों की बैठक आयोजित कर हल निकालने का आश्वासन दिया था. लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है. संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि इस विषम परिस्थिति को ध्यान में रखकर राज्य के शिक्षक 5 अगस्त से राजभवन के समक्ष क्रमिक अनशन पर बैठने जा रहे हैं.



मंत्री दीपक बिरुवा से मिलने पहुंचे अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी और सदस्य.

मंत्री दीपक बिरुवा ने शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुना तथा तत्काल शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह से मोबाइल पर बातकर समस्याओं को रखा. सचिव ने मंत्री को बताया कि शिक्षकों की एमएससीपी की मांग पुरानी है. विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग में भेजा गया था, लेकिन वित्त विभाग ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना शिक्षकों को देय नहीं है.

जब मंत्री ने सचिव को बताया कि बिहार में इन्हीं शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दिया जा रहा है तो सचिव ने इस पर अपनी अनभिज्ञता जाहिर की. उन्होंने कहा कि वे बिहार के मामले को देखेंगे कि किस परिस्थिति में और किन शर्तों के तहत ये लाभ शिक्षकों को दिया जा रहा है.

मंत्री दीपक बिरुवा ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे शिक्षकों की मांग में उनके साथ हैं और अपने स्तर से मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं शिक्षा मंत्री से बातचीत कर इसका सकारात्मक हल निकालने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के हर विभाग के कर्मचारायों की समस्याओं का समाधान किया है सिर्फ शिक्षा विभाग ही इससे लाभान्वित नहीं हो पाया है. उनका प्रयास होगा कि हेमंत सोरेन सरकार शिक्षकों की समस्याओं का भी समाधान जल्द से जल्द कर सके, जिसे आज तक पूर्ववर्ती सरकार नहीं कर पाई.

## चार योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित मानकी मुंडा सभागार के समीप रविवार को चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने चार योजनाओं का शिलान्यास किया. इस दौरान विधिवत भूमि पूजा की गई. इसके तहत मानकी-मुंडा सभागार के ऊपरी तल्ला में मानकी-मुंडा भवन, ग्राम टिकरचांपी में कोल्हान नितिर तुरतुंग का सामुदायिक पुस्तकालय भवन, जामिद पंचायत के ग्राम सिकिदिकी में 400 फीट पीसीसी सड़क तथा ग्राम फुलकानी आदिवासी भूमिज मुंडा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम, प्रदीप महतो, अमर बोदरा, उप प्रमुख विनय प्रधान, दिउरी सह मुंडा कृष्णा चांपिया, भीमाराम जोंको, केंद्रीय कमेटी के महासचिव रामेश्वर सिंह कुंटिया आदि मौजूद थे.

### महादेवशाल धाम भक्तों के बोल बम के जयकारे से होता रहा गुंजायमान

# 30 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



महादेवशाल धाम मंदिर में लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालु.



मंदिर परिसर में नंदी बाबा की पूजा अर्चना करते महिलाएं और पुरुष.

- रविवार से ही पूजा करने के लिए पहुंचने लगे श्रद्धालु

**संवाददाता । गोईलकेरा**

झारखंड में प्रसिद्ध पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा प्रखंड स्थित महादेवशाल धाम में जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए सावन की तीसरी सोमवारी से पूर्व रविवार को श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी. सावन महीने के रविवार को लगभग 30 हजार से अधिक महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजा अर्चना की.

इस दौरान आसपास का क्षेत्र बोल बम के जयकारे से गूंज उठा. सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए डाक बम व कांवड़ लेकर कोल्हान के विभिन्न जिला के अलावे राज्य के अन्य दूसरे जिले, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल राज्य के विभिन्न जगहों से रविवार को ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु महादेवशाल धाम पहुंच गए हैं. वहीं श्रद्धालुओं का आना देर शाम तक जारी था. सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी. इधर रविवार को सुबह से ही महादेवशाल धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही. महादेवशाल मंदिर व मेला समिति की ओर से महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग कतार में शामिल होने की व्यवस्था की गई थी. वहीं मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है. इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर, पूड़ी सब्जी, खिचड़ी आदि बांटे गए.

सोमवार को होने वाली भीड़ को लेकर भी मंदिर समिति की ओर से तैयारी की गई है.पूर्व से किए गए बैरिकेडिंग के अलावा भीड़ को देखते हुए अलग से भी बैरिकेडिंग की गई है, ताकि सोमवार को होने वाली भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े.

**बीडीओ की ओर से लगाया गया भंडारा :** महादेवशाल धाम मंदिर प्रांगण में रविवार को गोइलकेरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया. मौके पर मौजूद बीडीओ विवेक कुमार ने श्रद्धालुओं के बीच पूड़ी, सब्जी, खीर आदि बांटे. इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने भंडारा में भोजन ग्रहण किया.

### तीसरी सोमवारी पर महादेवशाल धाम में जलाभिषेक करेंगे कांवड़िया



**चक्रधरपुर ।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर गोईलकेरा के महादेवशाल धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलापर्ण करेंगे. रविवार को चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र से कांवड़ियों का समूह महादेवशाल धाम के लिए बोल बम का नारा लगाते हुए पैदल रवाना हुए. इसमें बड़ी संख्या में डाक बम कांवड़िया भी शामिल हुए, जो बिना रुके दौड़ते हुए महादेवशाल धाम पहुंचेंगे. इसे लेकर रविवार को बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कांवड़िया चक्रधरपुर शहर के मुक्तिनाथ धाम घाट पहुंचे. यहां पुजारियों से पूजा अर्चना कराकर महादेवशाल गोइलकेरा के लिए रवाना हो गए. रविवार सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा. चक्रधरपुर के थाना नदी मुक्तिनाथ महादेव घाट से जल उठाने से पहले श्रद्धालुओं ने थाना नदी मुक्तिनाथ महादेव के समीप स्थित शिव मंदिर में भी जलार्पण व पूजा अर्चना की. इस अवसर पर चक्रधरपुर-गोइलकेरा मुख्य मार्ग में हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारे से गूंजता रहा.

## ... और रोशनी से जगमगा उठा जयदा बुढ़ाबाबा मंदिर

**संवाददाता । चांडिल**

लगातार डॉट इन और हिंदी दैनिक अखबार शुभम संदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार की शाम चांडिल प्रखंड के जयदा स्थित ऐतिहासिक बुढ़ाबाबा शिव मंदिर परिसर एक बार फिर जगमगाने लगा. लंबे समय के बाद मंदिर परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट एक बार फिर जलने लगी.

इसकी रौशनी से समूचा मंदिर परिसर जगमग हो गया. बिजली विभाग ने खबर पर संज्ञान लिया और सावन के पवित्र माह में सभी लाइट जलाने का निर्णय लिया. इसके लिए चांडिल के विद्युत सहायक अभियंता लालजी महतो ने अपने मातहत पदाधिकारियों को निर्देश दिया.



रविवार दोपहर बाद बिजली विभाग के कर्मी मंदिर पहुंचे और बिजली के तारों की जांच शुरू की. सभी तारों को दुरुस्त करते हुए मंदिर परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट को जला दिया. बिजली कर्मियों का कहना था कि सड़क तक सभी लाइटों को जलाया जाएगा. मंदिर परिसर में लाइट जलने के बाद मंदिर से जुड़े लोगों के अलावा मंदिर पहुंचे शिवभक्त कांवरियों में हर्ष देखा गया.

## लोकतंत्र की हत्या कर संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : सुखराम उरांव

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

झारखंड में विपक्ष पार्टी की भूमिका निभा रही भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर संविधान को खत्म करना चाहती है. यह बात चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो के जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव ने रविवार को भारत भवन के समीप स्थित एक होटल में झामुमो की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में कही.

उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष के आचरण को सभी ने देखा. विधानसभा की अपनी नियमावली होती है, लेकिन विपक्ष नियमावली को ही खत्म करना चाहता है. विधानसभा सत्र में मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय होता है. लेकिन विपक्ष ने इसकी कार्यवाही रोक कर लोकतंत्र को खत्म करना चाहा. विपक्ष ने विधानसभा को हाइजैक कर लिया. उन्होंने कहा कि नियमतः सत्र की अवधि खत्म होने के बाद कोई नहीं रह सकता, लेकिन विपक्ष ने कार्यवाही तो होने नहीं दी और दो बजे तक विधानसभा में रहे.

इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सचिव से कह कर विधानसभा खाली कराया. इसके बाद रात भर वे लॉबी में रहे. ऐसा आचरण देश के लिए कलंक है. यह कभी नहीं होना चाहिए था. सत्र में मुख्यमंत्री के बोलने से विपक्ष का नेता पहले बोलता है और सदन चलने नहीं दिया गया.

सिर्फ चर्चा हुई और कोई कार्यवाही नहीं हुई. राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्य विपक्ष को हजम नहीं हो रहा है.




प्रेस वार्ता में संबोधित करते विधायक सुखराम उरांव व अन्य नेता.

**बैठक** मजदूर नेता रामा पांडेय के नेतृत्व में बाईहातु में बनेगी आंदोलन की रणनीति

# सेल की खदानों के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक सात को

- बैठक में मुआवजा, शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी नहीं देने का लगाया आरोप

**संवाददाता । किरीबुरु**

सारंडा के छोटानागरा पंचायत के पांच गांव जोजोगुटु, राजाबेड़ा, बाईहातु, तितलीघाट एवं जामकुंडिया के ग्रामीणों ने 4 अगस्त को जोजोगुटु गांव में मान सिंह चाम्पिया की अध्यक्षता में बैठक की. बैठक सेल की गुवा, किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान से होने वाली परेशानी पर चर्चा की गई. इसमें खदान से आने वाली लाल पानी, मिट्टी, मुरुम की वजह से गांवों की सैकड़ों एकड़ कृषि रैयत भूमि बंजर व बर्बाद हो रही है. बैठक में बंजर भूमि के एवज में अब तक ग्रामीणों को कोई मुआवजा नहीं देने, सेल की खदानों में स्थायी नौकरी नहीं देने आदि की मांग की गई है. ग्रामीणों की अगली बैठक 7 अगस्त को बाईहातु मैदान में होगी. इसमें मजदूर नेता रामा पांडेय भी शामिल होंगे.

बैठक में बड़ा आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी. राजाबेड़ा मुंडा जामदेव चाम्पिया, बाईहातु मुंडा चिंतामणि चाम्पिया, मानसिंह चाम्पिया, राजेश सांडिल आदि ने बताया कि उक्त खदानों से सबसे ज्यादा प्रभावित पांच गांव हैं. लेकिन सेल की तीनों खदान प्रबंधन जब भी नौकरी व रोजगार देने की बात आती है तो इन गांव के शिक्षित बेरोजगारों की उपेक्षा करती है. कुछ वर्ष पूर्व सारंडा वन प्रमंडल व पुलिस-प्रशासन ने कृषि भूमि को बंजर किये जाने संबंधी शिकायतों के बाद जांच की थी. जांच में टीम ने मामले को सही पाया था. उसके बावजूद पुलिस-प्रशासन व वन विभाग सेल प्रबंधन से आज तक मुआवजा नहीं दिला पाया. इस समस्या से गांवों के ग्रामीण विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर मर रहे हैं. बैठक में बमिया सुरीन, बोमर चाम्पिया, सेर्गेया सुरीन, चन्दर अंगारिया, मंगल बालमुचू, मोसो देवगम, काटे देवगम, पाण्डु चाम्पिया, बामिया, मंगल हुरद, सोमरा देवगम, बिरसिंह देवगम आदि उपस्थित थे.



जोजोगुटु में सेल की खदानों के खिलाफ आयोजित बैठक में शामिल कई गांव के ग्रामीण.

### न्यूज अपडेट

## उत्पाद विभाग ने अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त



**किरीबुरु ।** सहायक आयुक्त उत्पाद, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के निर्देशानुसार 3 एवं 4 अगस्त को अवैध चुलाई शराब अड्डों से भारी मात्रा में चुलाई शराब व जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया. 3 अगस्त को जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत गोटई एवं बिंज गांव में अवैध शराब बिक्री के अड्डों पर छापामारी की गई, जहां से अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया. 4 अगस्त को जिले के टोंटो थाना अंतर्गत दोकट्टा गांव में तथा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत हेसबासा में छापामारी की गई, जहां अवैध चुलाई अड्डे से जावा महुआ एवं चुलाई शराब बरामद हुआ. संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

## मंईयां सम्मान योजना का आवेदन रविवार को हुआ जमा



**किरीबुरु ।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जरुरी पहचान पत्रों के साथ फॉर्म भरकर जमा करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा. इस योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रुपये सरकार ने देने की घोषणा की है. इसी योजना का लाभ लेने हेतु 22 से 50 वर्ष तक की महिलाएं भारी तादाद में अपने-अपने पंचायत केन्द्रों पर आज भी फॉर्म जमा करती रहीं. बराईबुरु, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, सलाई आदि अन्य केन्द्रों पर सर्वर डाउन रहने की वजह से ऑनलाइन आवेदन जमा नहीं हो सका. सभी ऑफलाइन आवेदन जमा करा रहे हैं. आवेदन जमा करने वालों को दोबारा केन्द्र पर जाना पड़ सकता है.

## आदिवासी हो द्वितीय राजभाषा दिवस की तैयारी शुरू



**चाईबासा ।** आदिवासी हो द्वितीय राजभाषा कार्य समिति की ओर से 30 अगस्त को आयोजित होने वाली आदिवासी हो द्वितीय राजभाषा दिवस की तैयारी बैठक हुई. बैठक हो भाषा कोचिंग सेंटर, हो कला संगम, ताम्बो चाईबासा में हुई. बिहार विधानसभा में एकमात्र हो भाषा में शपथ ग्रहण करने वाले पूर्व विधायक मंगल बोबोंगा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया. आयोजन समिति के लिए सर्वसम्मति से मुख्य कार्यक्रम संयोजक के रुप में कोल्हान गौरव हो साहित्यकार डोबरो बुड़ीउली का चयन किया गया है. आयोजन समिति के अन्य संयोजक सदस्यों में पूर्वी सिंहभूम से काशराय कुदादा भी शामिल थे.

## मतकमबेड़ा बीएसएनएल टावर से बैटरी व अन्य सामान चोरी



**चक्रधरपुर ।** बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना क्षेत्र के मतकमबेड़ा गांव स्थित उदयपुर टोला में लगे बीएसएनएल टावर से चोरों ने बैटरी समेत अन्य कई सामान चोरी कर ली. इस संबंध में कराईकेला थाना में मामला दर्ज कराया गया है. बताया जाता है कि उदयपुर टोला में लगे बीएसएनएल टावर की देखरेख करने वाले दिनेश प्रधान जब रविवार सुबह बीएसएनएल टावर पहुंचे तो टावर में लगे 21 सोलर में एक सोलर, 2 बैटरी, 7 सोलर स्टैंड, 2 गैस सिलेंडर गायब है. इसके बाद उसने इसकी काफी खोजबीन की, लेकिन सामान का पता नहीं चला. इसके बाद दिनेश प्रधान ने कराईकेला थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.

## महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष मालती गिलुवा का स्वागत



**चक्रधरपुर ।** पूर्व सांसद स्व. लक्ष्मण गिलुवा की पत्नी मालती गिलुवा को भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रविवार को कराईकेला में उनका स्वागत किया गया. इस मौके पर कराईकेला मंडल कमेटी की ओर से मालती गिलुवा को फूलों का गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मालती गिलुवा ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी. वर्तमान में विधानसभा चुनाव झारखंड में होने को है. महिलाओं को पार्टी में जोड़ना है. मौके पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य शिवलाल रवानी आदि मौजूद थे.

## वनग्राम की समस्या को लेकर कारिका में हुई बैठक



**चक्रधरपुर ।** बंदगांव प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र कारिका में वनग्राम को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई उपस्थित थे. बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा नहीं दिये जाने के कारण कई प्रकार की सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है. खासकर वनग्रामों में निवास करने वाले स्कूली बच्चों के जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र नहीं बनने से कई प्रकार की दिक्कतें उठानी पड़ रही है. इसके साथ ही वनग्राम में पेयजल, बिजली, सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. मौके पर गोपाल मुंडा, विजय दिग्गी, बिरसा मुंडा, सावन पूर्ति, सुखराम मुंडा, गंगु मुंडा, मोटाय मुंडा आदि मौजूद थे.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का हुआ मिलन समारोह

संवाददाता। रामगढ़

गोला के सुवर्ण वणिक धर्मशाला में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता गोला प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार चक्रपाणि व संचालन सुजित कुमार महतो ने किया. समारोह में गोला के विभिन्न दलों के दर्जनों लोग जेबीकेएसएस में शामिल हुए, जिनका स्वागत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेबीकेएसएस के पंकज महतो व केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी के द्वारा माला पहनाकर किया गया. स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सभी का जेबीकेएसएस में स्वागत है. समिति 24 घंटा आप लोगों के हर सुख-दुख में खड़ा है. बताया गया कि पंचायत के कुमुद बर्मन, राजकुमार प्रसाद, मधु नायक, रितेश कुमार पोद्दार, विनोद कुमार पोद्दार, सुचित कुमार, प्रमोद सोनी, दिलीप कुमार स्वर्णकार, सविता देवी, चीतू चक्रवर्ती, रितु देवी, आशा देवी सुमन पोद्दार, सुब्रतो देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष जेबी केएसएस में शामिल हुए. मौके पर भागीरथ प्रजापति, नरेंद्र महतो, मुख्तार अंसारी डब्लू महतो, पंकज कुमार महतो, रमेश महतो, धीरेन महतो, निरंजन महतो, होरेन महतो मौजूद थे.

### बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने किक मारकर किया उद्घाटन, भाजपा नेत्री शेफाली भी रहीं मौजूद

## 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

संवाददाता। हजारीबाग

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में दिन रविवार को 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टूर्नामेंट - 2024 का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने फुटबॉल पर किक मारकर किया. इससे पूर्व सभी टीमों को अभ्यास के लिए फुटबॉल भेंट किया गया. साथ ही सभी टीमों के खिलाडियों को जर्सी भी प्रदान की गई. उद्घाटन मैच हजारीबाग सेंटर एवं ग्रामीण एलेवन के बीच खेला गया. इसमें हजारीबाग सेंटर टीम ने 2-1 से जात दर्ज की. मैच में रेफरी शशि कुमार दास, गौरव कुमार एवं बबलू कुमार रहे. ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंड में आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी पंचायतों की टीमें हिस्सा लेंगी. कुल मिलाकर लगभग 75 पंचायतों की टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी. कर्जन ग्राउंड में सदर प्रखंड के सभी मैच खेले जाएंगे. कटकमसांडी, कटकमदाग तथा दारू में भी टूर्नामेंट का आगाज होगा.

इस मौके पर जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से कई खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा. इस टूर्नामेंट का जिस सोच के साथ आयोजन किया जा रहा है उसको मेरा सलाम. कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिससे मन एवं शरीर दोनों स्वस्थ रहता है. फुटबॉल के प्रति खासकर सदर विधानसभा क्षेत्र में काफी रुझान है. शेफाली गुप्ता ने कहा कि युवाओं की मांग पर हमने इस टूर्नामेंट का आयोजन किया है. सदर विधानसभा क्षेत्र के चार प्रखंड सदर, कटकमदाग, कटकमसांडी एवं दारू में इसका आयोजन का किया जाएगा, जिसकी शुरुआत आज कर्जन ग्राउंड से हुई है. उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है. मेरी कोशिश है कि ग्रामीण प्रतिभा को उजागर कर प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाएं.

मौके पर विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साव, विजय कुमार, किशोरी राणा, शिवपाल यादव, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय, कुंवर मनोज सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका साव, संघ के गंगाधर दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार, मनीष कुमार, सत्यभामा, रानी शुक्ला, रेफरी मंसूर आलम, प्रकाश गुप्ता, सुरेन्द्र राम, शशिकांत शर्मा, विकाश कुमार, शशि कुमार, बबलू राम, अशोक कुमार, ललित उराव एवं कार्तिक राम सहित कई गणमान्य लोग शामिल उपस्थित रहे.


फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ के दौरान सांसद मनीष जायसवाल व अन्य.

### ब्रीफ खबरें

#### जलजमाव की समस्या से नगरवासी परेशान

**हजारीबाग।** पिछले कई वर्षों से जल जमाव से नगरवासी परेशान हैं. इसको लेकर शांति समिति की बैठक नगर भवन में हुई थी. जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों की मौजूदगी में समाज सेवी सह राजद प्रदेश कार्य समिति झारखंड आंदोलन कारी सदस्य फहीम उद्दिन अहमद उर्फ संजर मलिक ने कमिटी द्वारा लिखित आवेदन के साथ मौखिक भी विभाग इसकी जानकारी दी. इसके कई वर्षों के बाद जनवरी में टेंडर हुआ लेकिन कार्य चालू नहीं किया गया. इसकी जानकारी नगर आयुक्त कार्यपालक अभियंता सिटी मैनेजर तथा अन्य विभाग के लोगों को दिए जाने पर ठेकेदार को फटकार लगी तो आनन फानन में कार्य शुरू कराया. एक माह से हो रहे इस कार्य में अभी सिर्फ कुछ दूर तक नाली बनी है. एक दिन कुछ लेबर आते हैं फिर कई दिन गायब हो जाते हैं.

#### आजसू नेता की पहल से आवागमन शुरू

**केरेडारी।** प्रखंड के बुंडू पंचायत स्थित सुदूरवर्ती गांव बटुका में पिछले दिनों मूसलाधार बारिश से सड़क बह गई थी, जिसके कारण खपिया, बटुका, बुंडू का संपर्क टूट गया था. लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी. बटुका के लोगों ने अपनी परेशानी आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को बताया. तत्पश्चात उन्होंने संज्ञान में लेते हुए आजसू पार्टी के केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार से कहा कि तत्काल सड़क पर मिट्टी मोरम भर कर आवागमन शुरू किया जाए, जिससे वहां के लोगों को परेशानी झेलना ना पड़े. रोशन लाल चौधरी के कहेनुसार बटुका के कार्यकर्ताओं ने जेसीबी और ट्रैक्टर की व्यवस्था कर सड़क पर मिट्टी भर कर आवागमन शुरू करवाया.

#### 915 आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के उद्देश्य से प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दी जानी है. उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिला अंतर्गत 230 पंचायतों एवं नगर निगम क्षेत्र के वार्डों के विभिन्न स्थानों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. उक्त सभी स्थानों में विशेष कैम्प 10 अगस्त तक प्रतिदिन लगाये जाएंगे. शाम 6 बजे तक आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से पंचायतों एवं नगर निगम क्षेत्र से अबतक कुल 915 आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की गई है.

### मनीष जायसवाल ने रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ की बजट पर चर्चा

## बजट में सभी वर्गों व क्षेत्रों के विकास पर फोकस : सांसद

संवाददाता। रामगढ़

लोकसभा के बजट सत्र में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की आवाज को मुखरता से बुलंद करने के साथ रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ पहुंचे. रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए लोकसभा के बजट सत्र के दौरान रामगढ़ में आईएसएम की स्थापना के मांग, रामगढ़ के रेलवे स्टेशन से महानगरों के लिए लंबी दूरी की रेल की मांग, रामगढ़ कैंट की जमीन को कैंट बोर्ड से अविलंब मुक्त करने सहित क्षेत्र के किसानों के लिए उठाए गए मांगों पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी. साथ ही केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट अमृत कल का बजट है और इसमें सभी वर्ग, समुदाय के साथ देश एवं झारखंड के विकास को गति प्रदान करने पर बल प्रदान किया गया है.

इसके बाद रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े प्रबुद्ध जनों के साथ केंद्रीय बजट पर विशेष चर्चा पर चर्चा की. इससे पहले रामगढ़ पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल ने ऐतिहासिक सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. यहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद किसानों ने रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के बैनर तले किसानों की आवाज को लोकसभा में पुरजोर तरीके से उठने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का पुरजोर स्वागत और सम्मान किया. मौके पर रामगढ़ क्षेत्र के भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनकर रामगढ़ की धरती पर स्वागत किया.

रामगढ़ मेन रोड के झंडा चौक पर एनडीए गठबंधन में शामिल दल आजसू के रामगढ़ जिला कार्यालय में आजसू के प्रदेश महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी और रामगढ़ जिले के आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व स्थानीय आजसू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया. यहां उन्होंने आजसू के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मौजूदा राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा की. तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ शहर के पतरातु बस्ती निवासी सामाजिक कार्यकर्ता आज़ाद सिंह के एकलौते सुपुत्र के आकस्मिक निधन की सूचना पर उनके शोकाकुल परिवार से इस दुःख की घड़ी में मिलने उनके घर पहुंचे और उनके परिवार के इस बेहद विकट समय में उनसे मिलकर ढांढस बंधाया.



रामगढ़ पहुंचे क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत करते चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी व सदस्य.

**खास बातें**

- रामगढ़ पहुंचने पर सांसद का किया गया जोरदार स्वागत
- किसानों ने भी लोस में आवाज उठाने के लिए किया सम्मान

## दनुवा घाटी में एंबुलेंस में बैठे एक यात्री की मौत

**चौपारण।** दनुवा घाटी का दूसरा नाम यमराज या घाटी में घूम रहे यमराज कहा जाए तो यह गलत नहीं होगा. रविवार को एक एम्बुलेंस में बाएं बैठे एक व्यक्ति देखते ही देखते मौत के मुंह में चला गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मुंबई से एक एम्बुलेंस पेशेंट को लेकर कोलकाता जा रही थी. इसी बीच रविवार शाम में उक्त एम्बुलेंस का दनुवा घाटी के आगे सियरकोनी में बड़ा हादसा हुआ. एम्बुलेंस के ड्राइवर सीट के बाएं बैठे एक व्यक्ति अपने सिर को एम्बुलेंस की खिड़की पर रखकर गहरी नींद में सो रहा था. इसी बीच एम्बुलेंस के एक ट्रेलर के ओवरटेक के दौरान उसका सिर ट्रेलर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी गर्दन के ऊपर का पूरा हिस्सा पूरी तरह से पिसा गया. एम्बुलेंस चालक शक्ति चंद्रवंशी ने घायल को अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया.

## सऊदी अरब में फंसे मजदूर ने वतन वापसी की लगाई गुहार

- दलाल के जरिए सऊदी अरब पहुंचे भीम को नौ महीने से बंधक बनाकर रखा है मालिक

संवाददाता। विष्णुगढ़

प्रखंड स्थित सिरैय के प्रवासी मजदूर भीम ठाकुर (35) को सऊदी अरब में बंधक बनाए जाने की खबर आई है. अपने परिवार की खुशहाली का सपना संजोए भीम दलाल के जरिये सऊदी अरब पहुंच गया, जहां उसे उसके मालिक नौ महीने से बंधक बनाया हुआ है. उसे न तो पगार मिल रहा है और न ही ठीक ढंग से खाना. ऊपर से उसके मालिक ने उस पर फर्जी मुकदमा कर दिया है.

मोबाइल फोन पर अपनी बदहाली का रोना रोते हुए उसने अपने परिवार जनों से वतन वापसी कराने की फरियाद की है. उसका हाल जानकर उसकी पत्नी, बेटे व बूढ़ी विधवा मां बेहाल हैं. युवक के परिजन और शुभ चिंतकों ने झारखंड राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष की समन्वयक शिखा लकड़ा रोशनी से मिलकर उसकी सकुशल घर वापसी के लिए सरकार से विनती की है. पत्नी, बेटा प्रिंस कुमार (9) व प्रतीक कुमार (6) तथा उसकी विधवा मां पूरी तरह उसपर आश्रित हैं. पूरे परिवार का वह अकेला पालनहार है. इस तरह की यह पहली घटना नहीं है. दलाल अच्छी कमाई का सब्जबाग दिखाकर मजदूरों को विदेश भेज देते हैं, जहां अक्सर ऐसी घटनाएं घटित होती रहती हैं. वर्तमान में झारखंड के 43 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं. प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सिकंदर अली ने भी भीम की घर वापसी की सरकार से अपील की है.

## मंईयां सम्मान योजना पंजीकरण सेंटर का दौरा

संवाददाता। हजारीबाग

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने रविवार को नगर निगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत पंजीकरण सेंटर का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने वार्ड 3, 4, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 और 33 में आयोजित पंजीकरण अभियान का जायज़ा लिया. इस अभियान के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायन भगत ने भी इन कार्यक्रमों में वार्ड और बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ पंजीकरण सेंटर का जायज़ा लिया. मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य की गरीब और मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, "झारखंड सरकार खुशियों की बौछार लेकर आई है, और हर जरूरतमंद महिला को प्रतिवर्ष बारह हजार रुपये मिलेगा." उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की इस योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा. मनोज नारायण भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगा, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी.


मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना पंजीकरण सेंटर के दौरे के दौरान मुन्ना सिंह.

### मनीष जायसवाल ने सिंचाई मंत्री को लिखा पत्र

## मानगढ़ में लिफ्ट इरिगेशन से होगी सिंचाई की सुविधा: एमपी


ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने स्थल का दौरा किया.

संवाददाता। चौपारण

मानगढ़ के सैकड़ों ग्रामीणों की सिंचाई सुविधा के लिए बराकर नदी से लिफ्ट एरिगेशन की मांग पर सांसद मनीष जायसवाल ने लघु सिंचाई मंत्री, झारखंड को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने कहा कि ग्राम मानगढ़ से ग्रामीणों का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें इन्होंने लेढ़िया नदी से ग्राम ठुठी एवं मानगढ़ के किसानों के कृषि कार्य हेतु लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई कि सुविधा उपलब्ध कराने का जिक्र किया है. योजना किसानों के हित में महत्वाकांक्षी एवं लाभकारी साबित होगी. सांसद ने कहा कि जल्द ही कार्य योजना की प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाएगी. मैंने सचिव से भी भेंट कर योजना की स्वीकृति की मांग की है. योजना से ठूठी, मानगढ़, लोहड़ी, नगवां, बहेरा, पुरनाडीह, कोयली आदि गांवों को लाभ मिलेगा. शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव ने गांव के दर्जनों व्यक्ति के साथ स्थल निरीक्षण किया. मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, रंजीत सिंह, समिति सदस्य जनार्धन सिंह आदि मौजूद थे.

## विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पहले गोली मारी, फिर रेता गला

संवाददाता। हजारीबाग

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गाल्होबार में शनिवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति की नृशंस हत्या कर दी. मृतक की पहचान गाल्होबार निवासी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ गुड्डन मियां (45) के रूप में हुई है. अपराधियों ने पहले उसे गोली मारी, फिर गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये.

घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने घटनास्थल से एक कट्टा और चाकू बरामद किया है. आशंका जतायी जा रही कि अपराधियों का हथियार गिर गया होगा और अंधेरे की वजह से नहीं मिला होगा. इस संबंध में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि हत्या की वजह आपसी रंजिश भी हो सकती है. फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है.

**दो बाइक पर सवार होकर आये थे अपराधी :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि सरफुद्दीन बाइक से अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान दो बाइक पर सवार अपराधी वहां पहुंचे और चलती बाइक में ही पीछे से सरफुद्दीन की पीठ में गोली मार दी. गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा. इसके बाद अपराधियों ने चाकू से उसका गला रेत दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी. अब पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे का कारण स्पष्ट हो पायेगा. इधर, पुलिस ने अपराधियों का सुराग लगाने के लिए कई लोगों से पूछताछ की है. सर्च अभियान भी चलाया गया है.


घटनास्थल पर पड़ा शव और मौजूद भीड़.

**खास बातें**

- पुलिस ने घटनास्थल से कट्टा व चाकू बरामद किया
- अपराधियों का कोई सुराग नहीं, जांच में जुटी पुलिस

### खतियानी परिवार की बैठक में की गई घोषणा

## अशोक राम बने जिला अध्यक्ष अनवर व नसीरुद्दीन उपाध्यक्ष

संवाददाता। हजारीबाग

खतियानी परिवार की बैठक रविवार को मंजूर भवन में हुई, जिसकी अध्यक्षता खतियानी परिवार के संरक्षक डॉक्टर सीपी डांगी ने की. इसमें मोहम्मद हकीम ने नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की घोषणा की. अशोक राम को जिला अध्यक्ष एवं अनवर हुसैन और मोहम्मद नसीरुद्दीन को जिला उपाध्यक्ष चुना गया. जिला सचिव महेश विश्वकर्मा, जिला सहसचिव प्रदीप कुमार मेहता को, जिला नगर अध्यक्ष शंभू शंभू ठाकुर को चुना गया. बैठक में बाबू भाई विद्रोही, बड़कागांव से आए हुए लखेंद्र ठाकुर, अधिवक्ता शंभू कुमार, डॉ तनवीर अहमद, महेंद्र प्रजापति, निजाम अंसारी, रीता देवी, तनुजा खातून, रेहाना खातून, सीता देवी, सुनीता कक्षा, बिंदु देवी, राधा देवी, पार्वती, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद इसराइल, अंजना हाशमी, मरियम खातून, तनुजा खातून, राजेश यादव, मोहम्मद कलीम, महमूद आलम, प्रदीप मेहता, अवध कुमार, जगदीश पुरी, आशा देवी, सागर अली, युसूफ मियां, अमर कुमार, खुर्शीद आलम, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद थे.


खतियानी परिवार की बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारी.

### अच्छी पहल — खंडेलवाल महिला संघ ने किया भव्य आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

## सावन मिलन समारोह में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

संवाददाता। हजारीबाग

सावन का महीना आते ही क्या खास और क्या अलग सभी अपने अंदाज में सावन का जश्न मनाने को आतुर नजर आते हैं. खंडेलवाल महिला संघ ने रविवार को मुनका बगीचा के सभागार में सावन मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया. इसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष रुना खंडलवाल ने की.

समारोह के दौरान बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. इस बीच विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए गए. वहीं कार्यक्रम में झूला लगाया गया था जो सभी को अपनी और आकर्षित कर रहा था. महिलाओं के लिए एक विशेष सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहा. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं. महिलाओं को उपहार भेंट किया गया. मंच का संचालन राखी खंडेलवाल ने किया. वहीं स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी. समारोह के दौरान बेहतर ड्रेस कोड, जैसे अनेकों माध्यमों से लोगों को पुरस्कृत किया गया.

खंडेलवाल महिला संघ द्वारा पहली बार यह आयोजन किया गया था. समाज की महिलाओं ने भी राजस्थानी गीत पर नृत्य किया.

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका सरिता खंडेलवाल, संघ की संरक्षक उषा कूलवाल, सह संरक्षक इंदु दुसाध, अध्यक्ष रुना खंडेलवाल, उपाध्यक्ष चंद्रकला ढोकरिया, सचिव रूपा वैध, सह सचिव विनीता पवन रावत, रचना दुसाध, कोषाध्यक्ष नितिका दुसाध, सह कोषाध्यक्ष राखी दुसाध एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज की समस्त महिला सदस्यों का योगदान रहा. मौके पर रुना खंडेलवाल ने कहा कि सावन मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया.

सावन का महीना विशेषकर महिलाओं के लिए उत्सव का समय होता है और ऐसे कार्यक्रम उनके जीवन में खुशियों का संचार करते हैं. इस प्रकार के मिलन समारोह से लोगों को एक-दूसरे से मिलने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिलता है. उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की.


सावन मिलन समारोह के दौरान महिलाएं और बच्चे.

**खास बातें**

- बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी लोगों का मोह लिया मन
- समाज की महिलाओं ने भी राजस्थानी नृत्य किया

### सुदूरवर्ती गांव लोहरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

## विधानसभा क्षेत्र के हर हिस्से में विधायक अंबा प्रसाद करा रहीं टूर्नामेंट : अंकित राज

संवाददाता। केरेडारी

प्रखंड क्षेत्र के मनातू पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम लोहरा में युवा आजाद क्लब के बैनर तले फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने फीता काटकर किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगातार टूर्नामेंट कराए जाते रहे हैं. अभी भी पूरे क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है.

खेलकूद के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र अग्रणी बने उसके लिए खिलाड़ियों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी. युवा आजाद क्लब लोहरा के अध्यक्ष सुरेंद्र गंझू व दिवाकर गंझू ने बताया कि टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले सकती हैं. पुरस्कार के तौर पर बुलेट खस्सी, बंपर खस्सी, सुपर खस्सी, छोटा खस्सी दिया जाएगा.

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया द्वारका गंझू, वार्ड सदस्य प्रभु गंझू, पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश गंझू, तेज गंझू, भीम गंझू, राजेंद्र गंझू, मोहन गंझू, दिनेश गंझू, जागेश्वर साव, मुकेश कुमार वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे.


फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते विधायक के भाई अंकित राज.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम का समय कुछ चिड़चिड़ापन वाला होगा. कार्य में गति मिलेगी, जिससे कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी. माता का आशीर्वाद ले.

**वृषभ** धन के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. भाई के सहयोग से लाभ में बृद्धि होगी. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. भाई के सुख में वृद्धि होगी.

**मिथुन** विदेश में बसे लोगों को लाभ का मौका मिलेगा. खर्च अधिक होगा. साथ ही धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. जुबान पर नियंत्रण अति आवश्यक है.

**कर्क** सुख में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विदेशी मेहमान से लाभ होगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** भाग्य का साथ मिलेगा. घर में सजावट हो सकती है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. गणेश जी पर दूब और हल्दी अर्पण करें.

**तुला** किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. देवी मन्दिर में इत्र दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** किसी से बेकार की बहस हो सकती है, जिससे मन खिन्न होगा. समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. गुरु मंत्र का जाप करें और केला का दान करें.

**मकर** जीवनसाथी के किसी बात हो को लेकर बहस हो सकती है. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. काली वस्तु का दान करें.

**कुंभ** विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. आलस का त्याग करना चाहिए. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**मीन** समय शुभ है. संतान से कार्य का लाभ होगा. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी, जिससे मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. गलत दोस्तों से दूरी बना कर रहें.

## ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास रांची पहुंचे, फिर जमशेदपुर गये



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास राष्ट्रपति भवन में आयोजित राज्यपाल सम्मेलन में शामिल होने के बाद दिल्ली से रांची पहुंचे. रांची आगमन पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संजय कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, शुभम कुमार जायसवाल, जॉनी वाकर खान, उमेश यादव, राहुल कुमार, सुजीत कुमार, तरुण कुमार जायसवाल, अंकित कुमार आदि ने उनका स्वागत किया. दास हवाई अड्डे से एचईसी आवासीय परिसर स्थित आवास पहुंचे. यहां कुछ देर रुकने के बाद सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुए.

## मंत्री व सांसद मृत कांवरियों के परिजनों से मिले



**बालूमाथ (लातेहार)।** क्षेत्रीय विधायक सह झारखण्ड सरकार के मंत्री बैद्यनाथ राम एवं चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने दिवगंत कावंरियों के परिजनों से अलग अलग मुलाकात की. उन्होने इस मौके पर अपनी संवेदनायें प्रकट की. चतरा सांसद कालीचरण सिंह व मंत्री बारी बारी से धाधु पंचायत के त भैसादोन स्थित सचेंद्र यादव उर्फ़ सच्चू यादव के घर पहुंच कर परिवार वालों से मिल कर शोक व्यक्त किया. दुख के इस घड़ी में धैर्य रखने की अपील की. ज्ञात हो की सचेद्र यादव की 12 वर्षीय पुत्री रगीली कुमारी एवं माता शांति देवी इस दुर्घटना में असमय दिवगंत हो गयी थी.

### लातेहार जिले के सरनाधाम बारेसांढ़ से सावन अमावस्या पर निकाली गयी विशेष कांवर यात्रा ,उमड़ी आस्थावानों की भीड़

# कांवर यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, 51 किलोमीटर पैदल चले

संवाददाता। लातेहार

पवित्र श्रावण माह की अमवस्या तिथि को गारू प्रखंड के मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरना धाम बारेसाढ़ के तत्वावधान में रविवार को विशेष कांवर जल यात्रा निकाली गयी. कांवर जल यात्रा का शुभारंभ महुआडांड़ के बूढ़ा घाघ नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरा और 51 किमी की पैदल यात्रा कर नर्मदेश्वर शिव मंदिर पहुंचे. यहां श्रद्धालुओं ने पूरे मनायोग से भगवान शिव का जलाभिषेक किया. त्रा के दौरान पूरा क्षेत्र में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गुंजायमान हो गया. कांवरियों की सुविधा के लिए हामी, चटकपुर, गोठगांव, महुआड़ाड़ और बांसकरचा समेत कई स्थानों पर जलपान व पेयजल की व्यवस्था की गई थी. जलाभिषेक के बाद सरनाधाम में भंडारे का आयोजन किया गया.

पर्यावरण संतुलन के लिए सरना धाम आश्रम परिसर में फलाधार पौधरोपण किया गया. मौके पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने भी भाग लिया. मानस मणि दीप सेवा संस्थान व जिला मुखिया समाज के अध्यक्ष सुभाष सिंह ने विधायक श्री राम का स्वागत किया. मौके पर निवर्तमान लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, अवधेश चेरों, जिप सदस्य बलवंत सिंह, आरएसएस के अंचल, विकास भारती के धनंजय कश्यप व आलोक व रंजीत कुमार आदि को अंग वस्त्र देकर संस्थान के द्वारा सम्मानित किया गया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, राजा कमला पूरी, राजू यादव, सूचित प्रसाद, चन्दन प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे.

**खास बातें**
- जल यात्रा का शुभारंभ महुआडांड़ के बूढ़ाघाघ नदी से किया गया
- कावंरियों के लिए कई स्थानों पर की गयी थी जलपान की व्यवस्था



### पुल मझिआंव को पलामू के ऊंटारी रोड को जोड़ता है

# कोयल नदी पर बने पुल पर कंपन, आवाजाही पर लगी रोक

संवाददाता। मझिआंव

ऊपरी इलाकों में दो दिनों सेहो रही लगातार बारिश के कारण कोयल नदी उफान पर है. मझिआंव नगर पंचायत के नदी तटीय क्षेत्रों में पानी भर गया है. पानी का बहाव तेज होने और मझिआंव को पलामू के ऊंटारी रोड को जोड़ने के लिए नदी पर बने पुल में कंपन्न के कारण एहतियातन वाहनों की आवाजाही तत्काल रोक दी गई है. थाना प्रभारी ने बताया सीओशंभूराम और बीडीओ सतीश भगत के निर्देश पर एहतियातन पुल पर बैरिकेडिंग कर दी गई है ताकि वाहनों का आवागमन को रोका जा सके.उक्त पुल से होकर लोगों को पैदल जाने पर भी रोक लगा दी गई है. थानांतर्गत गहीड़ी के समीप बैरिकेडिंग किया गया है. मामले में

अंचल पदाधिकारी शंभूराम ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुल से होकर आवागमन रोक दिया गया है. पानी कम होने पर पुल से होकर आवागमन बहाल कर दिया जाएगा. उधर बारिश के कारण नगर पंचायत के कई क्षेत्रों में नदी का पानी आ गया है. कोयल नदी का पानी नगर पंचायत क्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिर के समीप तक आ गया है. वहीं देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बनाया गया यज्ञ मंडप में चार फीट पानी भर गया है. राधाकृष्ण मंदिर परिसर के आसपास भी कोयल नदी का पानी भरा हुआ है. उसक अलावा नदी तट पर बनाया गया पानी टंकी क्षेत्र में भी पानी भरा हुआ है. 19 लाख की लागत से बच्चों के लिए बनाया गया पार्क पर भी कोयल नदी में आए उफान के कारण संकट मंडरा रहा है. पार्क में फिलहाल करीब तीन फीट पानी है.



### एनएच 343 पर गड्ढों की भरमार, आवागमन में परेशानी

## भंडरिया जा रहे एसपी का स्कॉर्पियो भी फंसा

**रंका।** गढ़वा-अंबिकापुर एनएच 343 पर गड्ढों की भरमार है. बारिश के दिनों में उक्त गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन में अधिक परेशानी होती है. पानी भरे रहने के कारण गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लगता. उससे कई मर्तबा लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं. कई बार तो गाड़ियां भी फंस जाती हैं. रविवार को भंडरिया जा रहे एसपी दीपक कुमार पांडेय का स्कॉर्पियो भी फंस गया. काफी प्रयास के बाद जवानों ने वाहन को गड्ढे से बाहर निकाला. मालूम हो कि सड़क पर गड्ढे होने से यह जानलेवा साबित हो रहा है. सड़क पर बने गड्ढों के कारण अक्सर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं. पिछले पांच जुलाई को भी सड़क पर बने गड्ढे के कारण असंतुलित होकर छात्र-छात्राओं को लेकर स्कूल से आ रहा टेंपो पलट गया. घटना में टेंपो पर सवार 15 विद्यार्थियों में 13 घायल हो गए थे. बाकी दो छात्र बाल-बाल बच गए थे. गढ़वा-अंबिकापुर एनएच 343 जर्जर हो चुकी है. जिला मुख्यालय के पुरनचंद चौक से लेकर गोदरमाना तक सड़क पर असंख्य गड्ढे बने हैं. कई जगहों पर तो जानलेवा गड्ढे बन गए हैं. उससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. उक्त सड़क पर हर दिन अंतरराज्यीय बड़े वाहनों की आवाजाही बड़ी संख्या में होती है. उसके अलावा छत्तीसगढ़ से हर दिन 70 से अधिक यात्री बस भी चलती हैं. छोटे यात्री वाहनों का संचालन भी हर दिन काफी संख्या में होता है. यह सड़क से ही लोग रायपुर, बिलासपुर, दिल्ली, कोलकाता सहित अन्य शहरों को जोड़ती है. झारखंड राज्य में प्रवेश करते ही सीमा पर अवस्थित गोदरमाना से ही सड़क की स्थिति बदतर हो गई है. सड़क पर कई बड़े बड़े गड्ढे उभर आए हैं. सड़क का किनारा दिन-प्रतिदिन टूटता जा रहा है. गोदरमाना से 5 किलोमीटर दूर भौंरी भौं , 7 किलोमीटर दूर बुढ़ापारस के पासखरसोईया नाला पर बने पुल की स्थिति ऐसी है कि चालक जान हथेली पर रखकर कर पार करते हैं. उसके अलावा भदुवाघाटी, सरका नाला, नवाडीह पुल के पास, खरडीहा पुल के पास, दौनादाग गांव के पास के अलावा अलावा कई अन्य जगहों पर भी जानलेवा गड्ढा बन गया है. उक्त सभी जगहों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता है. उससे दुर्घटनाएं हो रही हैं.

## 6 से 14 तक सुरक्षा अधिकारी कैडर के पदों पर आवेदन आमंत्रित

संवाददाता। गढ़वा

एशिया महाद्वीप की विश्व स्तरीय एसआईएस ग्रुप द्वारा 6 अगस्त से 14 अगस्त तक झारखंड के सभी जिलों के स्नातक युवाओं के लिए लिखित परीक्षा के लिए सुरक्षा अधिकारी कैडर के पदों पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं. इसकी जानकारी ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने दी है. उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए यह सुनहरा मौका है. ये परीक्षा इस वर्ष की आखिरी परीक्षा है. परीक्षा झारखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी, जिसमें 1250 युवाओं को चयन कर स्थाई अधिकारी सेवा की नियुक्ति प्रदान की जायेगी. ग्रुप कमांडेंट ने बताया कि युवाओं को शुरुआत में सालाना तीन लाख 50 हजार का पैकेज दिया जाएगा, जो प्रशिक्षण के दौरान ही प्रारंभिक दिन से मिलना शुरू हो जाएगा. इनकी तैनाती जहां पर होगी राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता, सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन पीएफ, ग्रेच्युटी ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, बोनस, मेडिक्लेम, दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था आदि दी जाएगी.

## पेज एक का शेष

### सरयू राय जदयू में शामिल...

साथ में झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति बनी. शेष चुनावी औपचारिकताओं पर जदयू नेतृत्व शीघ्र निर्णय लेगा. जिसके बाद रविवार को सरयू राय जदयू में शामिल हो गए हैं. सरयू राय पूर्व में झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं. वह जमशेदपुर-पूर्वी सीट से अभी निर्दलीय विधायक हैं. उन्होंने 2005 में पहली बार जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव जीता था.

### कागज की जगह स्क्रीन ने ली...

**बच्चों का ध्यान भटकाते हैं मोबाइल पर आने वाले नोटिफकेशन :** मोबाइल फोन पर आने वाले नोटिफिकेशन पढ़ते, सीखते या ध्यान लगाते वक्त आपका ध्यान भटकाते हैं. रिपोर्ट के अनुसार 14 देशों में प्री-प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्रों के मोबाइल फोन के उपयोग और शैक्षिक परिणामों के बीच संबंधों पर शोध के मेटा-विश्लेषण में एक छोटा नकारात्मक प्रभाव दिखा, जो विश्वविद्यालय स्तर पर काफी बड़े स्तर पर पहुंच जाता है. मोबाइल पर आने वाली सूचनाएं या मोबाइल डिवाइस की मात्र निकटता एक ध्यान भटकाने वाली चीज हो सकती है, जिससे छात्र अपने काम से अपना ध्यान हटा लेते हैं. कक्षाओं में स्मार्टफोन के उपयोग से छात्र गैर-विद्यालय से संबंधित गतिविधियों में संलग्न हो जाते हैं. इससे याद करने और समझने पर प्रभाव पड़ता है. रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक अध्ययन में पाया गया है कि गैर-शैक्षणिक गतिविधि में संलग्न होने के बाद छात्रों को जो कुछ भी सीख रहे थे, उस पर फिर से ध्यान केंद्रित करने में 20 मिनट तक का समय लग सकता है. घर और स्कूल में प्रौद्योगिकी के उपयोग को निम्न, मध्यम या उच्च के रूप में वर्गीकृत करके, एक सीमा से अधिक गहन उपयोग को अक्सर घटते हुए शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ सहसंबद्ध पाया गया, जबकि मध्यम उपयोग को अक्सर सकारात्मक शैक्षणिक परिणामों के साथ जोड़ा गया. वहीं टैबलेट और फोन के उपयोग के बारे में शिक्षकों की धारणाओं पर अध्ययन कक्षा प्रबंधन में परेशानी होती है. अक्सर छात्र शिक्षकों द्वारा बताई गई वेबसाइटों के अलावा अन्य वेबसाइटों पर जाते हैं. कक्षा में सोशल मीडिया का उपयोग भी विघटनकारी है, जो सीखने के परिणामों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हुए शैक्षणिक विकर्षण को बढ़ाता है. डेटा विश्लेषण ने स्कूल में सोशल मीडिया के उपयोग से डिजिटल रीडिंग प्रदर्शन को नकरात्मक बताया है.

### ममता ने की हेमंत से बात...

**हिमंता भी कूदे बीच में, कहा-मैं दीदी सहमत नहीं :** ममता बनर्जी और हेमंत सोरेन के बातचीत और आग्रह पर भाजपा सह प्रभारी सह असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा भी कूद गए हैं. उन्होंने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि में दीदी का सम्मान करता हूं, लेकिन में उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकता कि झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार है. दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिल कर काम करना चाहिए, हर साल, अरुणाचल और भूटान की पहाड़ियों से आने वाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है. हालांकि, हम अरुणाचल सरकार या रॉयल भूटान सरकार को दोष नहीं देते क्योंकि हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती और यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है.

### बांग्लादेश: भड़की हिंसा

**भारतीयों को अलर्ट पर रहने की सलाह :** बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों से चल रही हिंसा में कम से कम 200 लोग मारे जा चुके हैं. ताजा झड़प में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हैं. भारत ने बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को अलर्ट पर रहने की सलाह दी है. भारत ने एक्स पर संदेश में कहा, हम सिलहट में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से भारतीय उच्चायोग कार्यालय के संपर्क में रहने का अनुरोध करते हैं. साथ ही उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी जाती है. आपात स्थिति में, कृपया 88-01313076402 पर संपर्क करें.

**हसीना समर्थकों की प्रदर्शनकारियों से खूनी झड़प :** समाचार पोर्टल बीडी न्यूज24 की एक खबर के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की और आरक्षण में सुधार को लेकर हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए. प्रदर्शनकारी असहयोग आंदोलन के पहले दिन राजधानी के साइंस लैब चौराहे पर भी एकत्र हुए और उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए. इस बीच सत्ताधारी पार्टी अवामी पार्टी के समर्थकों और पुलिस से प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई.

**सडक पर उपद्रव, कई वाहन फूंके :** विरोध प्रदर्शन के संयोजकों ने बताया कि ढाका के साइंस लैब, धानमंडी, मोहम्मदपुर, टेक्निकल, मीरपुर-10, रामपुरा, तेजगांव, फार्मगेट, पंथपथ, जतराबाड़ी और उत्तरा में भी प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की गईं. समाचारपत्र डेली स्टार के अनुसार, रविवार को बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी (बीएसएमएमयू) में अज्ञात लोगों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया. खबर के अनुसार, लाठी-डंडे लिए लोगों को अस्पताल परिसर में निजी कार, एम्बुलेंस, मोटरसाइकिलों और बसों में तोड़फोड़ करते देखा गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, चिकित्सकों और अन्य कर्मियों में भय पैदा हो गया.

**ये छात्र नहीं आतंकी हैं: हसीना :** इस बीच, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि मैं देशवासियों से इन आतंकवादियों का सख्ती से दमन करने की अपील करती हूं. ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, शेख हसीना ने गणभवन में सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने ये बातें कही है. बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के प्रमुख और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी थे. प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार और गृह मंत्री भी मीटिंग में मौजूद थे. हसीना ने इन आंदोलनकारियों से कड़ाई से निपटने का आदेश दिया है.

## जुआ खेलते आजसू नेता सहित नौ गिरफ्तार, एक लाख छह हजार जब्त

संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए न सिर्फ नौ जुआरियों को धर-दबोचा, बल्कि एक लाख छह6 हजार रुपये कैश और कई बोतल अंग्रेजी शराब एवं मोबाइल भी बरामद की है. गिरफ्तार लोगों में राम लखन प्रसाद, उमेश प्रसाद साहू, तनबीर कुरैशी, टिन्कू कुरैशी, अवधेश साहू, कमलेश प्रसाद साहू, अब्दुल मजीद, मो. इम्तयाज अंसारी, मो. सोनू शामिल हैं. एसपी हारिस बिन जमां ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अजय उद्यान के समीप राम लखन प्रसाद के घर पर जुआ अड्डा चल रहा है. इस सूचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. छापेमारी दल में टेक्नीकल दस्ता टीम के सदस्य भी शामिल थे. उक्त टीम के द्वारा 03.08.24 की रात्रि अजय उद्यान के पिछे राम लखन प्रसाद के घर में अवैध रूप से जुआ खेल रहे व्यक्तियों के विरूद्ध रात्रि करीब 22:05 बजे छापामारी किया गया. जिसमें उक्त लोगों को अवैध रूप से जुआ खेलते हुए पाया गया. जुआ अड्डा से नगद 1,06110 रुपये, काफी संख्या में ताश के पत्ते, नगद रुपये, अंग्रेजी शराब के 12 बोतल, ग्यारह मोबाईल, दो स्कूटी, दो मोटरसाईकिल को बरामद किया गया, जिसे जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया. उपरोक्त सभी 09 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. जिस संबंध में लोहरदगा थाना काण्ड संख्या 156/24, दिनांक 03.08.2024, धारा 292/3(5) बीएनएस, 3/4 बंगाल जुआ अधिनियम एवं 47 (ए) उत्पाद अधि० दर्ज किया गया. उपरोक्त सभी 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**खास बातें**
- गिरफ्तार आरोपियों में एक टिंकू कुरैशी हिंदी फिल्म प्रोड्यूशर का
- मौके से अंग्रेजी शराब की 12 बोतल, 11 मोबाइल और कई बाइक भी जब्त

## धुरकी पुलिस ने 17 हजार सीएफटी बालू जब्त किया

संवाददाता। धुरकी

धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया. घुरकी पुलिस व जिला खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा के संयुक्त छापामारी के दौरान ग्राम रक्सी अंर्तगत संतोष जायसवाल द्वारा करीब 10 हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया. साथ ही थाना क्षेत्र के परासपानी कला पश्चिमी टोला में ठेकेदार गोंड के घर के सामने सगमा निवासी नंदकिशोर मेहता के द्वारा करीब 7500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया. दोनों लोगां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें जिला खनन पदाधिकारी भी शामिल होते है. छापामारी के दौरान अलग अलग जगहों से करीब 17 हजार सीएफटी बालू को जप्त करते संतोष जायसवाल व नंदकिशोर मेहता पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. थाना प्रभारी ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर कनहर नदी से रात्रि में बालू चोरी कर छुपा कर रखा गया है. जिसकी सूचना पर छापामारी अभियान चलाया गया. उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार को किसी भी हाल में चलने नही दिया जायेगा. यह छापामारी आगे भी जारी रहेगी. छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीकू कुमार रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार सहित दलबल के जवान शामिल थे.

**राजनीति**

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में देश के सभी समुदाय के लोगों का रखा है ख्याल

# किसान, गरीब के लिए लगातार काम कर रहे हैं पीएम : नीलकंठ

संवाददाता। खूंटी

देश के इतिहास में दूसरी बार ऐसा हुआ किसी प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार सत्ता संभाली हो. इसके पहले जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन बार प्रधानमंत्री चुने गये थे. प्रधानमंत्री मोदी भी देश के हर समुदाय, समाज, किसान, महिला, दलित पिछड़े सभी के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस वर्ष के बजट में यह साफ झलकता है. ये बातें खूंटी के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को भाजपा के जिला कार्याल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं.



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते नीलकंठ सिंह मुंडा व अन्य भाजपा नेता

उन्होंने कहा कि बजट में कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा और संरचना नवाचार अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी का सुधार शामिल हैं. उन्होंने कहा कि बजट में मुख्ता चार समूह गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित किया गया है. अन्नदाता के लिए सरकार ने एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करके लागत पर काम से कम 50: मार्जिन देने का वादा को पूरा किया. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा.

विधायक ने कहा कि इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है. रोजगार कौशल प्रशिक्षण व अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहले के पैकेज की घोषणा की गई जिससे पांच वर्ष की अवधि में 44.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा. इसके लिए केंद्रीय परिव्यय दो लाख करोड़ रुपए का है. इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है.

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्म की फसलों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करेगी. किसानों की खेती- बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्चतर पैदावार वाली हर जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में पूरे देश में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दी जाएगी, जिसमें प्रमाण पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल है. दस हजार आवश्यकता आधारित जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे.साथ ही सब्जी उत्पादन क्लस्टर को भी विकसित किया जाएगा. प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेख्र गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू और कैलाश राम, जिला महामंत्री विनोद और नाग, नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल भी मौजूद थे.

# प्रतिस्पर्धा में पीछे क्यों?

भारत दुनिया की एक बड़ी आर्थिक ताकत है. लेकिन ओलंपिक कें मंच पर उसका प्रदर्शन अपने आर्थिक प्रतिस्पर्धी की तुलना में पिछड हुआ है.इसमें दो राय नहीं कि खेलों के विकास के लिये वर्ष 2016-17 में केंद्र सरकार द्वारा लायी गई योजना 'खेलो इंडिया' खेलों के विकास की दृष्टि से एक अभिनव योजना थी. जिसका मकसद था कि देश भर में खेलों में सामूहिक भागीदारी बढ़ाने के साथ खेलों की उत्कृष्टता को भी संबल मिले. जिसके मूल में मकसद यह भी था कि देश में खेलों के बुनियादी ढांचे के निर्माण व उन्नयन में मदद मिले. जिसको लेकर केंद्र सरकार का दावा था कि यह योजना खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में उच्चस्तरीय प्रदर्शन के लिये प्रेरित करेगी. निश्चित रूप से देश के कई राज्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के मामले में दूसरे राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर भी रहे हैं. लेकिन इस योजना की सफलता तभी तार्किक हो पाएगी जब आर्थिक सहायता खिलाड़ियों के प्रदर्शन और सफलता के आधार पर तय होगी. जैसे कि देश में विभिन्न उद्योगों में स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित करने के लिये उद्योगों की सफलता का मानक उत्पादन का स्तर तथा गुणवत्ता होती है. कमोबेश खेलों में भी स्वस्थ स्पर्धा को बढ़ाने के लिये इस तर्ज पर आर्थिक सहायता दिये जाने की उम्मीद की जाती रही है. कहने का अभिप्राय यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया ही जाना चाहिए. फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी वर्षों के अभ्यास व कड़ी मेहनत के बाद पेरिस ओलंपिक में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इसी बीच केंद्र की खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिये राज्यों को आवंटित धन को लेकर एक अप्रिय विवाद खड़ा हो गया है. निश्चित रूप से यह अप्रिय विवाद उठने का समय असंगत है. निश्चित रूप से पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिये संघर्ष कर रहे खिलाड़ियों के मनोबल पर इसका धनात्मक प्रभाव तो नजर नहीं ही आएगा. कांग्रेसी नेतृत्व वाले मुखर विपक्ष और कुछ खेल पंडितों का आरोप है कि राज्यों को आर्थिक राशि वितरण में भेदभाव किया गया है. आरोप है कि केंद्र ने हरियाणा-पंजाब जैसे राज्यों के साथ भेदभाव किया है. दलील है कि पेरिस ओलंपिक में भाग लेने गये भारतीय खिलाड़ियों के दल में संख्या के हिसाब से पांचवां हिस्सा हरियाणा से है. लेकिन राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं मे धूम मचाने वाले हरियाणा के हिस्से में खेलो इंडिया योजना के तहत महज 66.6 करोड़ रुपये ही आए हैं. वहीं दूसरी ओर गुजरात, जिसके चुनिंदा खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में खेलने गए हैं, उसे खेलो इंडिया योजना के तहत 426 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई. उत्तर प्रदेश को भी योजना के तहत 438 करोड़ रुपये मिले. विपक्षी दलों का कहना है कि उत्तर प्रदेश से सिर्फ छह ही एथलीट ओलंपिक में भाग लेने गए हैं. वहीं पुरुष हॉकी में दबदबा रखने वाले पंजाब के हिस्से में खेलों के संरचनात्मक विकास के लिये सिर्फ 78 करोड़ रुपये ही आए हैं.

> कांग्रेसी नेतृत्व वाले मुखर विपक्ष और कुछ खेल पंडितों का आरोप है कि राज्यों को आर्थिक राशि वितरण में भेदभाव किया गया है. आरोप है कि केंद्र ने हरियाणा-पंजाब जैसे राज्यों के साथ भेदभाव किया है.

## सुभाषित

**छायामन्यस्य कुर्वन्ति स्वयं तिष्टन्ति चातपे।**
**फलान्यपि परार्थाय वृक्षाः सत्पुरुष इव॥**

वृक्ष स्वयं सूर्य के प्रखर ताप को सहन करके दूसरों को छाया प्रदान करते हैं तथा उनके फल भी दूसरों के उपयोग के लिए होते हैं, वृक्ष के समान सत्पुरुष भला कौन है? सज्जनों का स्वभाव भी ऐसा ही होता है. वे स्वयं कष्ट झेल कर भी दूसरों को सुख पहुंचाते हैं.

# जाति गणना पर भाजपा का सेल्फ गोल!

**जातीय जनगणना की राजनीति चुनाव मैदान होते हुए संसद पहुंच चुकी है. शुरुआत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने की और अनुराग ठाकुर ने मोर्चा संभाल लिया. लेकिन माना जा रहा है कि जाति गणना के मुद्दे पर भाजपा और इसके नेता राहुल गांधी के ट्रैप में फंस गये हैं. राहुल गांधी के सेट किए नैरेटिव में भाजपा नेता फंस रहे हैं. भाजपा इस मुद्दे पर सेल्फ गोल करके फंसती जा रही है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

जातीय सर्वे राज्यों में पहले भी होते रहे हैं. आंकड़े भी जारी किये जाएं, ऐसा कभी जरूरी नहीं लगा. जातीय जनगणना के मुद्दे को मजबूत राजनीतिक आधार मिला बिहार में, जब नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ सरकार चलाते हुए भी तेजस्वी यादव को लेकर पहल की. बिहार में जातीय गणना कराई गई और विधानसभा में पेश किये जाने के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव भी पास किया गया. लेकिन हाईकोर्ट ने रोक लगा दी और सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर भी लगा दी. अब नीतीश कुमार कह रहे हैं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बिहार के प्रस्ताव को नौंवी अनुसूची में शामिल करने की गुजारिश कर चुके हैं. संसद में राहुल गांधी के जातीय जनगणना के जिक्र के बाद से जो ताजा बहस शुरू हुई, वह कोई नया मामला नहीं है. 2023 में संसद के विशेष सत्र में महिला बिल पेश किये जाते वक्त राहुल गांधी ने ओबीसी आरक्षण की मांग उठाई थी - और उसके बाद सोशल मीडिया के जरिए जातीय जनगणना की मांग करने लगे. बाद में कांग्रेस की कार्यकारिणी में इसे लेकर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया था, जिसके बाद विधानसभा चुनाव के दौरान वे सत्ता में आने पर जातीय जनगणना का वादा भी करते रहे. विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के चुनावी वादे का कोई असर नहीं दिखा, लेकिन लोकसभा चुनाव में विपक्ष को जबरदस्त फायदा हुआ - और अब उसे आगे भी भुनाने की तैयारी चल रही है. सोशल मीडिया पर जो बहस चल रही है, क्या संसद में भी वही बात हुई थी? सोशल मीडिया पर जाति के नाम पर सवाल हो रहा है. समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का एक पुराना वीडियो भी फिर से चल पड़ा है, जिसमें वह एक पत्रकार से सरनेम बताकर जाति की तरफ इशारा कर रहे हैं. संसद में भी राहुल गांधी की तरफ से खड़े होकर अखिलेश यादव ने ही सवाल किया था. आप किसी की जाति कैसे पूछ सकते हैं?

असल में राहुल गांधी कई बार केंद्र सरकार में तैनात अधिकारियों की जाति को मुद्दा बनाने की कोशिश करते रहे हैं. संसद में महिला बिल लाये जाने के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार में कहा था कि केंद्र सरकार में 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ही ओबीसी वर्ग के हैं. और ठीक वैसे ही बजट के हलवा की तस्वीर दिखाते हुए भी राहुल गांधी ने दावा किया था कि 20 अधिकारियों ने देश का बजट बनाया, लेकिन उनमें से सिर्फ एक अल्पसंख्यक एवं एक ओबीसी है और उनमें एक भी दलित और आदिवासी नहीं है. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना था, सरकार में 2-3 फीसदी लोग ही हलवा तैयार कर रहे हैं. उतने ही लोग हलवा खा रहे हैं और शेष भारत को ये नहीं मिल रहा है. बेशक बीजेपी की तरफ से लगातार जवाब दिया जा रहा है, लेकिन मुश्किल यह है कि एजेंडा कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष सेट कर रहा है और बीजेपी को प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि ये पूरा नैरेटिव बीजेपी की राजनीति के खिलाफ जा रहा है. सवाल यह है कि आखिर बीजेपी क्यों कांग्रेस के जातीय विमर्श जंजाल में फंसती चली जा रही है? बीजेपी की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तो हमेशा ही ऐसी चीजों के खिलाफ रहा है. कहां संघ हिंदुओं के बीच एक कुआं, एक श्मशान और एक मंदिर की मुहिम चलाता है और कहां बीजेपी नेता बिना मतलब जातीय जनगणना की बहस में उलझे चले जा रहे हैं. अनुराग ठाकुर ने बीजेपी को 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरफ फिर फंसा दिया है. अब तो बीजेपी की मजबूरी है कि अनुराग ठाकुर ने बोल दिया है तो बचाव तो करना ही पड़ेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुराग ठाकुर का एक वीडियो भी शेयर किया है और जोर देकर कहा है कि सुना जाना चाहिए. वीडियो अनुराग ठाकुर के भाषण का है, जिसमें वे शशि थरूर की किताब द ग्रेट इंडियन नॉवेल के बहाने राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं. असल में वह हास्य-व्यंग्य उपन्यास है, जिसमें शशि थरूर महाभारत की पृष्ठभूमि में तत्कालीन नेताओं की चर्चा कर रहे हैं, जिसमें महाभारत के किरदारों से तुलना की गई है. अपना उपन्यास प्रकाशित होने के 25 साल पूरे होने पर शशि थरूर ने कोलकाता के एक साहित्य समारोह में 2015 में कहा था, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी किताब को बैन नहीं किया गया और उसके बाद मैंने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा है.

अनुराग ठाकुर को तो मौका चाहिए था. लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की चारों सीटें जरूर जीत ली हैं, लेकिन उसके बावजूद पार्टी नेतृत्व का गुस्सा कम नहीं हुआ है. अनुराग ठाकुर को केंद्र सरकार में मंत्री न बनाया जाना बता रहा है कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की हार को बीजेपी भूली नहीं है. जाहिर है अनुराग ठाकुर नेतृत्व को खुश करने के लिए ही ये सब कर रहे हैं. निश्चित तौर पर ये अनुराग ठाकुर के लिए निजी तौर पर फायदेमंद हो सकता है, लेकिन क्या बीजेपी के लिए भी फायदे का सौदा है? 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद एक इंटरव्यू में बीजेपी नेता अमित शाह ने भी माना था कि अनुराग ठाकुर जैसे नेताओं के भाषणों को विपक्ष ने मुद्दा बना दिया, जो बीजेपी के खिलाफ गया. तब अनुराग ठाकुर का एक नारा काफी चर्चित रहा, देश के गद्दारों को, गोली मारो... मालूम नहीं बीजेपी के रणनीतिकार इस बात को समझ भी पा रहे हैं या नहीं, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातीय राजनीति में हद से ज्यादा फायदा देख रहे हैं. पहला फायदा तो यही है कि राहुल गांधी बड़े आराम से बीजेपी को भरी संसद में घेर रहे हैं. दूसरा फायदा यह है कि जातीय राजनीति के बहाने समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे राजनीतिक दलों का कांग्रेस को मजबूत सपोर्ट मिल रहा है. तीसरा फायदा यह है कि ऐसा नैरेटिव सेट करके राहुल गांधी पिछड़े वर्ग के लोगों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि कांग्रेस से मुंह मोड़ चुके ओबीसी तबके को फिर से कनेक्ट हुआ जा सके.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## भय और आस्तिकता

भय सामान्यतः नकारात्मक शब्द है, लेकिन है बड़े काम का. भय ही तो है जो संसार के सभी प्राणियों पर अपना अंकुश रखता है. भय ही है, जो पूरे संसार को नियंत्रण में रखता है. भय की आशंका समाप्त होते ही लोग निरंकुश हो जाते हैं और अराजकता छा जाती है. भय की न्यूनता होने पर ही कोई व्यक्ति अपराधी हो जाता है और कई घृणित अपराध कर बैठता है. हालांकि एक अपराधी को भयभीत करने के पुलिस और न्यायालय की व्यवस्था है, जिसे डरानेवाली सजा दी जा सकती है, लेकिन कई बार अपराधी नशे की हालत में स्वयं को भयमुक्त कर लेता है. सच पूछा जाये तो भय शांति का जनक है. जहां भय नहीं होता, वहा अशांति का साम्राज्य स्थापित हो जाता है, जो लोगों को बेचैन कर देता है और इसी बेचैनी का एहसास लोगों के भीतर भय उत्पन्न करता है. भय मनुष्य को दुर्गुणों से बचाता है, क्योंकि हमारे भीतर सभी सद्गुण भय से ही स्थायित्व पाते हैं. भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होने का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते हैं और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते हैं. आस्तिकों को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा व सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज मे प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है. और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरीत परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित हो जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है, क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपने अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा?

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी प्राकृतिक खेती

• कृषि क्षेत्र

देविंदर शर्मा

दो घटनाक्रम सामने आये जिनके बारे में मुझे लगता है कि हमें मूल्यांकन करने की जरूरत है. यदि हम कड़ी जोड़ सकें, तो एक वाकया उस आपदा का संकेत देता है जिसका इंतजार है, और दूसरा दुनिया जिस बड़े संकट का सामना कर रही है, उससे निपटने के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है, जिसके आने वाले वर्षों में और भी बदतर होने की संभावना है. जबकि मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रमुख गेहूं उत्पादक यूरोपीय देश फ्रांस में भारी और लगातार बारिश के कारण फसल को बड़ा नुकसान हुआ है, नीदरलैंड के एक पत्रकार ने मुझे लिखा है कि क्या मौसम में स्पष्ट परिवर्तन किसानों के लिए आर्थिक आपदा बनने जा रहा है. उसकी चिंता हॉलैंड में, जो कुछ वह देखती है, उससे पैदा होती है, जहां बारिश रुकी नहीं है, खेत पानी से लबालब हैं, परिणामस्वरूप खेतों में लगाई आलू की फसल सड़ रही है और सब्जियों के बीज उग नहीं रहे हैं. इस बीच भारत अभूतपूर्व गर्मी की चपेट में है. जैसे-जैसे सामान्य तापमान बढ़ता जा रहा है, आशंकाएं हैं कि क्या देश आने वाले वर्षों में अपनी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा? कुछ वर्ष पहले गेहूं की कटाई के दौरान गर्मी ने कहर ढहाया था. उसके एक साल बाद, मानसून के मौसम में भी लगभग एक महीने तक बारिश नहीं हुई, धान की खड़ी फसल पर असर पड़ा. यह जानते हुए कि जलवायु परिवर्तन भविष्य में खेल बिगाड़ सकता है, सरकार अति-जागरूक हो रही है, उसने कदम उठाए हैं. इनमें गेहूं और गैर-बासमती निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना यकीनी बनाने के लिए विभिन्न कृषि वस्तुओं पर स्टॉक सीमा भी लागू करना शामिल है. जैसा कि डच पत्रकार कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन विश्वव्यापी घटना बनने जा रही है जिसके कृषि पर बेहद बड़े प्रभाव होंगे. जबकि उद्योग इसे अपनी क्लाइमेट स्मार्ट प्रौद्योगिकी बेचने के लिए उपयुक्त अवसर के रूप में देखते हैं, जिसकी वे बीते कई साल से मार्केटिंग कर रहे हैं. बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया ने जलवायु के असर झेलने में समर्थ कृषि के लिए दृष्टिकोण, नीतियों और रणनीतियों पर विचार किया है. मानवता के लिए गुलबेंकियन प्रतिष्ठित पुरस्कार इस बार दो अन्य अंतरराष्ट्रीय प्राप्तकर्ताओं के साथ ही आंध्र प्रदेश समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती यानी एपीसीएमएनएफ को प्रदान किया गया है. दरअसल, यह पुरस्कार उन जलवायु कार्यों और जलवायु समाधानों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है, जो उम्मीद और संभावनाओं को प्रेरित करते हैं. पुरस्कार के तहत एक मिलियन यूरो नकद प्रदान किये जाते हैं. बीते दिनों, रायथु साधिकार संस्था (आरवाईएसएस) के कार्यकारी उपाध्यक्ष विजय कुमार ने यह पुरस्कार पुर्तगाल के लिस्बन में एक शानदार समारोह में पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल के हाथों प्राप्त किया. एपीसीएनएफ को दुनिया भर से प्राप्त 181 नामांकनों में से चुना गया था. इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि उत्तरी अमेरिका में मैक्सिको से लेकर एशिया में फिलीपींस तक, और अमेरिका के टेक्सास से लेकर भारत में महाराष्ट्र तक- दुनिया के विभिन्न भागों में कृषि कड़े जलवायु प्रभावों से दो-चार है. विगत में भी, कुछ भागों में अतिवृष्टि, बाढ़, भयंकर तूफानों व चक्रवातों की बढ़ती तादाद से कृषि को नुकसान पहुंचता रहा है तो विभिन्न अन्य क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा और भीषण अकाल जैसी स्थितियां रही हैं. कहने की जरूरत नहीं कि जलवायु प्रेरित मौसम के मिजाज का खेती पर संचयी हानिकारक प्रभाव पड़ा है. जबकि किसान जलवायु का प्रकोप सहन करता है, वहीं नीति नियंता इसको नहीं मानते या इन विनाशकारी प्रभावों को कभी-कभार की घटनाओं के रूप में लेते हैं. यह ऐसा लगता है, जैसे दीर्घकाल तक चिंता करने की कोई बात ही नहीं हो.जबकि सतत कृषि के बारे में बातें की जाती रही, कृषि-पारिस्थितिकीय खेती प्रणालियों पर पिछले कुछ सालों में ध्यान गया है. यहां लगता है कि आंध्र प्रदेश में प्रोत्साहित की गयी समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती प्रणालियां विश्व में कृषि-पारिस्थितिकी की सबसे बड़ी प्रयोगशाला के रूप में सामने आयी है और परिणामस्वरूप सामने मौजूद बेहद हानिकारक जलवायु संकट का स्थाई समाधान प्रदान करती है. ऐसा भी महसूस होता है कि जलवायु संकट का यह जो कृषि-पारिस्थितिकीय समाधान प्रदान करती है वह उम्मीद और संकल्पों से भरपूर है. यह सही वक्त है कि क्षेत्र-विशेष की अनुकूलताओं को ध्यान में रखकर, आंध्र प्रदेश का यह मॉडल पूरे देश में लागू किया जाये. जैसा कि यह लेखक प्रायः कहते हैं कि जो आठ लाख किसान पूरी तरह से रासायनिक कृषि से प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की ओर रुख कर चुके हैं या करने की प्रक्रिया में हैं, वे कड़ी चुनौतियों से दो-चार होते हैं, जिन्हें प्रति वर्ष आने वाली खरीफ और रबी सीज़न की रिपोर्टों में उजागर किया जा चुका है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> मानवता के लिए गुलबेंकियन प्रतिष्ठित पुरस्कार इस बार दो अन्य अंतरराष्ट्रीय प्राप्तकर्ताओं के साथ ही आंध्र प्रदेश समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती यानी एपीसीएमएनएफ को प्रदान किया गया है. दरअसल, यह पुरस्कार उन जलवायु कार्यों और जलवायु समाधानों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है, जो उम्मीद और संभावनाओं को प्रेरित करते हैं.

# हानिया की हत्या के बाद पश्चिम एशिया के हालात

• देशांतर

पुष्प रंजन

एक आम भारतीय विश्लेषक से पूछेंगे कि मुहम्मद दीफ़ कौन था? तो शायद वो न में सिर हिला दे. लेकिन गुरुवार को सुबह-सुबह इजराइली अख़बारों की हेडलाइन मुहम्मद दीफ़ के मारे जाने की खबर से सनसनी पैदा कर रही थी. हमास की एक सैन्य शाखा इज़्ज़दीन अल क़सम ब्रिगेड के प्रमुख मुहम्मद दीफ़ के मारे जाने की खबर को 13 जुलाई से दबाये रखने की ज़रूरत क्या थी? दीफ़ को 13 जुलाई, 2024 को खान यूनिस इलाके में निशाना बनाया गया था. सेना ने खान यूनिस के हमले में एक और हमास कमांडर राफा सलामेह की मौत की पुष्टि की, लेकिन तब 'आईडीएफ' ने कहा था कि उसके पास मुहम्मद दीफ़ के बारे में अंतिम जानकारी नहीं है. इस्माइल हानिया पर हमले से पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगर में मंगलवार को हिजबुल्लाह के एक शीर्ष कमांडर फौद शुक्र की मौत हो गई. इजराइल का कहना है कि वह गोलान हाइट्स के मजदल शम्स शहर में एक फुटबॉल मैदान पर मिसाइल हमले के लिए जिम्मेदार था, जिसमें 12 बच्चे मारे गए थे. हालांकि हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि सभी संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि यह आतंकी समूह द्वारा किया गया था. गत 7 अक्तूबर, 2023 के हमले में इजराइली ख़ुफ़िया एजेंसियों का जो मोरल डाउन था, वह अब फिर से ऊंचा हो चुका है. फौद, दीफ़ और हानिया, इन तीनों के मारे जाने की खबर टाइमिंग देखिये. क्या यह सब इसलिए कि इजराइल की जासूसी संस्था 'शिन बेत', जिसे हिब्रू में 'शबाक' नाम से जाना जाता है, को श्रेय दिया जा सके? शिन बेत के साथ-साथ आईडीएफ (इजराइली डिफेंस फ़ोर्स) और प्रधानमंत्री नेतन्याहू की जय-जयकार इस समय पूरे देश में हो रही है. हिजबुल्लाह और हमास के वरिष्ठ अधिकारियों की हत्याओं की सफलता के बावजूद, 115 इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर सबकी सांसें थमी हुई हैं. ये लोग हमास द्वारा गाजा पट्टी में 300 दिनों से बंधक बनाए गए हैं, जिनका छूटना अब भी अनिश्चित-सा है. दीफ़ की मौत का उदारवादी 'यिसरेल बेयटेनू' के प्रमुख एविगडोर लिबरमैन ने भी स्वागत किया है, जिन्होंने ट्वीट किया कि '7 अक्तूबर, 2023 को यहूदियों का कत्लेआम, बलात्कार और अपहरण करने वाले उन घृणित आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है, और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनमें से कोई भी प्राकृतिक मौत न मरे.' रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि हमास के सैन्य कमांडर मुहम्मद दीफ़ की हत्या की पुष्टि आतंकवादी समूह के खात्मे की दिशा में एक 'बड़ा कदम' है. लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान हानिया और हिज़बुल्लाह नेता की मौत का बदला लेगा? ईरान के पश्चिमी मित्र सर्वोच्च नेता को सॉफ्ट करने में लगे हुए हैं. जो लोग हमास को क़रीब से जानते हैं, उनका दावा है कि हानिया सिर्फ हाथी के दांत जैसे प्रतीकात्मक व्यक्ति थे. हमास में महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाले व्यक्ति याह्या सिनवार हैं. डॉ. माइकल मिल्शटाइन, तेल अवीव विश्वविद्यालय के दयान केंद्र में फिलिस्तीनी अध्ययन मंच के प्रमुख हैं. उनका मानना है कि हानिया की मौत से हमास दबाव में है, लेकिन उसका सफाया एकदम से हो जाये, यह संभव नहीं. मिल्शटाइन ने कहा, 'सिनवार हानिया को तुच्छ समझते हैं. सिनवार अक्सर कहा करते थे, 'ये सैन्य अनुभव के बिना सूट पहने हुए लोग थे, जिन्होंने हमारी तरह जेल में कष्ट नहीं झेले.' मिल्शटाइन बोलते हैं, 'हानिया का बाहरी दुनिया के लोगों से मिलना-जुलना, बयानबाज़ी चलता रहता था, लेकिन हमास का रिमोट कंट्रोल सिनवार के पास था. हानिया वास्तव में वह व्यक्ति नहीं थे जो ज़मीनी लड़ाई निर्धारित करते थे. हमास में अंतिम निर्णय लेने वाला व्यक्ति याह्या सिनवार ही रहा है, हानिया नहीं.' हानिया का दबाव जिस तरह संगठन पर था, उससे सिनवार ने राहत की सांस ली होगी, ऐसा कुछ विश्लेषकों का मानना है. मिल्शटाइन बोलते हैं, 'मुझे नहीं लगता कि सिनवार ने शैंपेन का गिलास उठाया होगा, लेकिन उनके लिए काम करने का माहौल और भी आरामदायक हो गया. हानिया ने ज़िंदा रहते उनके लिए कोई चुनौती नहीं पेश की, लेकिन बाधा का अहसास बना रहता था. कल गाजा में एक पत्रकार से मेरी बातचीत हुई, जिसने कहा कि हत्या के बाद गाजा और दोहा के बीच की दरारें काफी बढ़ गई हैं; इस पर नज़र रखना आवश्यक है.' गाज़ा की लीडरशिप और उनके कमांडर क्या दोहा में निर्वासित हमास नेताओं को खटकते थे?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> हालांकि हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि सभी संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि यह आतंकी समूह द्वारा किया गया था. गत 7 अक्तूबर, 2023 के हमले में इजराइली ख़ुफ़िया एजेंसियों का जो मोरल डाउन था, वह अब फिर से ऊंचा हो चुका है.

## मीडिया में अन्यत्र

# कुदरत के संदेश की अनदेखी अब और नहीं

**अपनी** प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर केरल के वायनाड में इन दिनों तबाही और खौफ का मंजर पसरा हुआ है. यह नतीजा है पर्यावरण से खिलवाड़, हमारे अंतहीन लालच और चेतावनियों की अनदेखी का. लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 300 को पार कर गई है. राज्य सरकार कह रही है कि बचाव कार्य चंद दिनों में पूरा होने वाला नहीं. लेकिन, क्या इस सवाल का जवाब सरकार या किसी के भी पास है कि वायनाड में हमने जिन्हें खोया और जो गंवाया, उसकी जिम्मेदारी किस पर है? इसरो के हैदराबाद सेंटर ने प्रभावित इलाके की सैटलाइट तस्वीरें ली हैं. उसके मुताबिक 1,550 मीटर की ऊंचाई पर भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ. पानी के साथ बड़े पैमाने पर मलबा आया, तो भूस्खलन का दायरा बढ़ता गया और यह करीब आठ किलोमीटर तक फैल गया. यह तो वह वजह है, जो चंद तस्वीरों से नजर आती है और तात्कालिक है. सारा दोष भारी बारिश पर मढ़ देने से काम नहीं चलेगा. केवल केरल ही नहीं, पूरा पश्चिमी घाट पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 2022 में संसद में बताया था कि 2015 से 2022 के दरम्यान देशभर में 3,782 भूस्खलन दर्ज किए गए थे. इनमें से 59% से ज्यादा घटनाएं सिर्फ केरल में हुईं. देश के जिन 30 जिलों में लैंडस्लाइड का खतरा सबसे ज्यादा है, उनमें से 10 तो सिर्फ केरल में हैं. वायनाड यूं ही अचानक लैंडस्लाइड प्रोन एरिया नहीं बन गया. 2022 की एक स्टडी बताती है कि 1950 से 2018 के दौरान वायनाड में जंगल का एरिया 62% तक घट चुका है. हालांकि सरकार पौधारोपण करती है, लेकिन क्या रोपे गए पौधे सदियों से आबाद जंगलों की जगह ले सकते हैं? भारत सरकार ने साल 2011 में वेस्टर्न घाट इकॉलजी एक्सपर्ट पैनल गठित किया था. इस पैनल ने पश्चिमी घाट को इको-सेंसिटिव घोषित करने की सिफारिश की थी. साथ ही सुझाव दिया था कि पारिस्थितिक संवेदनशीलता के आधार पर इस इलाके को जोन में बांटा जाए और उसके हिसाब से इंसानी गतिविधियों पर लगाम लगाई जाए. ये सिफारिशें फाइलों में ही पड़ी रहीं. क्षेत्र में बेहिसाब निर्माण होते रहे, खनन गतिविधियां चालू रहीं, जंगलों को काटा जाता रहा. वायनाड जैसी आपदाएं आती रहती हैं, लेकिन हम सबक सीखने को तैयार नहीं. सच है कि विकास का पैटर्न, आर्थिक गतिविधियों की दिशा बदलना आसान नहीं, लेकिन यह कठिन काम अब और टाला नहीं जा सकता. ये आपदाएं प्रकृति की ओर से भेजी जाने वाली गंभीर चेतावनी हैं, जिनकी अनदेखी सबके लिए घातक होगी.



**(एनबीटी)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अहंकार/अभिमान

**हमको** है अभिमान देश का, जिसके पांव पखारे सागर, गंगा भरे संवारे गागर, शोभित जिस पर स्वर्ग वही तो,शीश मुकट हिमवान देश का, हमको है अभिमान देश का. कवि ने इन पंक्तियों में अभिमान शब्द का प्रयोग किया है, न कि अहंकार का. अभिमान एक मनोवैज्ञानिक शब्द है, इसे अहंकार और घमंड के साथ जोड़ा जा सकता है. अहंकार एक मानसिक स्थिति है जिसमें हम अपने आपको अधिक महत्वपूर्ण, श्रेष्ठ और अलगवादी मानते हैं. घमंड एक ओझल व्यवहार है, जहां हम दूसरों को नीचा देखते हैं और अपने आप को उनसे ऊंचा मानते हैं. अभिमान का प्रादुर्भाव कई कारणों से हो सकता है. एक कारण व्यक्तिगत सफलता हो सकती है, जहां हम अपने आप को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं. ध्यान देने योग्य एक और कारण हो सकता है सामाजिक या पेशेवर मुकाबलों में दिखावा करना, जहां हम अपने बारे में अधिक गर्व करते हैं. पांच ऐसे शब्द हैं, जिनका अर्थ लगभग एक जैसा लगता है, लेकिन वास्तव में उनके अर्थ में भिन्नता होती है. वे शब्द हैं अहंकार, दर्प, अभिमान, दंभ और गर्व. अब इनका अंतर इस प्रकार समझा जा सकता है. इन पांचों शब्दों में आत्मश्लाघा यानी अपने आपकी प्रशंसा के तत्व विद्यमान हैं. अहंकार वह चित्तवृत्ति है, जो तब पैदा होता है, जब व्यक्ति अपने गुणों को वास्तविकता से कुछ अधिक समझने लगता है. दूसरा है दर्प. यह जिस व्यक्ति में होता है तो इसका अर्थ है कि वह व्यक्ति घमंड में ऐसा चूर है कि शिष्टाचार, नियमादि की चिंता नहीं करता. जब किसी व्यक्ति में अभिमान आ जाता है, तो वह सम्मान में स्वयं को बड़ा और दूसरों को छोटा समझने लगता है. अब आते हैं दंभ पर. दंभ उस चित्त वृत्ति का नाम है, जो अयोग्य व्यक्ति को इस भ्रम में डाले रखता है कि उससे अधिक काबिलियत किसी में नहीं हो सकती और इसी बात का उसे घमंड होता है. अयोग्य व्यक्ति में होनेवाला घमंड दंभ कहलाता है.

# लाठी बिना नहीं चल सकती लोकतंत्र की गाड़ी

• तीर-तुक्का

नवेन्दु उन्मेष



लोकतंत्र में लोगों के विकास में लाठी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. यह सर्वसत्य है कि बगैर लाठी खाये कोई आगे नहीं बढ़ता है. आगे बढ़ने के लिए लाठी खानी ही पड़ती है. स्कूल में पढ़े, तब टीचर की छड़ी खाई. घर में रहे तो माता-पिता की छड़ी खाई. इससे जाहिर होता है कि लोकतंत्र में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं मिलेगा, जिसने अपने जीवन में लाठी या छड़ी नहीं खाई हो. चाहे वह नेता हो, अभिनेता हो, पुलिस या प्रशासन का अधिकारी कभी न कभी अपने जीवन में लाठी या छड़ी अवश्य खा चुके होते हैं. लोकतंत्र में लाठीतंत्र ही काम करती है. कोई भी आंदोलन हो लाठीधारी खड़े रहते हैं. अपने शहर में प्रधानमंत्री या अन्य मंत्री भी आते हैं तो चौक-चौराहे पर लाठीधारी खड़े कर दिये जाते हैं. नेता वोट के वक्त लोगों को तरह-तरह के आश्वासन देते हैं. लोभ और लालच देते हैं, जब सत्ता में आ जाते हैं तो उनकी खुद की जिंदगी लाठीतंत्र के सहारे चलती है. अगर जनता उनके द्वारा किये गये वादों की याद दिलाये या आंदोलन करे तो वहीं नेता जनता पर लाठी चलाने का आदेश देता है. लाठी चलाने वाले यह नहीं देखते कि कौन व्यक्ति देश में कितनी ऊंची कद का है. लाठी चलाने वालों ने तो महात्मा गांधी और लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर भी लाठी चलाई. राजनीतिक दल जब सत्ता से बाहर रहते हैं तो सरकार पर लाठी चलाने का आरोप लगाते हैं, लेकिन जैसे ही वे खुद सत्ता पर काबिज होते हैं, लाठी चलवाना शुरू कर देते हैं. लोकतंत्र में एक ओर बात देखने को मिल रहीं है कि अपने साथ लाठीधारी या बंदूकरधारी लेकर चलना गर्व की बात हो गयी है. ऐसी प्रतिष्ठा मिलने के बाद नेता जनसंपर्क वाले नहीं बल्कि जन से फर्क वाले हो जाते हैं. कई विधानसभाओं में भी जब माननीय उत्तेजित होकर माइक और कुर्सी-टेबुल पटकने लगे हैं तो उन्हें मार्शल के द्वारा कंधे पर उठाकर बाहर फेंकने की कार्रवाई की जाती है. जिसे आप लाठीतंत्र का ही एक दूसरा पहलू मान सकते हैं. मैं पत्रकार रहा. यह अलग बात है कि लाठीधारियों को पत्रकार बताने पर उनकी आगे की लाठी मुझपर नहीं चली. एक बार तो रांची के पत्रकारों को छोटानागपुर के तत्कालीन आईजी ललित विजय सिंह ने आश्वासन दिया था कि पत्रकारों को हेलमेट दिया जायेगा ताकि वे समाचार संकलन करते वक्त उसे पहनकर कार्य पर निकलें. यह अलग बात है कि पत्रकारों को कभी हेलमेट नहीं मिला और मैं भी बगैर हेलमेट के समाचार संकलन करता रहा. पहले लोग कहते थे कि लाठी से भूत भी भाग जाता है. ओझा-गुणी भी लाठी या झाड़ू मारकर भूत भगाने का काम करते हैं. कई साधु महात्मा तो लाठी लेकर चलते हैं और लाठी सिर पर रखकर लोगों को आशीर्वाद भी दे देते हैं. बिहार के लोगों ने एक बार लाठी की महिमा को बखूबी पहचाना था इस लिए पटना के गांधी मैदान में तेल पिलावन, लाठी चलावन रैली का भी आयोजन किया था. जवानी में जितना चाहें लोग उछल-कूद कर लें लेकिन बुढ़ापे में लाठी का ही सहारा होता हैं. सार यही है-

**पैंट शर्ट कुर्ता या बंडी या धोती या साड़ी.**
**लाठी बिना नहीं चल सकती लोकतंत्र की गाड़ी.**

# सावन विशेष



# ॐ नमो भगवते रुद्राय नमः

श्रावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है. पूरा महीना ही उत्सव एवं आराधना का महीना होता है. इसे मासोत्तम मास कहा जाता है. चातुर्मास के अन्तर्गत होने के कारण वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो जाता है. श्रावण मास शिव जी को विशेष प्रिय है. यह शिव का ही सामयिक रूप है. भगवान शिव ने स्वयं कहा है-



हिमकर श्याम

द्वादशस्वपि मासेषु श्रावणो मेऽतिवल्लभः ।
श्रवणार्हं यन्माहात्म्यं तेनासौ श्रवणो मतः ॥
श्रवणर्क्षं पौर्णमास्यां ततोऽपि श्रावणः स्मृतः।
यस्य श्रवणमात्रेण सिद्धिदः श्रावणोऽप्यतः ॥

अर्थात् मासों में श्रावण मुझे अत्यंत प्रिय है. इसका माहात्म्य सुनने योग्य है अतः इसे श्रावण कहा जाता है. इस मास में श्रवण नक्षत्र युक्त पूर्णिमा होती है, इस कारण भी इसे श्रावण कहा जाता है. इसके माहात्म्य के श्रवण मात्र से यह सिद्धि प्रदान करने वाला है, इसलिए भी यह श्रावण संज्ञा वाला है.

शिव पुराण के अनुसार सावन मास में भगवान शिव और भगवती पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था. हिमालय की पुत्री पार्वती ने निराहार रह कर कठिन व्रत किया था और शिव को प्रसन्न कर उनसे विवाह किया. इसी समय से श्रावण मास भगवान शिव के लिए प्रिय माना जाने लगा. मार्कण्डेय ऋषि ने लम्बी आयु के लिए इसी माह में घोर तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया. सावन में विशेष रूप से शिव पूजन की परम्परा है. महाभारत के अनुशासन पर्व में महर्षि अंगिरा का वचन है-

श्रावण नियतो मासमेकभक्तेन यः क्षिपेत् ।
यत्र तत्राभिषेकेण युज्यते ज्ञातिवर्धनः ।।

अर्थात "जो मन और इन्द्रियों को संयम में रख कर एक समय भोजन करते हुए श्रावण मास को बिताता है, वह विभिन्न तीर्थों में स्नान करने के पुण्य फल से युक्त होता है और अपने कुटुम्बजनों की वृद्धि करता है."

## कण-कण शिवमय

सावन में प्रकृति का कण-कण शिवमय हो जाता है. सावन को मनोकामनाओं पूर्ण करनेवाला माह भी कहा जाता है. शिव मन्दिरों में श्रद्धालुजनों की विशेष भीड़ होती है, प्रत्येक सोमवार शिव भक्त व्रत रखते हैं तथा प्रतिदिन जलाभिषेक भी करते हैं. इस पावन माह में श्रद्धा से पूजा साधना करने से भगवान शिव इच्छाओं को पूर्ण कर देते हैं. यदि जीवन में शिवत्व प्राप्त करना है तो श्रावण मास से अधिक कोई भी सिद्ध मुहूर्त नहीं है. कहा गया है- 'शिवो भूत्वा शिवं यजेत्' अर्थात् शिव बनकर शिव की पूजा करें, तभी उनकी कृपा प्राप्त हो सकती है.

## शिव का जलाभिषेक

सावन में शिव के जलाभिषेक का विशेष महत्व है. कहा गया है- अलंकार प्रिय विष्णु, अभिषेक प्रिय शिव. अर्थात् जिस प्रकार विष्णु अलंकारों से प्रसन्न होते हैं, उसी प्रकार कल्याणकारी शिव जलाभिषेक से विशेष रूप से प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं. इसीलिए शिव के जलाभिषेक की परंपरा है. भगवान शिव की जटाओं से बहती गंगा उनका दिन-रात अभिषेक करती रहती हैं. भगवान शिव स्वयं जल हैं. सावन मास में शिवलिंग पर जलाभिषेक जल की महत्ता को रेखांकित करता है. जिस पात्र में जल को भर कर लाया जाता है, उस पात्र को बड़ा सम्भाल कर लाया जाता है ताकि रास्ते में छलक न जाए. यह परंपरा मनुष्य को जल संरक्षण से जोड़ती है.

## कांवड़ यात्रा का महत्व

कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार. अर्थात ब्रह्म यानि परात्पर शिव, जो उनमें रमन करे वह कांवरिया. सावन माह में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है. कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िए बम-बम भोले, हर-हर महादेव, बोल-बम जैसे जयकारे लगाते कांवड़ लटकाए मिलेंगे. कांवड़ बांस या लकड़ी से बना डंडा होता है. कांवड़िए गंगा या अन्य नदियों का जल कलश में भरते हैं. उसको कांवड़ पर बांध कर कंधों पर लटका कर शिवालय में लाते हैं और शिवलिंग पर अर्पित करते हैं. कांवड़ का कोई निश्चित इतिहास नहीं मिलता. कहा जाता है कि भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी. एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान श्री राम ने कांवड़िया बनकर सुल्तानगंज से जल था लिया और देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था.

## नीलकंठ महादेव

पौराणिक मान्यता है कि सावन माह में ही समुद्र मंथन किया गया था. मंथन के दौरान पयोनिधि के गर्भ से चौदह रत्न - लक्ष्मी, कामधेनु , उच्चैःश्रवा, चन्द्रमा, कौस्तुभ, कल्पवृक्ष, वारुणी, पारिजात, धन्वन्तरि, अमृत, ऐरावत, विष (प्राणघातक हलाहल) आदि मिले थे. यह घातक विष बहुत ज्यादा मात्रा में थे. सभी देवता डर गए कि अगर इतना विष बाहर निकला तो पूरी दुनिया नष्ट हो जाएगी और इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता था. तब भगवान शिव ने विष पीकर संपूर्ण सृष्टि की रक्षा की थी. नीला विष उनके कंठ में एकत्र हो गया जिसके कारण उन्हें नीलकंठ का नाम मिला. इस विष के कारण महादेव के शरीर का तापमान तीव्र गति से बढ़ने लगा. तब शंकर ने चंद्रमा को अपने शीश पर धारण कर शरीर को शीतल किया. तत्पश्चात् समस्त देवी देवताओं द्वारा उन पर जलवृष्टि कर उन्हें ठंडक प्रदान की गई. ऐसा माना जाता है कि तभी से शिव भक्तों द्वारा सावन के महीने में विभिन्न ज्योतिर्लिंगों और शिव मंदिरों में पवित्र जल से अभिषेक की परंपरा चली आ रही है.

## शिव का अर्थ

शिव का अर्थ होता है- शुभ, भला. शंकर का अर्थ होता है- कल्याण करने वाला. पूरी सृष्टि ही शिव है. सृष्टि में मौजूद हर रचना में शिव है. शिव सबके प्रिय हैं और सब शिव के प्रिय हैं. दसों दिशाओं में वे एक समान पूजनीय हैं. शिव महापुराण में कहा गया है, "शिव - ये दो अक्षरोंवाला नाम के उच्चारण मात्र से मनुष्य समस्त पापों से मुक्त हो जाता है."

शिवेति द्वयक्षरं यस्य नृणां नाम गिरेरितम् ।
सकृत्प्रसङ्गात्सकलमघमाशु विहन्ति तत् ॥

कल्याणकारी सदाशिव का स्थान सभी देवताओं में सर्वोपरि है. इसलिए उन्हें देवों के देव महादेव कहा जाता है. ब्रह्मा और विष्णु के त्रिवर्ग में उनकी गिनती होती है. महादेव सर्वव्यापी और निराकार हैं. वे सृष्टि के संरक्षक हैं. शिव के बिना सृष्टि और प्रकृति की चर्चा अधूरी है. जहां प्रकृति (पार्वती) का उल्लेख हो वहां शिव का होना अनिवार्य है. पूजा, उपासना में भी शिव और उनकी शक्ति की ही प्रमुखता है. शिव-पार्वती को इस सृष्टि के माता- पिता के रूप में पूजा जाता है. 'जगतः पितरौ वंदे पार्वतीपरमेश्वरौ.' शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है. वे सरलता की मूर्ति हैं. शीघ्र प्रसन्न होते हैं और मनोकामना पूर्ण करते हैं. उनको एक लोटा जल चढ़ा देना पर्याप्त है.



# राशि के अनुसार करें भोले बाबा का अभिषेक



आचार्य प्रणव मिश्रा

**शिवलिंग की अभिषेक से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है. शास्त्रों में इस बात का उल्लेख है कि राशि के अनुरुप शिव के अभिषक का अलग अलग तरीका है जिसे अपनाना कल्याणकारी है. आइए जानें कि किस राशि के जातक कैसे करें अभिषेक और क्या होगा इसका फल और विधान-**

**मेष राशि** :- मेष राशि का स्वामी मंगल है. मंगल को भूमि पुत्र कहा जाता है. आप मिट्टी से निर्मित शिवलिंग पर अभिषेक करें. साथ ही अभिषेक पंचामृत से करनी चाहिए. पंचामृत का निर्माण गंगाजल, दूध, दही, शहद व घी को मिलाकर करना चाहिए. सोमवार के दिन शिव परिवार की पंचामृत से पूजा समस्त मनोकामना को पूर्ण करनेवाली है. साथ ही 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जप करना उत्तम फलदायी है.

**वृष राशि** :- इस राशि के स्वामी शुक्र हैं. भोलेनाथ का आशीर्वाद पाने के लिए 'ओम नमः शिवायः' मंत्र का जप करते हुए दूध से अभिषेक करें. आप दही या मिश्री के मिश्रण से भी शिवलिंग पर अभिषेक कर सकते हैं. दही से अभिषेक करने पर जातक को समस्त सुख की प्राप्ति होती है और जीवन की सभी समस्याओं का नाश होता है.

**मिथुन राशि** :- इस राशि के जातक "ॐ नमो भगवते रूद्राय" मंत्र का जप करते हुए फल और गन्ने के रस से किसी सिद्ध मंदिर में शिव का अभिषेक करें. रुद्र अष्ठ अध्यायी के पंचम अध्याय से अभिषेक विशेष लाभ देगा. मान्यता है कि श्रावण माह में प्रतिदिन गन्ने के रस से अभिषेक करने से भोलेनाथ जल्दी ही सारी मनोकामनाएं पूरी कर देते हैं.

**कर्क राशि** :- इस राशि के जातक चंद्र प्रधान होते हैं. आपको स्फ़टिक के शिवलिंग पर 'पंचाक्षरी मन्त्र' का जप करते हुए दूध में शक्कर मिलाकर अभिषेक करना चाहिए. इसके साथ ही रुद्राष्टक का पाठ करना भी शुभ होगा. इससे मन को शांति और शुभ कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है.

**सिंह राशि** :- इस राशि के जातक सूर्य से प्रभावित हैं. आप खुले में सूर्य की रोशनी में शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक करें. कारोबार, परिवार, राजनीति या स्वास्थ्य को लेकर जो जातक परेशान हैं तो उन्हें जल में दूध, दही, गंगाजल व मिश्री मिलाकर 'ॐ जटाधराय नमः' मंत्र का जाप करते हुए अभिषेक करना चाहिए. रुद्र अष्ठ अध्यायी के प्रथम और दूसरे अध्याय का नियमित पाठ करना चाहिए.

**कन्या राशि** :- इस राशि के जातकों को दूध में घी मिलकर अभिषेक करना चाहिए. इसके साथ ही 'ऊं नमः शिवाय' मंत्र का जप करें. शीघ्र ही मनोकामनाएं पूर्ण होगी.

**तुला राशि** :- इस राशि के जातकों को पारद शिवलिंग पर घी, मिश्री मिले दूध से अभिषेक करना चाहिए एवं भगवान 'शिव के सहस्त्रनाम' का जाप करना चाहिए. इससे जीवन में सुख-समृद्धि तथा लक्ष्मी का आगमन होगा.

**वृश्चिक राशि** :- इस राशि के जातकों को चंद्रन से निर्मित शिवलिंग पर पंचामृत अथवा शहद युक्त जल से भगवान शिव जी का अभिषेक कर रूद्राष्टक का पाठ करने से कार्यों में सफलता मिलती है. 'ह्रीं ओम नमः शिवाय ह्रीं'. मंत्र का जप करना शुभ फलदायी है.

**धनु राशि**:- इस राशि के जातकों को हल्दी से निर्मित शिवलिंग पर दूध में हल्दी अथवा गंगाजल में केसर मिलाकर अभिषेक करना चाहिए. 'ॐ तत्पुरूषाय विद्महे महादेवाय धीमहि. तन्नो रूद्रः प्रचोदयात.' मन्त्र का जाप करना चाहिए.

**मकर राशि** :- इस राशि के जातकों को काला पत्थर का बना शिवलिंग पर भोलेशंकर का नारियल के पानी से अथवा गंगा जल में गुड़ मिला कर अभिषेक करना चाहिए. साथ ही 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र का जाप करना चाहिए.

**कुंभ राशि** :- इस राशि के जातकों को किसी सिद्ध जगह की मिट्टी या दीमक की मिट्टी से बने शिवलिंग पर नारियल के पानी, पंचामृत अथवा तिल के तेल से अभिषेक करना चाहिए. साथ ही 'शिवाष्टाक' का पाठ करना चाहिए. रुद्री का पाठ प्रतिदिन करें.

**मीन राशि** :- इस राशि के जातकों को सावन माह में केसर या ताम्बे के शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल अथवा दूध से अभिषेक करना चाहिए. "ॐ तत्पुरूषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रूद्र प्रचोदयात।"- इस मंत्र का जितना अधिक हो सके जप करें.

# होते-होते टल जाता है विवाह तो भोले बाबा को अर्पित करें केसर युक्त दूध



दीपिका श्रीवास्तव

**ऐसी मान्यता है कि सभी देवताओं में भगवान शिव को प्रसन्न करना अत्यन्त आसान है. सावन के दौरान शिव तक भक्तों की मनोकामना अधिक शीघ्र पहुंचती है. आइए, आज कुछ ऐसे उपाय की चर्चा करें जो भगवान शिव को प्रसन्न कर हमारे जीवन को खुशहाल बनाएंगे-**


- सावन के महीने में प्रतिदिन शिवलिंग पर बिल्वपत्र अर्पण करने से मनोकामना पूरी होती है.
- सावन के दौरान शिवलिंग पर चावल अर्पित करने से धन प्राप्ति होती है.
- तीर्थ के जल से भगवान शिव का अभिषेक करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है.
- भगवान शिव को रुद्रभिषेक बहुत प्रिय है. सावन माह में रुद्रभिषेक अवश्य कराएं.
- यदि आपके विवाह में अड़चन आ रही है तो शिवलिंग पर केसर मिला दूध और धान का लावा अर्पित करें.
- गो दुग्ध तथा घी से भगवान शिव का अभिषेक करने से आरोग्यता आती है.
- यदि आप प्रेम विवाह करना चाहते हैं तो सावन में पूरे महीने शिवलिंग पर इत्र अर्पित करें.



- इत्र मिले जल से अभिषेक करने से बीमारी नष्ट होती है.
- सावन में पूरे महीने शिव मंदिर में भगवान शिव का जल से अभिषेक करें और काला तिल अर्पण करें इससे शांति मिलेगी तनाव दूर होगा.
- सावन में गरीबों को भोजन कराने से पित्तरों की आत्मा को शांति मिलती है.
- सावन के दौरान गन्ने का रस और गंगाजल मिला कर शिवलिंग पर अर्पित करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं.

12 साल में एक बार खिलता है

# शिवलिंगी फूल



सावन के महीने में झारखंड खासतौर पर बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ के रंग में रंग जाता है. इसके साथ ही इन दिनों चर्चा होती है 'शिवलिंगी' फूल की. झारखंड की उपराजधानी दुमका के बासुकीनाथ मंदिर से सटे दारूक वन में यह खास फूल उगता है जो न केवल संरचना में खास है, बल्कि इस लिए भी खास इसलिए भी है कि ये फूल किसी नए पेड़ पर 12 साल के बाद ही खिलता है. मान्यता है कि इस फूल को चढ़ाने से भोले बाबा बहुत प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं.

## इसलिए यह नाम

इस फूल को शिवलिंगी फूल इसलिए कहा जाता है क्यों कि यह शिवलिंग की आकृति की तरह दिखता है. शिवलिंगी फूल पौधा या झाड़ी में नहीं खिलता बल्कि इसके विशाल पेड़ होते है. जेष्ठ महीने से लेकर सावन महीने तक यह फूल खिलता है. सावन का महीना शिव का महीना माना जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस फूल को महादेव पर अर्पित करने से शिव अति प्रसन्न होते हैं.

## यह है कथा

कहा जाता है कि यहां दारुक नामक राक्षस का वास था. दारुक राक्षस अपने साथ अपनी बगिया लेकर चलता था ताकि अपने आराध्य की पूजा में फूल की कमी ना हो. किंवदंती है कि दारुक ने एक शिव भक्त को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया. भक्त की पुकार सुनकर शिव बासुकीनाथ पहुंचे. शिव के आते ही दारुक इस स्थल को छोड़ कर समुद्र में निवास करने चला गया. उसकी बगिया बासुकीनाथ में ही रह गया. कालांतर में दारुक वन को शिव की बगिया कहा जाने लगा.

शिव मंदिर

# सिडनी में महादेव को समर्पित एक मंदिर



नूपुर अशोक

ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जिसमें कई देशों के कई धर्मों के मानने वाले लोग रहते हैं. इनमें भारतीय सनातन धर्म के अनुयायी भी बड़ी संख्या में हैं. इस कारण यहां कई मंदिर हैं जैसे – शक्ति मंदिर (टूंगाबी), मुरूगन मंदिर (मेज हिल), स्वामीनारायण मंदिर (ब्लैक टाउन और रोज़ हिल), श्री मंदिर (ऑबर्न), श्री स्वामीनारायण मंदिर (किंग्स पार्क), दुर्गा देवी देवस्थानम (रीजेंट पार्क), अयप्पा स्वामी मंदिर (वेंटवर्थ हिल), शिरडी साईं मंदिर ( स्ट्रथफील्ड), इस्कॉन मंदिर (नॉर्थ सिडनी), वेंकटेश्वर मंदिर (हेलेन्स्बर्ग), सीताराम मंदिर (विलावुड) इत्यादि. इन सभी मंदिरों में हिन्दू देवी-देवताओं के विग्रहों के साथ-साथ शिवलिंग भी हैं लेकिन यहां एक मंदिर ऐसा भी है जो महादेव शिव को ही समर्पित है.

## 12 ज्योतिर्लिंगों की प्राणप्रतिष्ठा

मिंटो नामक इलाके में स्थित इस श्री शिव मंदिर की प्रेरणा परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती ने अपनी 1990 की यात्रा के दौरान दी थी. इस मंदिर के लिए पांच एकड़ का एक परिसर स्थानीय भक्तों द्वारा दानस्वरूप दी गई राशि से खरीदा गया. एक भारतीय भक्त ने मंदिर के लिए भारत से शिवलिंग यहां भेजा. 1990 में प्रारम्भ हुए निर्माण कार्य में 1993 में कुछ बाधाएं आईं जिनसे यह तीन साल तक रुका रहा. 1996 में भक्तजनों के सहयोग से दुबारा निर्माण प्रारम्भ हुआ और यहां पूजा के अलावा कई अन्य धार्मिक कार्यों का आयोजन भी हुआ. 23 फरवरी 2003 को शिवलिंग की विधिपूर्वक प्राणप्रतिष्ठा की गई. 2016 में यहां 12 ज्योतिर्लिंगों की प्राणप्रतिष्ठा भी की गई. इस मंदिर परिसर में राधाकृष्ण, नवदुर्गा, नंदी, गणेश, राम दरबार तथा कई अन्य विग्रह भी हैं.





## संस्कार होते पल्लिवत-पुष्पित

यहां प्रतिदिन पूजा-अर्चना-आरती होती है और सभी मुख्य त्योहार मनाए जाते हैं. सत्संग और प्रवचनों का आयोजन भी होता है. बच्चों को यहां के कार्यकलापों में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास रहता है ताकि भावी पीढ़ी अपने धर्म और संस्कृति से परिचित हो सके. भारत के अलावा श्री लंका, नेपाल, फिजी, दक्षिण अफ्रीका इत्यादि कई देशों के भक्तगण भी यहां आते हैं.




संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# जूलियन अल्फ्रेड बनी पेरिस ओलंपिक की फर्राटा क्वीन



भाषा। सेंट डेनिस (फ्रांस)


सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकेरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया. अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया. अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेज़र प्राइस के सेमीफाइनल से ठीक पहले हट जाने का भी फायदा मिला. ओलंपिक में 100 मीटर की दौड़ सबसे प्रतिष्ठित दौड़ मानी जाती है.



# केटी लेडेस्की ने 800 फ्रीस्टाइल जीतकर रच दिया इतिहास

एजेंसी। नानटेरे (फ्रांस)

केटी लेडेस्की पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है. लेडेस्की का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलों में नौवां स्वर्ण पदक है. वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी हैं. लेडेस्की ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लारिसा लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. ओलंपिक में सर्वाधिक



स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के तैराक माइकल फेल्प्स (23 स्वर्ण पदक) के नाम दर्ज है. लेडेस्की ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में आठ मिनट 11.04 सेकंड का समय लेकर ऑस्ट्रेलिया की एरियान टिटमस को पीछे छोड़ा.

## पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 17 | 12 | 9 | 38 |
| 2. अमेरिका | 14 | 25 | 23 | 62 |
| 3. फ्रांस | 12 | 14 | 16 | 42 |
| 4. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| 5. ब्रिटेन | 10 | 10 | 14 | 34 |
| 6. द. कोरिया | 10 | 7 | 6 | 23 |
| 7. जापान | 8 | 5 | 9 | 22 |
| 8. इटली | 6 | 8 | 5 | 19 |
| 9. नीदरलैंड | 6 | 4 | 4 | 14 |
| 10. जर्मनी | 5 | 5 | 2 | 12 |
| 54. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## महेश्वरी, रेजा 14वें और 23वें स्थान पर रहीं

**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की महिला स्कीट स्पर्धा में क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे. पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को खेली गई, जिसके बाद महेश्वरी का कुल स्कोर 118 रहा. उन्होंने पांच सीरीज में 23, 24, 24, 25 और 22 अंक जुटाए. रेजा का कुल स्कोर 113 रहा। उन्होंने पांच सीरीज में 21, 22, 23, 23 और 24 अंक जुटाए. स्पर्धा में 29 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया जिनमें से शीर्ष छह ने फाइनल में जगह बनाई. इटली की 2016 रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता डायना बेकोसी भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं. वह 117 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहीं. पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद महेश्वरी तीन सीरीज में 23, 24 और 24 से 71 अंक जुटाकर आठवें स्थान पर चल रहीं थी और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थीं. रविवार को हालांकि चौथी सीरीज में पूरे 25 अंक जुटाने के बावजूद वह शीर्ष छह निशानेबाजों में जगह नहीं बना पाई.

पेरिस ओलंपिक : सेमीफाइनल में हारे भारतीय शटलर लक्ष्य सेन

# लीड के बाद भी चूके लक्ष्य

भाषा। पेरिस

भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे. ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा. दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है. दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे, जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी. फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा. लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा. पहले गेम में उनके पास तीन गेम प्वाइंट थे लेकिन उन्होंने लगातार पांच अंक गंवाकर गेम भी गंवा दिया. दूसरे गेम में भी लक्ष्य ने 7-0 की बेहद मजबूत बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद डेनमार्क के खिलाड़ी ने अगले 28 में से 21 अंक जीतकर गेम और मैच अपने नाम कर लिया और ओलंपिक में लगातार तीसरा पदक सुनिश्चित किया. लक्ष्य अब ली को हराकर ओलंपिक पदक जीतने वाला पहला भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे. विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता 22 साल के लक्ष्य ने मुकाबले की आक्रामक शुरुआत की लेकिन गलतियां भी की जिससे एक्सेलसन ने कुछ आसान अंक जुटाकर 3-0 की बढ़त बनाई. एक्सेलसन ने अपनी लंबाई का फायदा उठाकर कोर्ट पर अच्छी कवरेज हासिल की जिससे लक्ष्य की परेशानी बढ़ी. भारतीय खिलाड़ी ने दमदार




स्मैश से कुछ अच्छे अंक जुटाए और 2-5 से पिछड़ने के बाद स्कोर 5-5 किया. उत्तराखंड के अल्मोड़ा के लक्ष्य ने क्रॉस कोर्ट स्मैश से 7-6 के स्कोर पर मैच में पहली बार बढ़त बनाई. एक्सेलसन को लक्ष्य के स्मैश के सामने लगातार परेशानी हो रही थी जिससे भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में सफल रहा. दबाव के बीच एक्सेलसन ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर लक्ष्य ने लगातार छह अंक के साथ 15-9 की मजबूत बढ़त बनाई.

एक्सेलसन ने वापसी की कोशिश करते हुए स्कोर 13-17 और फिर लगातार चार अंक के साथ 17-18 किया. लक्ष्य ने 19-17 के स्कोर पर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ तीन गेम प्वाइंट हासिल किए. लक्ष्य ने दो शॉट बाहर मारकर तीनों गेम प्वाइंट गंवा दिए जिससे स्कोर 20-20 हो गया. लक्ष्य ने फिर बाहर शॉट बाहर मारकर एक्सेलसन को बढ़त दी और फिर नेट पर शॉट मारकर गेम 20-22 से गंवा दिया. भारतीय खिलाड़ी ने इस तरह अंतिम चार अंक अपनी गलती से गंवाकर 29 मिनट में गेम एक्सेलसन की झोली में डाला.

दूसरे गेम में लक्ष्य ने शानदार शुरुआत करते हुए 7-0 की बढ़त बनाई. तीस साल के एक्सेलसन दूसरे गेम में थके हुए नजर आए जबकि लक्ष्य की तेजी बरकरार थी.

### लवलीना बोरगोहेन हारी

**पेरिस।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारने से भारत का मौजूदा पेरिस खेलों में मुक्केबाजी अभियान बिना पदक के समाप्त हो गया. इस वर्ग की मौजूदा विश्व चैम्पियन लवलीना (26 वर्ष) को कड़े मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता 34 साल की ली कियान से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा. इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई.



श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए

# 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए भारत ने ब्रिटेन को शूटआउट में हराया

- टोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर टीम इंडिया अंतिम चार में पहुंची थी

भाषा। पेरिस

अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पीआर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढ़त नहीं बनाने दी. ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली. निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया. शूटआउट में भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके. कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया. निर्धारित समय में भारत के लिए हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था. रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके. भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला. यह पेरिस ओलंपिक में उनका सातवां गोल था.

**बेल्जियम पदक की दौड़ से बाहर:** मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम पेरिस ओलंपिक की पुरूष हॉकी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन से 2-3 से हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गया. बेल्जियम की एकमात्र टीम है जिसने पूल बी में भारत को हराया था.

**हॉकी इंडिया ने चिंता जताई :** हॉकी इंडिया ने आधिकारिक तौर पर चल रहे पेरिस ओलंपिक (पुरुष टूर्नामेंट) में अंपायरिंग और निर्णय लेने की गुणवत्ता के बारे में चिंता जताई है. शिकायत भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच एक महत्वपूर्ण मैच पर केंद्रित है, जहां अंपायरिंग में कई विसंगतियों ने संभावित रूप से खेल के नतीजे को प्रभावित किया.



### मेरे आंसू रुके ही नहीं : पिल्लै



**नयी दिल्ली।** मेरे आंसू ही नहीं रुक रहे थे, बरसों बाद इतनी अच्छी हॉकी देखी और अब मुझे यकीन हो गया है कि यह टीम 44 साल बाद हमें ओलंपिक का स्वर्ण दिला सकती है, यह कहना है महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै का. भारतीय टीम ने दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराया तो टीवी के सामने नजरें गड़ाये बैठे धनराज जैसे दिग्गज भी खुशी से उछल पड़े. चार ओलंपिक और चार विश्व कप खेल चुके धनराज ने भाषा से बातचीत में कहा, मेरी आंखों से आंसू अपने आप टपक गए. सिडनी ओलंपिक 2000 के बाद ऐसा मैच पहली बार देखा. श्रीजेश गोलपोस्ट के सामने दीवार की तरह खड़ा था और जितने उसने बचाव किये हैं, वह चमत्कार से कम नहीं. मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे, मैच देखते समय.

## शेली एन फ्रेजर चोट के कारण दौड़ से हटीं

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस अज्ञात चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की इस स्पर्धा से हट गई हैं. जमैका की फ्रेजर प्राइस ने शनिवार को सेमीफाइनल से पहले हटने का फैसला किया. ओलंपिक अधिकारियों के अनुसार उनकी चोट अज्ञात है. टीम मैनेजर लुडलो वॉट्स ने जमैका ऑब्जर्वर से कहा, हमें केवल इतनी जानकारी मिली है कि वह चोटिल है। टीम का एक डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है. फ्रेज़र प्राइस ने बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था. यह उनका पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा.

## पारुल 3000 मीटर स्टीपलचेज हीट रेस में आठवें स्थान पर रहीं

भाषा। पेरिस

भारत का पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा, जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे. पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया. ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय



पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 15.31 सेकंड से काफी पीछे रही, जो उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में बनाया था.

## लिन यू-टिंग ने ओलंपिक पदक पक्का किया

**विलेपिंटे (फ्रांस)।** ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने रविवार को पेरिस खेलों में उनके नाम के नारे लगाने वाली भीड़ के सामने अपना पहला ओलंपिक पदक जीता. इससे एक दिन पहले अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ ने भी कई दिनों तक ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उनकी भागीदारी को लेकर कड़ी जांच के बाद पदक हासिल किया था. लिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की स्वेतलाना कामेनोवा स्टेनेवा को फैसले में हराया. सेमीफाइनल दौर में पहुंचकर उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि वह कम से कम कांस्य पदक जीतेंगी. लिन और खेलीफ लैंगिक पहचान और खेलों में नियमों को लेकर टकराव के केंद्र में रही हैं.

# विवादित स्कोरिंग से हारे निशांत, उठे सवाल

- ओलंपिक कांस्य विजेता भारत के विजेंदर सिंह ने भी रिजल्ट पर आश्चर्य जताया

भाषा। नयी दिल्ली

मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है. निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढ़त बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए. निशांत का मामला पहला नहीं है और ना ही आखिरी होगा. निशांत के



हारने के बाद कल पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर लिखा, मुझे नहीं पता कि स्कोरिंग प्रणाली क्या है लेकिन यह काफी करीबी मुकाबला था. उसने अच्छा खेला. कोई ना भाई .

**सियोल ओलंपिक, 1988 :** रोम ओलंपिक 1960 में कई अधिकारियों को एक बाउट में विवादित फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बाहर कर दिया. इसके बावजूद सियोल ओलंपिक में खुलेआम 'लूट' देखी गई जब अमेरिका के रॉय जोंस जूनियर ने कोरिया के पार्क सि हुन पर 71 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले में 86 घूंसे बरसाये और सिर्फ 36 घूंसे खाये. इसके बावजूद कोरियाई मुक्केबाज को विजेता घोषित किया गया. जोंस बाद में विश्व चैम्पियन भी बने लेकिन उस हार को भुला नहीं सके.

**1992 बार्सीलोना ओलंपिक में कम्प्यूटर स्कोरिंग :** अमैच्योर मुक्केबाजी की विश्व नियामक इकाई ने लगातार हो रही आलोचना के बाद 1992 बार्सीलोना ओलंपिक में स्कोरिंग प्रणाली में बदलाव किया.

**रियो ओलंपिक 2016 में कोनलान ने निकाला गुस्सा :** बेंटमवेट विश्व चैम्पियन कोनलान ने क्वार्टर फाइनल में पूरे समय दबदबा बनाये रखा लेकिन उन्हें विजेता घोषित नहीं किया गया. वह गुस्से में बरसते हुए रिंग से बाहर निकले. एआईबीए ने उन पर निलंबन भी लगा दिया था.

पहलवानों से आस | पेरिस ओलंपिक में कुश्ती प्रतियोगिता आज से, भारत के छह पहलवानों पर रहेगी नजर

# विनेश सहित भारतीय पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

भाषा। पेरिस

भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा. भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है. ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी, जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है. विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक







जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है. ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला. वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही. विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई. वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी. अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया. इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है. वह गैर वरीयता प्राप्त है जिसका मतलब है कि उनका सफर आसान नहीं होगा.

विनेश के इस वजन वर्ग में कई दिग्गज पहलवान शामिल हैं जिनमें चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी, चार बार की ओलंपिक पदक विजेता मारिया स्टैडनिक, टोक्यो खेलों की कांस्य विजेता सारा हिल्डेब्रांट और दो बार की विश्व पदक विजेता डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल प्रमुख हैं. अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा) और अमन सहरावत (पुरुषों का 57 किग्रा) भी पदक के दावेदारों में शामिल हैं. अंशु की फिटनेस को लेकर हालांकि संदेह बना हुआ है क्योंकि अभ्यास के दौरान उनकी गर्दन में ऐंठन आ गई थी. अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं. उन्हें पिछले साल एशियाई खेलों के बाद प्रतियोगिताओं में किसी तरह की कड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है. पीठ की चोट के कारण वह इस साल मार्च में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाई थीं. भारत पहली बार महिलाओं के 76 किग्रा हैवीवेट वर्ग में चुनौती पेश करेगा, जिसमें रीतिका दांव लगाएगी. उन्हें पदक का दावेदार नहीं माना जा रहा है लेकिन वह छुपा रुस्तम साबित हो सकती है और अपने प्रदर्शन से लोगों को चौंका सकती है. ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही भारत की एक अन्य पहलवान निशा दहिया के पास बहुत कम अनुभव है. वह महिलाओं के 68 किग्रा भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेगी.

# ओलंपिक पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी : दीपिका

भाषा। पेरिस

लगातार चार ओलंपिक में विफल रही कई बार की विश्व कप पदक विजेता तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी और उन्हें लगता है कि चार साल बाद लॉस एंजिलिस में वह ऐसा करने में कामयाब रहेंगी. दीपिका खेलों के सबसे बड़े मंच पर दबाव भरे हालात में विफल रही हैं. उन्होंने यहां इंडिया हाउस में पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी. मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नह छोड़ूंगी. मैं कड़ी मेहनत करूंगी और



मजबूती से वापसी करूंगी. दीपिका (30 साल) ने कहा, मैंने ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नहीं होता, आपके पास बड़ी गलतियों की गुंजाइश नहीं होती. आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है. वह पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं. दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद खेल में वापसी की. राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता.

# नालंदा में बाढ़ की स्थिति, सौ एकड़ फसल जलमग्न

संवाददाता। बिहारशरीफ

हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के लोकईन नदी में उफान आने से नालंदा में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है. बढ़ते जलस्तर से नदी किनारे तटबंध टूट गया है, जिससे तकरीबन 100 घर पानी से घिर गए हैं. हिलसा अनुमंडल क्षेत्र में 100 एकड़ खेतों में लगी धान की फसल नष्ट हो गई है. अनुमंडलीय एवं जिला जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं. हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि बीते दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण लोकईन नदी में उफान आ गया है.



बाढ़ के पानी में डूबा बिहारशरीफ का एक गांव.

नदी का तटबंध भी टूट गया है और कई घरों में पानी भर गया है. इससे ग्रामीण को परेशानी का सामना पर रहा है. इस संबंध में जल संसाधन विभाग के जेई सुधांशु कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर पहल की जा रही है. जल्द ही स्थिति नियंत्रण में कर ली जाएगी.

### नालंदा में पोखर में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के राहुई प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में शनिवार की देर शाम पोखर में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई . उसकी पहचान रघुनाथपुर गांव निवासी सुधांशु केवट के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में की गई है . सूचना पर रहई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की .

## ब्रीफ खबरें

### वाहन चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवादा।** पुलिस ने रविवार को अंतर्जिला वाहन चोर के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. साथ ही उनके पास से चोरी की नौ बाइक और एक ऑटो बरामद किया है. नवादा की सिरदला पुलिस ने विजयपुर, भट्टबीघा, चौली गांव और झगड़ी बिगहा गांव में छापेमारी कर इस गैंग का पर्दाफाश किया है. पुलिस के मुताबिक, सभी शातिर चोरी करने वाले वाहनों की पहले रेकी करते थे. इन वाहनों को दूसरे जिलों में ले जाकर अवैध कार्य में इस्तेमाल करते थे. गिरफ्तार आरोपितों में आशीष राजवंशी भी शामिल है.

### 205 ईंट निर्माताओं के खिलाफ वारंट

**पूर्वी चंपारण।** जिला प्रशासन ने वर्षो से सरकारी राशि दबाकर बैठे 205 ईट निर्माताओ के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया है. प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई के चिमनी संचालक ईट निर्माताओ में हड़कंप मचा हुआ है. जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी यशवंत एवं नीलाम पत्र के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजेश्वरी पांडे ने बताया कि डिफॉल्टर चिमनी संचालक यदि गिरफ्तारी से बचना चाहते हैं तो जिला खनन कार्यालय से संपर्क स्थापित कर और अविलंब बकाया राशि चालान के माध्यम से बैंक में जमा करें.

### नालंदा में करंट लगने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के अंगारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर गांव में बिजली के करंट लग जाने से किसान की मौत हो गई. मृतक की पहचान रसलपुर गांव निवासी विनोद प्रसाद के 37 साल के पुत्र मनीष रंजन बताया जाता है. घटना के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि खेत की सिंचाई के लिए रविवार की अहले सुबह गए थे, जहां बिजली के तार जोड़ने के क्रम में बिजली प्रवाहित करंट की संपर्क में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना अंगारी थाना पुलिस को दी गई. पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## अलकायदा के नाम से आया ईमेल

# सीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

संवाददाता। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना स्थित कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. सीएमओ के सरकारी ईमेल आईडी पर अलकायदा की ओर से यह धमकी भरा मेल भेजा गया है. एटीएस की टीम मामले की जांच कर रही है और संबंधित मेल आईडी के बारे में भी पता लगाया जा रहा है. दरअसल, बीते जुलाई माह की 16 तारीख को ही पटना स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय को उड़ाने की धमकी वाला मेल आया था जिसमें लिखा था-बिहार की स्पेशल पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है. इसे हल्के में लेने की कोशिश न करें. सचिवालय थाने में मामला दर्ज किए जाने के बाद जांच शुरू हुई तो अलकायदा ग्रुप के नाम से धमकी देने की बात सामने आई. धमकी भरा यह मेल achw700@gmail.com आईडी से भेजा गया था. पुलिस ने 02 अगस्त को अज्ञात के खिलाफ खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. बता दें कि इससे पहले पटना एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी.

## सफलता : 50 हजार रुपये का इनामी था पिंकू यादव

# शराब कांड का सरगना धराया




पुलिस की गिरफ्त में पिंकू यादव.

संवाददाता। नवादा

नवादा में 14 लोगों की जहरीली शराब से मौत के मामले में फरार 50 हजार रुपये के इनामी आरोपित पिंकू उर्फ चंदन यादव को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की इस सफलता पर लोगों ने नवादा के टाउन इंस्पेक्टर अविनाश कुमार को बधाई दी है. वर्ष 2021 में नवादा नगर थाने के गोंदपुर व बुधौली इलाके में आंख की रोशनी खत्म होने तथा दिमागी हालत खराब होने पर बड़ी संख्या में लोगों को नवादा सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया था. इस दौरान 14 लोगों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई थी. जांच के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया था कि जहरीली शराब पीने से इनकी मौत हुई है.

तत्कालीन डीएम यशपाल मीणा तथा तत्कालीन एसपी धूरत सायली सबलराम ने इस मामले की सघन जांच करायी, तो पता चला कि गोंदापुर का पिंकू यादव उर्फ चंदन यादव शराब बनाकर इलाके में आपूर्ति करने का काम करता है. उसकी शराब पीने से लोगों की मौत हुई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी तिवारी को निलंबित कर दिया गया था. तत्कालीन एसपी धूरत सायली तथा डीएम यशपाल मीणा के सख्त रवैया के कारण इस धंधे में शामिल अधिकांश अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था लेकिन पिंकू तब से फरार था, जिसे पुलिस ने नवादा जिले का रजौली थाना क्षेत्र के इलाके में गिरफ्तार कर लिया है.

## दो तस्कर 10 करोड़ के चरस के साथ गिरफ्तार



चरस के साथ गिरफ्तार अपराधी.

संवाददाता। पूर्वी चंपारण

जिले के दो तस्कर 10 करोड़ के चरस के साथ गिरफ्तार किये गये है. उक्त कार्रवाई यूपी-बिहार सीमा के बलथरी चेकपोस्ट पर गोपालगंज जिला के कुचायकोट थाना पुलिस ने की है. बताया गया कि गुप्त सूचना के बाद एनएच 27 पर पूर्वी चंपारण की ओर से आने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई, इस दौरान दिल्ली नंबर की एक स्विफ्ट डिजायर कार आती दिखाई दी. जब रोककर कार की तलाशी ली गई तो कार में बनाये गये तहखाने से 71. 140 किलो चरस बरामद किया गया,साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार तस्करों की पहचान पूर्वी चंपारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुदीश कुमार व पताही थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के मंदीप कुमार के रूप में हुई हैं.पूछताछ में तस्करो ने बताया कि चरस नेपाल से दिल्ली लेकर जा रहा था.

बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दस करोड़ आंकी गई है. इसकी तहकीकात के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी सूचना दी गई है. गोपालगंज एसपी स्वर्ण प्रभात के अनुसार ड्रग्स तस्करी के इस पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए टीम का गठन किया गया है.

# बच्ची को बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। पूर्वी चंपारण

जिले में जीआरपी व आरपीएफ के सहयोग से एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही चोरी कर बेचने ले जा रहे एक चार वर्षीय एक मासूम बच्ची को मुक्त कराया गया. मुक्त करायी गयी बच्ची जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के सिसवा पश्चिमी पंचायत की रहने वाली है. मिली जानकारी के अनुसार चार वर्षीय बच्ची अपने घर में सोई थी तभी शुक्रवार की देर रात लक्ष्मी प्रसाद उर्फ विक्की नामक मानव तस्कर ने उसे सोए हुए अवस्था में उठा लिया था. सुबह में परिजनो ने बच्ची को



गायब देख कि बंजरिया थाना को सूचित किया.इसके बाद बंजरिया थाना की पुलिस ने तलाश के क्रम में इसकी सूचना रेल थाना को भी दी. जिसके बाद यह पता चला कि रक्सौल से हावड़ा जाने वाली ट्रेन में एक व्यक्ति बच्ची को लेकर जा रहा है,बच्ची चिल्लाते हुए कह रही है,कि युवक उसका कोई नहीं है और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जा रहा है.

### दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए: मुकेश सहनी

**पटना ।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने अयोध्या में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी. सहनी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध के लिए दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए. उन्होंने अपने सोशल साइड फेसबुक और एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अयोध्या में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना वास्तव में अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. इस प्रकार के अपराधों के लिए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह की घटनाओं के बारे में सोच भी न सके.

## बिहार में बदलाव के लिए काम कर रहे हैं : प्रशांत किशोर

संवाददाता। पटना

बापू सभागार में रविवार को चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने जन सुराज युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया. इस संवाद कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने अपनी आगे की रणनीति पर लोगों से संवाद किया. पीके ने कहा कि 2 अक्टूबर को प्रशांत किशोर कोई पार्टी नहीं बना रहे हैं, बल्कि बिहार के एक करोड़ लोग अपने बच्चों के भविष्य और लालू, नीतीश और भाजपा के 30 साल के शासन से मुक्ति के लिए एक पार्टी बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि जन सुराज जब राजनीतिक दल के रूप में परिवर्तित हो जाएगा तब भी प्रशांत किशोर की भूमिका पहले जैसी ही है. यानी जैसे पहले मैं दल और नेताओं को सुझाव देता था. अब बिहार की जनता को सुझाव दे रहा हूं. उन्होंने कहा कि यह पहली बार होगा जब बिहार के एक करोड़ लोग एक साथ आकर एक पार्टी बनाएंगे.

पीके ने कहा कि हम बिहार में नए बदलाव के लिए काम कर रहे हैं. 2 अक्टूबर को नई पार्टी के गठन के पहले हमारे संगठन की बैठके होंगी. उसके बाद 1 करोड़ लोगों के साथ नए दल का गठन किया जाएगा.

## कारोबार

### जेएसडब्ल्यू ने पट्टा वापस करने का नोटिस सौंपा

**नयी दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने आर्थिक रूप से अव्यावहारिक परिचालन का हवाला देते हुए ओडिशा में एक लौह अयस्क ब्लॉक के खनन पट्टे को वापस करने का नोटिस सौंपा है. जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि क्योंझर में जाजंग लौह अयस्क ब्लॉक सहित चार लौह अयस्क खनन पट्टों को उसने 2020 में नीलामी के जरिये हासिल किया था. कंपनी ने कहा, जेएसडब्ल्यू स्टील ने बिना मुनाफे के परिचालन के कारण, जाजंग लौह अयस्क ब्लॉक के खनन पट्टे को तीन अगस्त को वापस करने का नोटिस सौंपा है.

### सीमेंट की मांग सात-आठ प्रतिशत बढ़ेगी

**नयी दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष में सीमेंट की मांग सात से आठ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है. अल्ट्राटेक सीमेंट ने हाल ही में जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि इस वृद्धि को देशभर में निर्माण गतिविधियों में बढ़ोतरी से मदद मिलेगी. आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए सीमेंट उद्योग में अगले वित्त वर्ष में 3.5 से चार करोड़ टन क्षमता बढ़ने का अनुमान है. मांग में इस वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में उद्योग का क्षमता इस्तेमाल 72 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा.

### एएआई ने 796 करोड़ रुपये खर्च किए

**नयी दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 101 हवाई अड्डों के रखरखाव और मरम्मत पर कुल 796 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. यह राशि इससे पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है. आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. वित्त वर्ष 2021-22 से एएआई का हवाई अड्डों पर इन गतिविधियों को लेकर खर्च लगातार बढ़ रहा है. मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में यह राशि बढ़कर 795.72 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 में 663.42 करोड़ रुपये थी. 2021-22 में मरम्मत और रखरखाव कार्यों पर खर्च 535.02 करोड़ रुपये था.

## मार्केट कैप : सेंसेक्स की शीर्ष 10 की ताजा स्थिति

# आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.29 लाख करोड़ घटा

भाषा। नयी दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 1,28,913.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई. शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस सबसे अधिक नुकसान में रहीं. समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 37,971.83 करोड़ रुपये घटकर 15,49,626.88 करोड़ रुपये पर आ गया. सबसे अधिक नुकसान टीसीएस को ही हुआ. इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 23,811.88 करोड़ रुपये घटकर 7,56,250.47 करोड़ रुपये पर आ गया. आईटीसी की बाजार हैसियत 16,619.51 करोड़ रुपये घटकर 6,11,423.11 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की 13,431.54 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 7,56,717.85 करोड़ रुपये रह गई. रिलायंस



इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मूल्यांकन 13,125.49 करोड़ रुपये घटकर 20,28,695.57 करोड़ रुपये पर आ गया. भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 11,821.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,50,389.88 करोड़ रुपये रहा. आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 7,843.75 करोड़ रुपये घटकर 8,42,176.78 करोड़ रुपये रह गई. हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 4,288 करोड़ रुपये घटकर 6,32,862.41 करोड़ रुपये पर आ गया. इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,759.37 करोड़ रुपये बढ़कर 12,63,601.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 1,075.25 करोड़ रुपये बढ़कर 7,47,677.98 करोड़ रुपये रहा. बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 350.77 अंक या 0.43 प्रतिशत नीचे आया. शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही. उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा.

### आईआईएचएल ने आदेश नहीं माना : रिलायंस

**नयी दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के प्रशासक ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में एक हलफनामा दायर किया है. आरकैप ने इसमें आईआईएचएल पर गैर-अनुपालन का आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदुजा समूह की कंपनी न्यायाधिकरण के 23 जुलाई के आदेश में निर्धारित शर्तों को पूरा करने में विफल रही है. प्रशासक ने अपने हलफनामे में एनसीएलटी को सूचित किया कि भारत और विदेश में ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के निर्दिष्ट एस्क्रो (किसी तीसरे पक्ष के) खातों में 2,750 करोड़ रुपये जमा करने के बजाय इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने अपने स्वयं के खातों के साथ-साथ प्रवर्तकों के खातों में भी धन जमा कर दिया है.

## कुछ महीनों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा

# ग्रेट निकोबार ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह की डीपीआर को मिला अंतिम रूप

भाषा। नयी दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में ग्रेट निकोबार द्वीप पर 41,000 करोड़ रुपये की लागत वाली अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को सरकार अंतिम रूप दे रही है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अगले कुछ महीनों में परियोजना का कार्यान्वयन शुरू होगा. ग्रेट निकोबार ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह परियोजना पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण जांच के दायरे में है. बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग सचिव टी के रामचंद्रन ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में



कहा, इस परियोजना को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से पर्यावरण संबंधी मंजूरी और स्वीकृति मिल गई है और अब इसके कार्यान्वयन में कोई बाधा नहीं है. परियोजना के डीपीआर को भी अंतिम रूप दे दिया गया है और हम अगले कुछ महीनों में आगे इसका कार्यान्वयन शुरू करेंगे. पिछले साल बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि इस परियोजना के 41,000 करोड़ रुपये के निवेश से पूरा होने की उम्मीद है, जिसमें सरकारी निवेश और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) दोनों शामिल हैं. मंत्रालय ने कहा, ग्रेट निकोबार द्वीप पर अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह परियोजना के लिए 11 कंपनियों ने रुचि पत्र प्रस्तुत किए हैं. इन कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड शामिल हैं.

## विदेश पर्यटन पर खर्च 11% बढ़कर 55 अरब डॉलर होने का अनुमान

भाषा। नयी दिल्ली

भारत से विदेश जाने वाले पर्यटन पर खर्च 2024 के 18.82 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 में 55.39 अरब डॉलर होने का अनुमान है. नांगिया एनएक्सटी और फिक्की की संयुक्त रिपोर्ट नेविगेटिंग होराइजन्स में कहा गया कि पैकेज्ड टूर अब भी भारत के विदेशी पर्यटन पर हावी हैं. इसके मुताबिक, 2024 में इसकी हिस्सेदारी 39.20 प्रतिशत होगी. पर्यटक अधिक सुविधा और अनुकूलन के कारण पूर्व नियोजित टूर पैकेज को प्राथमिकता देते हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय या शाकाहारी भोजन के विकल्पों की उपलब्धता के साथ ही विशिष्ट पर्यटन के बारे में जागरूकता के चलते आने वाले वर्षों में भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी. इसके अलावा खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी, बढ़ते मध्यम वर्ग, वीजा पाने में आसानी और अंतरराष्ट्रीय अनुभवों की इच्छा के चलते बाजार में मजबूत वृद्धि देखी गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि मिस्र, अजरबैजान और जॉर्जिया जैसे देश अधिक से अधिक भारतीयों को विदेश जाने के लिए आकर्षित कर रहे हैं। ऐसे गंतव्य अक्सर अधिक किफायती होते हैं.

## शेयर समीक्षा रिजर्व बैंक के ब्याज दर के निर्णय पर टिकी है नजर

# वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक बाजारों के रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी. विश्लेषकों ने यह राय जताई है. विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे. सेवा क्षेत्र के एचएसबीसी पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों की घोषणा सोमवार को होगी. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह सभी की निगाह वैश्विक बाजारों पर रहेगी.




लंबे समय की स्थिरता के बाद अब बाजार में कमजोरी का कुछ संकेत दिखने लगा है. इससे भारतीय बाजार की मजबूती की परख होगी, जो तरलता की बेहतर स्थिति की वजह से अभी तक जुझारू बना हुआ है. मीणा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर आठ अगस्त को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण रहेगी. उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों के आखिरी दौर से बाजार में कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं. इसके अलावा संस्थागत प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा. सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, बीईएमएल, ओएनजीसी, एनएचपीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम और एमआरएफ जैसी बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगे चलकर ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है. इस सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक से ब्याज दरों के परिदृश्य पर कुछ संकेत मिलेगा. फिलहाल केंद्रीय बैंक ब्याज दरों पर यथास्थिति बरकरार रख सकता है. पिछले सप्ताह बिकवाली दबाव के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को 885.60 अंक या 1.08 प्रतिशत गिरकर 80,981.95 अंक पर बंद हुआ था. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 293.20 अंक या 1.17 प्रतिशत फिसलकर 24,717.70 अंक रहा था. विश्लेषकों ने कहा कि बाजार भागीदारों की निगाह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख पर भी रहेगी.

### श्रीलंका के साथ एफटीए में शुल्क रियायत मांगी

**नयी दिल्ली।** भारत एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत श्रीलंका से कारों, वाणिज्यिक वाहनों और मशीनरी सहित कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क रियायत की मांग कर रहा है. एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच एफटीए पर बातचीत जारी है. भारत और श्रीलंका के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच 14वें दौर की वार्ता हाल ही में कोलंबो में संपन्न हुई. अधिकारी ने कहा कि भारत ने यहां से पेशेवरों के प्रवेश को और सुविधाजनक बनाने के लिए आसान वीजा मानदंडों की भी मांग की है. दोनों देशों के बीच वार्ता के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें उत्पत्ति के नियम, माल, सेवाएं और व्यापार के लिए तकनीकी बाधाएं शामिल थीं.

## विशेषज्ञों की राय : रेपो दर 6.5% पर रखेगा आरबीआई

# आनेवाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है

भाषा। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है. विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है. अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है. विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा. मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5 प्रतिशत (रेपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है. रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है. दास आठ अगस्त (गुरुवार) को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे. बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमें उम्मीद है कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा.

## ब्रीफ खबरें

### जंगली भालू के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** छत्तीसगढ़ के जिले में रविवार को जंगली भालू के हमले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना बदरौदी गांव के पास सुबह उस दौरान हुई जब पीड़ित छब्बल, घासीराम (45) और संतलाल (42) वन में लकड़ियां एकत्र करने गए थे. तीनों ने उसका मुकाबला करने की कोशिश की, लेकिन भालू ने छब्बललाल पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई जबकि घासीराम और संतलाल गंभीर रूप से घायल हो गए.'

### यूक्रेन ने रूस के क्षेत्रों में किया ड्रोन से हमला

**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना ने रात भर रूस के कई क्षेत्रों पर ड्रोन से हमला किया. रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने अनेक क्षेत्रों में 75 ड्रोन को 'बीच में भी नष्ट' कर दिया. ये ड्रोन बेलगोरोड, क्रास्नोडार, कुर्स्क, ओर्योल, रोस्तोव, वोरोनिश और रियाजान सहित कई क्षेत्रों में दागे गए जो यूक्रेन की सीमा से लगते इलाके हैं. बयान में कहा गया कि इनमें से एक ड्रोन को आजोव सागर पर मार गिराया गया. मंत्रालय के अनुसार, रूस के रोस्तोव क्षेत्र में 36 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया.

### अखिलेश का अदालत से संज्ञान लेने का आग्रह

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अदालत से अनुरोध किया कि वह अयोध्या में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुषकर्मा मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए इसका स्वतः संज्ञान ले और अपनी निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित कराए. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि 'कांग्रेस के मोहरा' अखिलेश यादव इस मामले में न्यायालय की बात कर गुमराह न करें.

### वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छों के आवासीय इलाकों में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पिछले महीने आवासीय इलाकों में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया. अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किलोमीटर हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है. इसमें 300 मगरमच्छ रहते हैं जिसके कारण किनारे के इलाकों में अक्सर ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं.

### बांध से पानी छोड़े जाने पर सेना से मदद मांगी

**पुणे।** खडकवासला बांध से रविवार को अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद महाराष्ट्र के पुणे में जलमग्न आवासीय क्षेत्र में सेना के जवानों को तैनात किया गया. एक अधिकारी ने बताया कि राहतकार्य के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने एकता नगर इलाके में स्थित सोसाइटी से कुछ सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है. सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े में भारी बारिश के बाद रविवार को पुणे जिले के खडकवासला बांध से 35,000 क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) पानी छोड़ा गया.

---

मर्सीसाइड में तीन छोटी बच्चियों की हत्या के बाद कई शहरों में भड़की धुर दक्षिणपंथियों की हिंसा में कई पुलिसकर्मी घायल

# ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी और समर्थकों के बीच टकराव, 90 गिरफ्तार

**जवाब में फ़ासीवादी विरोधी प्रदर्शनकारी भी सड़क पर उतरे एकता व सहिष्णुता की अपील की**



**13** साल में यह सबसे बड़ा दंगा, विपक्ष के निशाने पर आए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर

**लगातार न्यूज नेटवर्क।रांची**

मर्सीसाइड में मशहूर सिंगर टेलर स्विफ़्ट की थीम वाली डांस पार्टी में तीन छोटी बच्चियों की हत्या के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में प्रवासी विरोधी धुर दक्षिणपंथी प्रदर्शकारियों की हिंसा के दौरान 90 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है. शनिवार को हिंसक प्रदर्शन के दौरान लीवरपूल, हल, ब्रिस्टल, मैनचेस्टर, ब्लैकपूल और बेलफास्ट में बोतलें फेंकी गईं. दुकानें लूटी गईं और पुलिस अफ़सरों पर हमले हुए. यह 13 साल में सबसे बड़ा दंगा बताया जा रहा है, जिसको लेकर प्रधानमंत्री विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं. शैडो गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने प्रधानमंत्री स्टार्मर और गृह मंत्री से कहा है कि वो 'क़ानून व्यवस्था दोबारा स्थापित करने के लिए और प्रयास करें और बदमाशों को साफ़ संदेश दें.' वहीं प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने कहा है कि नफ़रत पैदा करने वाले ''अतिवादियों'' के ख़िलाफ़ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सरकार का पूरा समर्थन है. हिंसक प्रदर्शन के दौरान लीवरपूल में पुलिस पर ईंटें, बोतलें और फ्लेयर फेंके गए. एक पुलिस अफ़सर पर कुर्सी से हमला किया गया जिसमें उसके सिर पर चोट आई है. एक और पुलिस अफ़सर को लात मारकर मोटसाइकिल से गिरा दिया. हिंसक प्रदर्शन के जवाब में लीवरपूल के लाइम स्ट्रीट स्टेशन में लंच टाइम के दौरान कुछ सौ फ़ासीवादी विरोधी प्रदर्शनकारी जमा हुए और एकता और सहिष्णुता की अपील करने लगे. वो नारे लगा रहा थे- 'शरणार्थियों का यहां स्वागत है.' 'नाज़ी गंदगियों हमारी सड़कों से चले जाओ.' वो शहर की नदी के किनारे जमा आप्रवास विरोधी प्रदर्शनकारियों से मुक़ाबला करने के लिए बढ़ गए. वहां जमा एक हज़ार लोग इस्लाम के विरोध में अपशब्द कह रहे थे.

**पुलिस को दोनों पक्षों की भिड़ंत को रोकने के लिए खासी मशक्क़त करनी पड़ी**

पुलिस को दोनों पक्षों के लोगों को काबू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाना पड़ा. प्रदर्शन और अशांति का ये सिलसिला रविवार को सुबह में भी कुछ देर तक जारी रहा. इस दौरान पुलिस की ओर पटाखे फेंके गए. रॉदरहैम में हॉलिडे इन एक्सप्रेस के बाहर एक प्रदर्शनकारी ने पुलिस अधिकारियों पर आग बुझाने वाले यंत्र का इस्तेमाल किया. पुलिस दंगों के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले साज़ो-सामान के साथ मौजूद थी. मर्सीसाइड पुलिस ने इस बात की पुष्टि की कि 'गंभीर अव्यवस्था' के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. इनमें से दो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. शनिवार को सरकार के मंत्रियों की एक बैठक में प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर के एक प्रवक्ता ने कहा कि पीएम ने कहा है, ''अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और हमने जो हिंसक अव्यवस्था देखी है, उनमें काफी अंतर है.'' उन्होंने कहा, ''किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है. सरकार सड़कों को सुरक्षित करने के लिए सभी ज़रूरी कार्रवाइयां का समर्थन करती है.'' गृह मंत्री यिवेत कूपर ने कहा, "ब्रिटेन की सड़कों पर आपराधिक हिंसा और अव्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है." उन्होंने कहा कि इस तरह की बदमाशियों के ख़िलाफ़ पुलिस को कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है.

---

वेस्ट बैंक और गाजा में इजराइल के हमलों में नौ चरमपंथियों सहित 27 की मौत

# मध्य पूर्व में चरम पर पहुंचा तनाव

**एजेंसी। तेल अवीव/जेइटा (वेस्ट बैंक)**

इजराइल की ओर से शनिवार और रविवार तड़के वेस्ट बैंक और गाजा में किये गये हमलों में नौ चरमपंथियों सहित 27 लोगों की मौत हो गई. वहीं, इजराइल के तेल अवीव के उपनगर में एक फलस्तीनी ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. इजराइल और हमास के बीच लगभग 10 महीने से जारी युद्ध तथा बुधवार को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्लाह कमांडर फौद शुकूर की हत्या के बाद से क्षेत्र में जारी तनाव के युद्ध में बदलने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि ईरान और उसके सहयोगियों ने इस हमले का करारा जवाब देने की धमकी दी है. पुलिस ने बताया कि तेल अवीव के उपनगर में एक फलस्तीनी आतंकवादी ने यह हमला किया था. फलस्तीनी आतंकी द्वारा चाकू से किए गए हमले में 70 वर्षीय एक महिला और 80 वर्षीय एक पुरुष की मौत हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं. वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल द्वारा रविवार को गाजा के अल-अक्सा शहीद अस्पताल परिसर के अंदर विस्थापित लोगों के लिए बने शिविर में किए गए हमले में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई. दीर अल-बलाह के पास एक घर पर हमले में एक बच्ची और उसके माता-पिता की मौत हो गई. उत्तरी गाजा में हुए एक अन्य हमले में एक घर पूरी तरह नष्ट हो गया जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई. मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं. गाजा शहर में एक वाहन पर हुए हमले में तीन अन्य लोगों की जान चली गई.

**इजरायल ने हिजबुल्लाह के बड़े हमलों को किया नाकाम**



मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है. लेबनान की ओर से इजरायल पर 30 से ज्यादा रॉकेट दागे गए, जिनमें से अधिकांश को इजरायली सेना की आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली के जरिए रोका गया. इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि एक प्रोजेक्टाइल बीट हिलेल क्षेत्र में गिरा. वहीं बाकी खुले इलाकों में गिरे हैं. इजरायली सेना ने तुरंत इस हमले का जवाब दिया और उसने हिजबुल्लाह के उस लॉन्चर पर हमला किया, जहां से यह रॉकेट दागे गए थे. इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. हालांकि बीट हिलेल के मोशाव में आग लग गई. एपी

### इजराइली हमले में वेस्ट बैंक में नौ चरमपंथी ढेर

वहीं इजराइल के दो हवाई हमलों में वेस्ट बैंक में शनिवार को नौ फलस्तीनी चरमपंथी मारे गए. इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी. इजराइली सेना ने कहा कि शनिवार सुबह उसके सैनिकों ने उत्तरी वेस्ट बैंक में तुलकरम शहर के बाहर एक ग्रामीण इलाके में एक वाहन पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए. हमास ने सभी पांचों की पहचान समूह के सदस्यों के रूप में की है, जिनमें एक स्थानीय कमांडर भी शामिल है. 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक पत्रकार और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हमला फलस्तीन के जेइटा और कफिन गांव को जोड़ने वाली सड़क पर किया गया. स्थानीय निवासी तैसर अब्दुल्ला ने कहा, 'हम घटनास्थल पर पहुंचे. वहां एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया. उसका आधा चेहरा गायब था.' फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'वफ़ा' ने कहा कि चार शव बुरी तरह से जले हुए हैं और उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है. इजराइली सेना ने इससे पहले शनिवार को कहा कि उसने तुलकरम क्षेत्र में इजराइली सैनिकों पर गोलीबारी की घटना के कुछ ही समय बाद चार अन्य फलस्तीनी चरमपंथियों को मार गिराया.

### अदन की खाड़ी से गुजरते जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक मालवाहक जहाज पर शनिवार देर रात मिसाइल हमला कर दिया. अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह इजराइल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनिया को निशाना बनाए जाने के बाद समूह का संभवतः पहला हमला है. हनिया को हूती विद्रोहियों का मुख्य वित्त पोषक माना जाता था. हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. हूती विद्रोहियों ने लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले जहाजों पर अपने हमलों में दो हफ्ते के विराम का कोई कारण नहीं बताया है. पिछले साल नवंबर में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के हमले में इसी तरह का विराम देखने को मिला था. अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमला तेहरान में इजराइल के संदिग्ध हवाई हमले में हमास नेता हनिया की मौत के बाद हुआ है. अधिकारियों ने बताया कि हमला अदन से लगभग 225 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में अदन की खाड़ी के उस हिस्से में हुआ, जहां हूती विद्रोही पहले भी कई जहाजों को निशाना बना चुके हैं. ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ)' के बयान के मुताबिक, जहाज पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जहाज को एक मिसाइल से निशाना गया, लेकिन इससे "आग लगने, पानी भरने या तेल का रिसाव होने की कोई सूचना नहीं है." यूकेएमटीओ पश्चिम एशिया में हमलों की जानकारी उपलब्ध कराता है. उसने मिसाइल हमले के शिकार जहाज का कोई विवरण साझा नहीं किया.

---

# मध्य प्रदेश में भारी बारिश में गिरी दीवार, 9 बच्चों की मौत

- चल रहा था धार्मिक कार्यक्रम तभी हुआ हादसा, दो अन्य लोग घायल
- सीएम मोहन यादव ने की 4-4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के सागर जिले के एक गांव में रविवार सुबह एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से पास में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि सागर में आफत की बरसात हो रही है. बीते 24 घंटों के दौरान 7 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई. कलेक्टर दीपक आर्य ने दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत का कारण भी बारिश बताया गया है. बच्चों की मौत मामले में अधिकारियों पर गाज गिर सकती है.

सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अब तक मिली सूचना के अनुसार, शाहपुर गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. रावत ने कहा कि जिला अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्ति किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. भाजपा के स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संवाददाताओं को बताया कि जर्जर मकान के पास एक टेंट में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था. उन्होंने बताया कि मकान की दीवार टेंट के ऊपर गिर गई, जिससे मिट्टी के शिवलिंग के निर्माण के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल कई बच्चे मलबे के नीचे दब गए.

भार्गव ने कहा कि घटना में जान गंवाले कई बच्चे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे. जिलाधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि बच्चे मंदिर के पास लगाए गए टेंट में बैठे हुए थे, तभी बारिश के कारण जर्जर मकान की दीवार ढह गई. उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. आर्य के अनुसार, हादसे में घायल दो बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं.

### छत्तीसगढ़ : मकान ढहने से दंपति की मौत, बेटा घायल

**एजेंसी। गौरेला**

छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में लगातार जारी भारी बारिश के कारण कच्चे मकान का एक हिस्सा ढह जाने से उसमें सो रहे दंपति की रविवार तड़के मौत हो गई, जबकि उनका बेटा घायल हो गया. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार जारी बारिश के कारण पेंड्रा थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में एक कच्चे मकान का एक हिस्सा उस समय ढह गया, जब परिवार सो रहा था. अधिकारी के मुताबिक, घटना में दिनेश वाकरे और उसकी पत्नी शारदा की मौत हो गई, जबकि दोनों के आठ वर्षीय बेटे को चोटें आईं. अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और दोनों शव को मलबे से बाहर निकाला. उन्होंने कहा कि घायल लड़के को गौरेला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच की जा रही है.

---

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना, 25 लोग हुए घायल

# कार से टकराकर पलटी बस, सात की मौत

**एजेंसी। इटावा**



- नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस के शनिवार देर रात गलत दिशा से आ रही कार से टकराने के बाद खंदक में पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए. पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि तीन/चार अगस्त की दरमियानी रात को करीब पौने एक बजे नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी, तभी वह रास्ते में इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 129 के पास सामने से आ रही कार से टकरा गई. बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन के बाद कन्नौज के तालग्राम में अपने घर लौट रहा था. वर्मा के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि कार चालक को नींद आ गई और गलत लेन में दाखिल होने के कारण उसकी गाड़ी सामने से आ रही बस से टकरा गई. उन्होंने बताया कि टक्कर से अनियंत्रित हुई बस सड़क के किनारे खंदक (गहरा गड्ढा) में जा गिरी. वर्मा के मुताबिक, इस हादसे में कार सवार मोनू (25), उसकी मां चंदा देवी (52) और प्रद्युम्न (24) तथा बस सवार ओमप्रकाश (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. उन्होंने बताया कि पुलिस तीन अज्ञात शवों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है.

---

**वायनाड त्रासदी**

# मदद के लिए बढ़ने लगे हाथ

- विपक्ष सहायता के लिए आगे आया यूडीएफ विधायक मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे एक महीने का वेतन
- अल्लू अर्जुन ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपये दिये
- चिरंजीवी ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की

**एजेंसी। कोच्चि/मुंबई/हैराबाद**



भूस्खलन से तबाह हुए वायनाड में पुनर्निर्माण कार्यों के लिए केरल सरकार को अपना पूरा सहयोग देते हुए कांग्रेस नीत विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने रविवार को घोषणा की कि उसके सभी विधायक मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) में एक माह का वेतन देंगे. विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने रविवार को कहा कि यूडीएफ सभी पुनर्वास प्रयासों में भाग लेगा और जिंदा बचे लोगों के जीवन को पटरी पर लाने की दिशा में काम करेगा. कांग्रेस की 100 मकान बनाने की पेशकश के अलावा यूडीएफ में उसकी बड़ी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी पुनर्वास पैकेज की घोषणा की है.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से 100 मकान बनाये जाने की घोषणा की थी. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने भी घोषणा की थी कि विधानसभा और संसद के उसके सदस्य एक महीने की तनख्वाह सीएमडीआरएफ में देंगे. वहीं तेलुगू फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन ने केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले से सुरक्षित बचाये गए लोगों के पुनर्वास प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) में 25 लाख रुपये दिए हैं. मेगास्टार चिरंजीवी और उनके अभिनेता पुत्र रामचरण ('आरआरआर' फेम) ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन के पीड़ितों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये का योगदान देने की रविवार को घोषणा की. तमिल अभिनेता कमल हासन, सूर्या, ज्योतिका, कार्थी, विक्रम, नयनतारा और विग्नेश शिवन और अन्य मलयालम सितारों ममूटी, दुलकर सलमान, फहद फासिल, नाजरिया और टोविनो थॉमस ने भी मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) में दान दिया है. हासन ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 25 लाख रुपये, ज्योतिका, सूर्या और कार्थी ने मिलकर 50 लाख रुपये दान किए हैं. ममूटी ने 20 लाख रुपये, दुलकर ने 15 लाख रुपये और टोविनो ने 25 लाख रुपये का योगदान दिया है. वहीं, फहद और नाजरिया ने 25 लाख रुपये का योगदान दिया.

### वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की वैधता की जांच करेगा केंद्र

**वायनाड।** केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की विभिन्न हलकों से उठ रही मांग की वैधता की जांच करेगी. इस घटना में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. केंद्रीय पर्यटन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री गोपी ने कहा कि केंद्र सरकार भूस्खलन का मूल्यांकन करने के बाद 'इसके कानूनी पहलुओं की जांच' करेगी. वायनाड जिले के मुंडक्कई और चूरलमाला में भूस्खलन से सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं और बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं. उन्होंने कहा, 'प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए.' केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए वायनाड पहुंचे थे और उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ये बात कही.

---

**गृह मंत्री ने कहा** विपक्ष को जो कहना है कहे, देश की जनता को नरेंद्र मोदी पर भरोसा

# राजग 2029 में फिर सरकार बनाएगा : अमित शाह

**एजेंसी। चंडीगढ़**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए सरकार के संख्याबल को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा, बल्कि 2029 में भी सरकार बनाएगा. शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है, लेकिन आप चिंता मत कीजिए. वर्ष 2029 में भी एनडीए ही सत्ता में आएगा, नरेंद्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे. उन्होंने कहा, विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं. उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं. शाह ने कहा, वे यह नहीं जानते. एनडीए के एकमात्र घटक दल भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं. उन्होंने कहा, अनिश्चतिता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी. भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा. विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में प्रभावी ढंग से काम करना सीखें. शाह ने पिछले 10 साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, पीएम मोदी ने सर्जिकल स्टाइक(पाकिस्तान) और एयर स्टाइक किया. कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया गया. देश की जनता ने मोदी जी के काम पर भरोसा किया है. आगे भी भरोसा करेंगे.

**24×7 जलापूर्ति परियोजना महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

शाह ने 24×7 जल आपूर्ति परियोजना को लेकर कहा, यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है. पानी बहुत महत्वपूर्ण है, इसके बिना हमारा अस्तित्व नहीं रह सकता. जब यह स्पष्ट नहीं होता तो हमें बहुत सारी बीमारियां हो जाती हैं. इस पूरे क्षेत्र में लोगों के लिए इसके जरिए फिल्टर से साफ किये गये पानी की 24X7 आपूर्ति की जायेगी. यह समय की कसौटी पर खरा उतरेगा. इसका फायदा 1 लाख से ज्यादा लोगों को होगा.

**कांग्रेस नेता को पुलिस ने किया घर में नजरबंद**

गृहमंत्री अमित शाह के चंडीगढ़ दौरे को लेकर पुलिस ने युवा कांग्रेस के नेता आशीष गजनवी को हिरासत में लिय. गजनवी के अनुसार सुबह 6.30 बजे पुलिस उनके घर आयी और साथ चलने का आदेश दिया, लेकिन वह नहीं गये. इस पर पुलिस उनके घर पर जम गय उन्हें घर से बाहर नहीं जाने दिया. बता दें कि गजनवी और उनकी टीम समय-समय पर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं. पुलिस ने इसी अंदेशे से गजनबी को उनके घर में नजरबंद कर दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)